राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 57, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली बुधवार 13 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

पिछले कुछ सालों से केजरीवाल और उनकी सरकार प्रदूषण से नहीं बल्कि दिवाली से लड़ रही है .... पेज 03

सभी पात्र शिल्पकारों, कारीगरों को पीएम विश्वकर्मा योजना से जोड़ेगी योगी सरकार .... पेज 05

इंडिया को मिडिल-ईस्ट से जोड़ने वाले कॉरिडोर पर तुर्किये नाराज, राष्ट्रपति एर्दोगन बोले- हमारे .... पेज 07

मुलाकात



एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने हिमाचल प्रदेश के मनाली में बारिश के कारण आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की।

### मद्रास उच्च न्यायालय में पांच स्थायी न्यायाधीश नियुक्त

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मद्रास उच्च न्यायालय के पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों को पदोन्नत कर स्थायी न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि एवं मंत्रालय के न्याय विभाग ने मंगलवार को एक अधिसूचना जारी कर न्यायाधीशों की नियुक्ति की घोषणा की। अधिसूचना के अनुसार, न्यायमूर्ति ए. ए. नक्कीरन, न्यायमूर्ति निदुमोलू माला, न्यायमूर्ति एस. सौंथर, न्यायमूर्ति सुंदर मोहन और न्यायमूर्ति कबाली कुमारेश बाबू को मद्रास उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के पद से पदोन्नत कर इसी अदालत का स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

# मणिपुर के कांगगुई में फायरिंग, तीन की मौत

## भाजपा के 23 विधायक अलग प्रशासन के विरोध में

**कुकी विधायक राज्य में अलग प्रशासन की मांग कर रहे हैं**



**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी में मंगलवार (12 सितंबर) को फायरिंग में 3 लोगों की मौत हो गई।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अज्ञात हमलावरों ने कांगगुई इलाके में इरेंग और करम वैफेई गांव के बीच सुबह करीब 8.20 बजे ग्रामीणों पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें 3 की मौत हो गई।

इससे पहले 8 सितंबर को टेंग्नौपाल के पल्लेल में भड़की हिंसा में भी तीन लोग मारे गए थे और 50 से अधिक घायल हुए थे। मणिपुर में 3 मई से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच आरक्षण को लेकर चल रहे विवाद में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

इधर, प्रदेश भाजपा के 23 विधायकों ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पास किया, जिसमें उन्होंने 10 कुकी MLA's के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कुकी विधायक राज्य में अलग प्रशासन की मांग कर रहे हैं। भाजपा विधायकों ने इस मांग के विरोध में अपने प्रस्ताव को लेकर सीएम एन बीरेन सिंह से भी मुलाकात की।

### एनआरसी लागू करने की मांग

हाल ही में बने सिविल सोसाइटी संगठन यूथ ऑफ मणिपुर के मेंबर्स सोमवार रात भाजपा विधायकों के साथ थे। वे भी मुख्यमंत्री से मिले। YOM के सदस्यों ने अलग प्रशासन की मांग करने वाले 10 कुकी विधायकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने इस मामले पर चर्चा के लिए विधानसभा का एक विशेष सत्र बुलाने और राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर लागू करने की भी मांग की।

### भाजपा विधायकों के प्रस्ताव पर सीएम का साइन नहीं

23 भाजपा विधायकों ने एक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। इस प्रस्ताव में उन्होंने संकल्प लिया कि वे मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करेंगे और जल्द ही दिल्ली जाकर केन्द्र सरकार से मणिपुर संकट का हल निकालने पर बात करेंगे। हालांकि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं किए है।

# मोनू मानेसर हरियाणा में गिरफ्तार, राजस्थान पुलिस को सौंपा

## नासिर-जुनैद को जिंदा जलाने के केस में ट्रांजिट रिमांड पर लिया; नूंह हिंसा में पकड़ा था

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस ने मोनू मानेसर को गिरफ्तार कर लिया है। मोनू पर 31 जुलाई को नूंह में हुई हिंसा से पहले भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट डालने का केस है। नूंह पुलिस की साइबर क्राइम ब्रांच ने उसे गुरुग्राम से गिरफ्तार किया। मोनू को उसी के गांव मानेसर की मार्केट से पकड़ा गया।

मोनू को गिरफ्तारी के बाद नूंह कोर्ट में पेश किया गया। जहां पुलिस ने उसका रिमांड मांगा, मगर कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भौंडसी जेल भेज दिया।

मोनू मानेसर पर भिवानी में हुए राजस्थान के नासिर-जुनैद हत्याकांड में शामिल होने का आरोप है। इस केस में वह पिछले 8 महीने से फरार था। मोनू की गिरफ्तारी का पता चलते ही राजस्थान पुलिस भी कोर्ट पहुंच गई।

मोनू को जेल छोड़ने पहले ही राजस्थान पुलिस को उसका ट्रांजिट रिमांड मिल गया। इसके बाद हरियाणा पुलिस ने उसे राजस्थान पुलिस के हवाले कर दिया। उसे लेकर राजस्थान पुलिस रवाना हो गई है।

### सोशल मीडिया पोस्ट केस में हुई मोनू की गिरफ्तारी

मोनू मानेसर के नाम से 26 अगस्त को एक पोस्ट डाली गई थी। जिसमें



लिखा था-परिणाम की चिंता हम नहीं करते, वार एक ही होगा, पर आखिर होगा... । Monumanesar"। सोशल मीडिया सैल के सिपाही मनोज कुमार ने नूंह साइबर क्राइम थाने में इसकी शिकायत दी। साइबर पुलिस ने इसकी जांच की तो पता चला कि यह पोस्ट मोनू मानेसर नाम के अकाउंट से डाली गई।

पुलिस के मुताबिक इस अकाउंट होल्डर ने धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता फैलाई। अभद्र शब्दों का प्रयोग किया। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई। लोक शांति भंग की। पुलिस ने इसकी जांच की तो पता चला कि मोनू मानेसर उर्फ मोहित यादव के नाम पर चल रहे मोबाइल नंबर से ही यह पोस्ट डाली गई। इसके बाद उसके खिलाफ धारा 153, 153, 295, 504, 109 आईपीसी और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया। गिरफ्तारी के वक्त मोनू से 2 सिम कार्ड वाला मोबाइल और 45 बोर की पिस्टल, 3 कारतूस बरामद किए गए।

नूंह में 31 जुलाई को ब्रजमंडल यात्रा के दौरान हुई हिंसा से पहले 2 वीडियो वायरल हुए थे। पहले वीडियो में मोनू मानेसर ने कहा था कि 31 जुलाई को वह ब्रजमंडल यात्रा में शामिल होगा। उसने लोगों को भी इस यात्रा में शामिल होने की अपील की थी। इसके बाद नूंह से भी दूसरे समुदाय से मोनू मानेसर को सोशल मीडिया पर चैलेंज करने किया गया था।

# राजौरी में एक आतंकवादी ढेर, एक जवान शहीद, तीन घायल

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ एक आतंकवादी मारा गया तथा सेना का एक जवान शहीद हो गया, जबकि विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) सहित तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि राजौरी जिला के नारला क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। वहीं इस दौरान



सेना का एक जवान शहीद हो गया, जबकि एक एसपीओ सहित तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान सेना की 21 डॉग यूनिट के छह साल के भारतीय सेना डॉग केंट (मादा लैब्राडोर) ने भी अपने प्राणों की आहुति दे दी। वह सुजलीगाला में अभियान के दौरान सबसे आगे था। उन्होंने कहा, केंट भाग रहे आतंकवादियों की राह पर सैनिकों की एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रहा था। इसी दौरान हुयी गोलीबारी में वह मारा गया। केंट अपने संचालक की रक्षा करते हुए भारतीय सेना की सर्वोत्तम परंपराओं में अपनी जान दे दी।

### कनाडा में बैठे खालिस्तानियों की मोदी और शाह को धमकी

पीएम नरेंद्र मोदी ने जी-20 समिट में शामिल होने आए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से खालिस्तान का मसला उठाया था। इस पर ट्रूडो ने भी भरोसा दिया था कि वह अपने देश में अलगाववादी तत्वों पर लगाम कसेंगे। हालांकि कनाडा में ऐक्टिव खालिस्तानियों की हरकतें अब भी कम नहीं हुई हैं। 10 सितंबर को ही खालिस्तान के वैंकुवर के सरे स्थित एक गुरुद्वारे में भारत के खिलाफ जनमत संग्रह हुआ था। खालिस्तानी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस के सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें उसने भारत को कनाडा में अपना दूतावास बंद करने की धमकी दी है।

# देश में 763 सांसद, 306 पर क्रिमिनल केस

## कुल 194 और बिहार के 50 प्रतिशत एमपी के खिलाफ गंभीर मामले दर्ज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने सांसदों पर दर्ज क्रिमिनल केस को लेकर रिपोर्ट जारी की है। इसमें बताया गया है कि देश के कुल 763 सांसदों में से 306 सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 194 सांसदों के खिलाफ हत्या और महिलाओं से अत्याचार के गंभीर केस हैं। एडीआर ने यह रिपोर्ट लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों की तरफ से दायर हलफनामे के हवाले से जारी की है।

### बिहार के सबसे ज्यादा 41 सांसदों के खिलाफ केस दर्ज

रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि लक्षद्वीप से एक सांसद, केरल के 29 सांसदों में से 23, बिहार के 56 सांसदों में से 41, महाराष्ट्र के 65 सांसदों में से 37, तेलंगाना के 24 सांसदों में से 13 और दिल्ली के 10 सांसदों में से 5 के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज हैं।

### यूपी के सबसे ज्यादा 37 सांसदों के खिलाफ गंभीर मामले दर्ज

एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि लक्षद्वीप से एक, बिहार के 56 सांसदों में से 28, तेलंगाना के 24 सांसदों में से 9, केरल के 29 सांसदों में से 10, महाराष्ट्र के 65 सांसदों में से 22 और यूपी के 108 सांसदों में से 37 के खिलाफ गंभीर मामले दर्ज हैं।

ADR Association for Democratic Reforms

### राज्यसभा के 12 प्रतिशत सांसद अरबपति

राज्यसभा के 225 सदस्यों में 27 यानी (12 प्रतिशत) अरबपति हैं। अरबपति सांसदों में सबसे ज्यादा संख्या भाजपा के सदस्यों की है। 225 में भाजपा के 85 सदस्य हैं, जिनमें 6 यानी 7 प्रतिशत सांसद अरबपति हैं। कांग्रेस के 30 सदस्यों में 4 यानी 13 प्रतिशत अरबपति हैं।

वाईएसआर कांग्रेस के 9 में से 4 (44 प्रतिशत), आम आदमी पार्टी के 10 में 3 (30 प्रतिशत) और बीआरएस के 7 में 3 (43 प्रतिशत) सांसद अरबपति हैं। अगर राज्यों की बात करें तो सबसे ज्यादा अरबपति सांसद आंध्र प्रदेश 45 प्रतिशत और तेलंगाना 43त्न से हैं।

### देश के 4001 विधायकों की संपत्ति रु 54,000 करोड़

देश के 4,001 मौजूदा विधायकों की कुल संपत्ति 54,545 करोड़ रुपए है। यह नॉर्थ ईस्ट के तीन राज्यों- नगालैंड, मिजोरम और सिक्किम के 2023-24 के कुल सालाना बजट 49,103 करोड़ रुपए से ज्यादा है। एडीआर की रिपोर्ट में 84 राजनीतिक दलों के 4001 मौजूदा विधायकों और निर्दलीय विधायकों को शामिल किया गया है। इसके मुताबिक, विधायकों की औसत संपत्ति 13.63 करोड़ रुपए है। भाजपा के 1356 विधायकों की औसत संपत्ति 11.97 करोड़ रुपए है। वहीं, कांग्रेस के 719 विधायकों की औसत संपत्ति 21.97 करोड़ रुपए है।



### राज्यसभा सांसदों की औसतन प्रॉपर्टी 80.93 करोड़

राज्यसभा के मौजूदा सांसदों की औसतन प्रॉपर्टी 80.93 करोड़ रुपए है। भाजपा के औसतन सांसदों की प्रॉपर्टी 30.34 करोड़ है। कांग्रेस के 30 सांसदों की औसतन प्रॉपर्टी 51.65 करोड़, तृणमूल कांग्रेस के 13 सदस्यों की औसतन प्रॉपर्टी 3.55 करोड़, वाईएसआर कांग्रेस के 9 सांसदों की प्रॉपर्टी 395.68 करोड़, भारत राष्ट्र समिति के 7 सांसदों की प्रॉपर्टी 799.46 करोड़ रुपए है।

### किसान दुनिया के सच्चे संरक्षक : मुर्मु

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि किसानों ने मानवता को मिले प्रकृति के उपहार कृषि जैव विविधता को सदियों से बचाकर रखा है इसलिए इसमें कोई दो राय नहीं कि किसान ही इस दुनिया के सच्चे संरक्षक हैं। मुर्मु ने मंगलवार को यहां किसान अधिकारों पर पहली वैश्विक संगोष्ठी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दुनिया का कृषक समुदाय इसका असली संरक्षक है क्योंकि उसने ही प्रकृति के उपहार कृषि जैव विविधता को बचाकर रखा है। उन्होंने कहा कि सभी को फसलों , पौधों तथा प्रजातियों की विभिन्न किस्मों की रक्षा करनी चाहिए और उनके संरक्षण के किसानों के प्रयास की सराहना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन वनस्पतियों का संरक्षण सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस संगोष्ठी का आयोजन खाद्य और कृषि संगठन , रोम के खाद्य एवं कृषि पादप आनुवंशिक संसाधनों पर अंतर्राष्ट्रीय संधि सचिवालय द्वारा किया जा रहा है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत विविधता से भरपूर विशाल देश है जिसका क्षेत्रफल विश्व का केवल 2.4 प्रतिशत है लेकिन विश्व के पौधों की विभिन्न किस्मों और जानवरों की सभी दर्ज प्रजातियों का 7 से 8 प्रतिशत भारत में मौजूद है। उन्होंने कहा कि जैव विविधता के क्षेत्र में भारत पौधों और प्रजातियों की विस्तृत श्रृंखला से संपन्न देशों में से एक है।

# कश्मीर में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में रामबन जिले के बनिहाल क्षेत्र के वागन में मंगलवार की सुबह एक ट्रक के चट्टान से टकराने के बाद गहरी खाई में गिर जाने से भाई-बहन समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ, जब जम्मू से श्रीनगर की ओर जा रहा ट्रक बनिहाल में शेरबीबी के पास चट्टान से टकरा गया और सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया। ट्रक में सवार चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस और बचाव दल




घटनास्थल पर पहुंचे और शवों को बरामद किया। मृतकों की पहचान एम अफजल गारू (42), एम. अल्ताफ गारू (36), इरफान अहमद (33) और शौकत अहमद (29) के रूप में की गयी है।

मानसून

**जगह-जगह भूस्खलन से चलते राज्य में अभी भी 60 सड़कें यातायात के लिए बाधित**

# हिमाचल में मौसम खराब, मानसून में अब तक 2611 घर ढहे

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कई भागों में 18 सितंबर तक मौसम खराब बना रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश में मानसून फिलहाल कमजोर बना हुआ है।13 सितंबर को कुछ भागों में अंधड़ चलने व बिजली चमकने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं, बीते 24 घंटों के दौरान नाहन में 49.1, सरहाली खड्डा बिलासपुर 33.4 व बिलासपुर केवीके में 23.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। उधर, जगह-जगह भूस्खलन से चलते राज्य में अभी भी 60 सड़कें यातायात के लिए बाधित हैं। 27 बिजली



ट्रांसफार्मर भी बाधित थे। वहीं, मंगलवार को राजधानी शिमला व आसपास भागों में धूप खिलने के साथ हल्के बादल भी छाए रहे।

इस मानसून सीजन में 24 जून से 12 सितंबर तक 428 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। इनमें से 158 की सड़कों हादसों में मौत हो गई। कुल 427 घायल हुए हैं। राज्य में 2611 घर पूरी तरह ढह हो गए हैं। 11010 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसके अतिरिक्त 318 दुकानों व 5897 गोशालाओं को भी नुकसान हुआ है। मानसून सीजन के दौरान अब तक 8679.70 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो चुका है। अब तक राज्य में भूस्खलन की 165 और अचानक बाढ़ की 72 घटनाएं सामने आई हैं।

प्रदेश में न्यूनतम तापमान शिमला में न्यूनतम तापमान 16.4, सुंदरनगर 22.5, भुंतर 21.9, कल्पा 12.6, धर्मशाला 20.2, ऊना 23.2, नाहन 23.1, केलांग 11.3, पालमपुर 18.5, सोलन 20.7, मनाली 17.4, कांगड़ा 22.6, मंडी 22.3, बिलासपुर 25.2, चंबा 23.1, डलहौजी 13.2, जुब्बड़हट्टी 20.0, कुफरी 15.3, कुकुमसेरी 11.7, नारकंडा 13.6, रिकांगपिओ 16.7, धौलाकुआं 26.0, बरठीं 24.0, मशोबरा 16.8, पांवटा साहिब 26.0, सराहन 17.0 और देहरा गोपीपुर में 23.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

डलहौजी में अधिकतम तापमान 23.3, चंबा 33.3, केलांग 27.0, धर्मशाला 28.0, कांगड़ा 33.0, सेऊबाग 31.2, भुंतर 34.0, मंडी 32.6, सुंदरनगर 33.3, कल्पा 26.0, बिलासपुर 34.7, शिमला 24.8, रिकांगपिओ 30.7, सोलन 28.7 और धौलाकुआं में 33.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


# नई संसद में अधिकारी गुलाबी रंग की नेहरू जैकेट पहनेंगे

## कमल के फूल के प्रिंट वाली शर्ट, खाकी रंग की पैंट; मार्शलों के लिए मणिपुरी पगड़ी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। पहले दिन की कार्यवाही पुरानी संसद में होगी। वहीं, 19 सितंबर को नई संसद में कामकाज शुरू हो जाएगा।

नए संसद भवन में जाते समय संसद कर्मचारी नई ड्रेस पहनेंगे। इस ड्रेस में नेहरू जैकेट और खाकी रंग की पैंट को शामिल किया गया है।

ब्यूरोक्रेट्स बंद गले सूट की जगह मैजेंटा या गहरे गुलाबी रंग की नेहरू जैकेट पहनेंगे। उनकी शर्ट भी कमल के



फूल के डिजाइन के साथ गहरे गुलाबी रंग में होगी।

यह यूनिफॉर्म नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी ने बनाई है। दोनों सदनों में मार्शलों की ड्रेस में भी बदलाव किया गया है। अब वे मणिपुरी पगड़ी पहनेंगे।

इसके अलावा संसद भवन के सुरक्षाकर्मियों की ड्रेस भी बदली जाएगी। सफारी सूट की जगह उन्हें सेना की तरह कैमोफ्लॉज ड्रेस दी जाएंगी।

### मध्यप्रदेश में शुरू होगा पहला सहकारिता विश्वविद्यालय : भदौरिया

मध्यप्रदेश के सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया ने आज कहा कि मध्यप्रदेश मेंपहला सहकारिता विश्वविद्यालय शुरू होगा। भदौरिया ने वृहद हस्तशिल्प क्लस्टर विकास परियोजना के शुभांरभ कार्यक्रम में यह जानकारी दी। पिछले दिनों दिल्ली में केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में सहकारिता विश्वविद्यालय की स्थापना करने पर हुई चर्चा में मध्यप्रदेश के इंदौर अथवा भोपाल में विश्वविद्यालय शुरू करने के उनके प्रस्ताव पर सैंद्धतिक स्वीकृति प्रदान की गई।



नई दिल्ली
बुधवार 13 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### हल्द्वानी में व्यायामशाला की भूमि पर भारी मात्रा में अतिक्रमण : रिपोर्ट

नैनीताल। उत्तराखंड के हल्द्वानी स्थित व्यायामशाला की भूमि पर भारी मात्रा में अतिक्रमण हुआ है। उच्च न्यायालय की ओर से नियुक्त न्यायमित्र अधिवक्ता की रिपोर्ट में अतिक्रमण की पुष्टि हुई है। न्यायमित्र अधिवक्ता गोपाल के वर्मा की ओर से मंगलवार को उच्च न्यायालय में इस मामले में रिपोर्ट में पेश की गयी है। रिपोर्ट में कहा गया कि नजूल भूमि पर स्थित व्यायामशाला के लगभग पांच एकड़ भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सैकड़ों लोगों ने दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बनाये हैं। इनमें से मात्र 20 लोगों द्वारा ही फ्री होल्ड कराया गया है। मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ ने सरकार को इस मामले में जवाब देने को कहा है। इसके बाद इस मामले में अदालत अपना निर्णय जारी करेगी। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में इस मामले में आज सुनवाई हुई। अदालत ने रिपोर्ट को रिकार्ड में ले लिया है। व्यायामशाला समिति के पदाधिकारी मांगेराम गुप्ता की ओर से वर्ष 2018 में मुख्य न्यायाधीश के नाम एक एक पत्र लिखा गया था। जिसमें कहा गया था कि मटर गली स्थित व्यायामशाला की भूमि पर सैकड़ों लोगों ने कब्जा कर दिया है। इसमें एक राजनीति दल का कार्यालय भी है।

### त्रिपुरा में हिंसा के बाद तनाव व्याप्त

अगरतला। त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी टिपरा मोथा के समर्थकों के बीच ताजा झड़पों के बाद सिपाहीजला जिले में ताकरजला थाना क्षेत्र के जम्पुइजाला मंगलवार को तनाव व्याप्त है। सोमवार को दोनों पक्षों के बीच कई बार हुई भिंडत में 13 लोग घायल हो गए, जिनमें तीन पुलिसकर्मी हैं। जम्पुइजाला के उपमंडलीय पुलिस अधिकारी जयंत करमाकर ने मंगलवार को बताया कि हिंसा रोकने के लिए क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। पुलिस ने हिंसा में शामिल व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। पुलिस ने इस संबंध में कुछ लोगों की पहचान की है। इस बीच भाजपा ने आरोप लगाया कि हथियारबंद मोथा कार्यकर्ताओं के एक समूह ने सोमवार रात भाजपा के एक वरिष्ठ नेता और पूर्व मंडल अध्यक्ष निर्मल देववर्मा के घर पर दोबारा हमला किया। हमलावरों का कहना था कि उन्होंने भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्जी और और राज्य सरकार में सहकारिता मंत्री शुक्ला चरण नोइयतिया को अपने घर पर दोपहर का भोजन करवाया था। भट्टाचार्जी ने कहा, उपद्रवियों ने श्री देववर्मा के घर में घुसकर तोड़फोड़ की और भोजन सामग्री को दूषित करने का असभ्य कृत्य किया।

### कर्नाटक में मंत्री सुधाकर के लिए अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज

बेंगलुरु। कर्नाटक के मंत्री डी. सुधाकर और अन्य के खिलाफ अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। सुधारकर के खिलाफ यह मामला येलहंका में एक विवादित संपत्ति से एक परिवार को कथित रूप से जबरन बेदखल करने को लेकर दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता सुब्बम्मा के अनुसार मंत्री और अन्य लोग उनकी अनुपस्थिति में उनके घर आए और 09 सितंबर को एक अस्थायी शेड और परिसर को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने मंत्री से उनकी अनुपस्थिति में संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के बारे में सवाल किया, तो उन्होंने उन पर जातिसूचक टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि संपत्ति को लेकर अदालत में मामला चल रहा है और वह सेवन हिल्स डेवलपर्स के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं। उन्होंने मंत्री पर उनकी पुत्री आशा पर हमला करने का भी आरोप लगाया और पुलिस से अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और उन्हें साइट से बेदखल करने की अपील की। इस संबंध में एक वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस कथित वीडियो में मंत्री को विवादित भूमि पर जाने और गालियां देते हुए दिखाया गया है।

### खाद्य आयोग के सदस्य ने स्कूलों , आंगनबाड़ियों में मध्याह्न भोजन का निरीक्षण किया

जालंधर। पंजाब राज्य खाद्य आयोग के सदस्य चेतन प्रकाश धालीवाल ने मंगलवार को विभिन्न सरकारी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में दोपहर को दिए जाने वाले भोजन का निरीक्षण किया। सदस्य ने गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल, गवर्नमेंट प्राइमरी स्मार्ट स्कूल, मैहतपुर में गवर्नमेंट हाई स्कूल, गवर्नमेंट प्राइमरी स्मार्ट स्कूल, शाहपुर, गवर्नमेंट प्राइमरी स्मार्ट स्कूल, खानपुर, एमजी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गवर्नमेंट एलीमेंट्री स्कूल, गवर्नमेंट हाई स्मार्ट स्कूल अपरा, मोरन, रसूलपुर में आंगनवाड़ी केंद्र और विभिन्न डिपो धारकों का दौरा किया। चेकिंग के दौरान धालीवाल ने अनाज के भंडारण, साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से मध्याह्न भोजन रसोई में उचित स्वच्छता बनाए रखने को कहा। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। उन्होंने अधिकारियों को वर्ष में दो बार विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने मिड मील स्टाफ से भी बातचीत की और उन्हें नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने को कहा। उन्होंने कर्मचारियों से मध्याह्न भोजन की सरकारी योजनाओं के बैनर भी ठीक से लगाने को कहा।

### धारीवाल ने चंबल रिवर फ्रंट का किया लोकार्पण

कोटा। राजस्थान के कोटा में मंगलवार को विश्व स्तरीय चंबल रिवर फ्रंट का प्रदेश के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर चंबल रिवर फ्रंट पर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। चंबल रिवर फ्रंट के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भाग लेना था लेकिन अपरिहार्य कारणों से वे इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष सी पी जोशी सहित राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों सहित विभिन्न आयोगों के अध्यक्ष और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। जिन्होंने बाद में पूरे रिवर फ्रंट क्षेत्र का अवलोकन भी किया। चम्बल रिवर फ्रन्ट भारत में विकसित प्रथम हैरिटेज रिवर फ्रन्ट है, इससे कोटा में देशी-विदेशी पर्यटकों का आवागमन बढेगा। कोटा शहर में कोटा बैराज से नयापुरा पुलिया तक 2.75 किमी की लम्बाई में चम्बल नदी के दोनों तटों पर 1400 करोड़ की लागत से चम्बल रिवर फ्रन्ट विकसित किया गया है। इसके बनने से चम्बल नदी के किनारे बसी सभी बस्तियां बाढ़ से मुक्त हो चुकी है। रिवर फ्रन्ट के दोनों तटों पर 27 घाटों का निर्माण किया गया है। चम्बल रिवर फ्रन्ट में चम्बल माता घाट, गणेश पोल, मरू घाट, जंतर-मंतर घाट, विश्व मैत्री घाट, हाड़ौती घाट, महात्मा गांधी सेतु, कनक महल, फव्वारा घाट, रंगमंच घाट, साहित्य घाट, उत्सव घाट का निर्माण किया गया हैं।

### महिला का जला हुआ शव बरामद

श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में सूरतगढ़ सिटी थाना क्षेत्र में आज सुबह एक महिला का जला हुआ शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटना स्थल की गहन जांच पड़ताल करने और आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर मृतक महिला की पहचान निर्मला (30) निवासी होमलैंड सिटी बड़ोपल रोड सूरतगढ़ के रूप में हुई। पुलिस द्वारा सूचना दिए जाने पर निर्मला के परिवारजन मौके पर पहुंचे। तब पता चला कि परिवारजन निर्मला को कल शाम से तलाश कर रहे थे। निर्मला कल शाम अपने भाई गांव संघर निवासी राजकुमार का मोटरसाइकिल लेकर गई थी। वह रात 8 बजे तक वापस नहीं आई परिवारवाले उसे तलाश करने लगे। उन्होंने कल रात को रेलवे स्टेशन के पास गश्त कर रहे पुलिस कर्मियों को भी निर्मला के गुम होने की जानकारी थी। आज सुबह सूरतगढ़ से भोजेवाला को जाने वाले मार्ग पर भारत गैस एजेंसी के गोदाम के पीछे बुरी तरह से जली हालत में उसका शव मिला। मोटरसाइकिल भी पास में ही खड़ा था। श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय से घटना स्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला , एमओबी और डॉग स्क्वायड की टीमों को बुलाया गया।

# केरल में निपाह वायरस से दो की मौत


## केंद्र ने एक्सपर्ट्स की टीम भेजी, राज्य सरकार ने कंट्रोल रूम बनाया

कोझीकोड। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार (12 सितंबर) को बताया कि केरल के कोझिकोड जिले में दो मौतें निपाह वायरस के कारण हुई थीं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हमनें स्थिति का जायजा लेने और इससे निपटने में राज्य सरकार की मदद के लिए एक्सपर्ट्स की एक टीम भेजी है।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, केरल में निपाह वायरस से पहली मौत 30 अगस्त को हुई थी। वहीं, दूसरी मौत 11 सितंबर को हुई थी। स्वास्थ्य मंत्री ने स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया है।

उधर, केरल में चार अन्य लोगों के सैंपल निपाह वायरस की जांच के लिए पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजे गए हैं। राज्य में एक कंट्रोल रूम बनाया गया और लोगों को मास्क पहनने की सलाह दी गई।

केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने 12 सितंबर को फेसबुक पर पोस्ट कर कहा कि सरकार राज्य में निपाह वायरस से हुई दो लोगों की मौत पर गंभीर है। स्वास्थ्य विभाग ने



कोझिकोड में अलर्ट जारी किया है। जो लोग मृतकों के संपर्क में थे, उनके बारे में पता किया जा रहा है। अभी तक राज्य में आधिकारिक तौर पर निपाह के फैलने की घोषणा नहीं की गई है।

### 2018 में कोझीकोड और मलप्पुरम में निपाह से 17 की मौत हुई थी

केरल के कोझीकोड और मलप्पुरम जिले में साल 2018 में निपाह वायरस से 17 लोगों की मौत हुई थी। इससे पहले निपाह वायरस का मामला 2019 में कोच्चि से सामने आया था। वहीं, 2021 में भी कोझिकोड में निपाह वायरस का एक केस मिला था।

निपाह एक जूनोटिक वायरस है। यह चमगादड़ और सूअर जैसे जानवरों से इंसानों में फैल सकता है। इस बीमारी की मृत्यु दर बहुत अधिक है। अब तक इसका कोई ट्रीटमेंट या टीका उपलब्ध नहीं है।जूनोटिक वायरस उसे कहते हैं जो जानवरों से इंसानों या इंसानों से जानवरों में फैलते हैं।

### चमगादड़ रेबीज और निपाह वायरस भी फैलाता है

टोरंटो हेल्थ साइंस सेंटर की माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. समीरा मुबारेका कहती हैं, यह पहली बार नहीं है जब इंसानों में किसी बीमारी की वजह के रूप में चमगादड़ का नाम आया है।

यह कई तरह के वायरस का वाहक है जो पहले भी साबित हो चुका है। चमगादड़ की कुछ प्रजातियां रेबीज, इबोला और निपाह वायरस की भी वाहक रही हैं।

### 25 साल पहले मलेशिया में मिला था निपाह

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक साल 1998 में मलेशिया के सुंगई निपाह गांव में पहली बार निपाह वायरस का पता चला था। इसी गांव के नाम पर ही इसका नाम निपाह पड़ा। तब सुअर पालने वाले किसान इस वायरस से संक्रमित मिले थे। मलेशिया मामले की रिपोर्ट के मुताबिक पालतू जानवरों जैसे कुत्ते, बिल्ली, बकरी, घोड़े से भी इंफेक्शन फैलने के मामले सामने आए थे।

मलेशिया में सामने आने के बाद उसी साल इस वायरस का पता सिंगापुर में भी चला था। इसके बाद साल 2001 में बांग्लादेश में भी इस वायरस से संक्रमित मरीज मिले। कुछ वक्त बाद बांग्लादेश से जुड़ी भारतीय सीमा के आसपास भी निपाह वायरस के मरीज मिलने लगे।

### निपाह वायरस के लक्षण

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, निपाह वायरस सिर्फ जानवरों से नहीं बल्कि एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी फैलता है।

निपाह वायरस से संक्रमित होने वाले मरीज में वायरल फीवर होने के साथ सिरदर्द, उल्टी जैसा लगना, सांस लेने में तकलीफ और चक्कर आने जैसे लक्षण दिखते हैं। अगर ये लक्षण 1-2 हफ्ते तक रहते हैं तो डॉक्टर से संपर्क करें।

# पटनायक ने सौम्य को पार्टी उपाध्यक्ष पद से हटाया

एजेंसी

भुवनेश्वर। बीजू जनता दल (बीजद) ने मंगलवार को केंद्रपाड़ा के विधायक सौम्य रंजन पटनायक को पार्टी उपाध्यक्ष पद से हटा दिया।

बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक की ओर से जारी आदेश में कहा गया, सौम्य रंजन पटनायक के तत्काल प्रभाव से पार्टी उपाध्यक्ष पद से हटाया गया है। इस आदेश में हालांकि पटनायक के हटाए जाने की वजह नहीं बतायी गयी है।

उल्लेखनीय है कि एक मंत्री सहित बीजद के तीन वरिष्ठ नेताओं ने पटनायक की आलोचना की थी और उन्हें हटाने के लिए पार्टी को पत्र लिखा था। पटनायक ने हालांकि कहा कि वह जो कुछ भी कह रहे हैं वह केवल पार्टी की भलाई के लिए है और कोई भी उन्हें इस्तीफा देने का निर्देश नहीं दे सकता क्योंकि बीजद किसी व्यक्ति की नहीं है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से पटनायक का बीजद नेतृत्व के साथ विवाद चल रहा है। उन्होंने ओडिया दैनिक संवाद के संपादकीय पृष्ठ पर



5टी सचिव वी.के. पांडियन (जो मुख्यमंत्री के सचिव भी हैं) के कामकाज और पार्टी की स्थिति की आलोचना की थी।

पटनायक ने पांडियन की राजनीति में शामिल होने को लेकर आलोचना की थी और उन्हें विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने, सार्वजनिक बैठकें करने, लोगों से शिकायतें प्राप्त करने और समस्याओं को हल करने के लिए अधिकारियों को आदेश देने की अनुमति देने को लेकर मुख्यमंत्री पटनायक की की आलोचना की थी।

भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने भी 5टी सचिव की आलोचना की थी और कहा था कि अगल उन्हें राजनीति में प्रवेश करना है, तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

# प्रधान ने उत्तराखंड में 141 पीएम श्री विद्यालयों का किया शिलान्यास

**देहरागुन।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को संयुक्त रूप से देहरादून के ननूरखेड़ा स्थित शिक्षा निदेशालय में राज्य के विद्या समीक्षा केन्द्र का लोकार्पण और राज्य के 141 पी.एम.श्री विद्यालयों एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय का शिलान्यास किया। दोनों ने राज्य में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा मेधावी छात्रवृत्ति योजना एवं मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना का शुभारंभ भी किया। कार्यक्रम में एन.डी.ए एवं आई.एम.ए में चयनित कैडेट को पुरस्कार की धनराशि भी प्रदान की गई। समारोह में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विद्या समीक्षा केन्द्र के गुजरात मॉडल को लागू करने वाला पहला राज्य है। जिसमें अभी पांच हजार स्कूल जोड़े गये हैं।

उन्होंने कहा कि अक्टूबर-नवम्बर तक प्रदेश के सभी 22 हजार स्कूलों को सभी डाटा के साथ जोड़ने के अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के कक्षा 01 से 12वीं तक के लगभग 23 लाख 50 हजार विद्यार्थी इस विद्या समीक्षा केन्द्र से जुड़ेंगे। राज्य के एक लाख 22 हजार से अधिक शिक्षकों का डाटा भी इसमें रहेगा।

# राजनाथ ने अरुणाचल में नेचिफू सुरंग का किया उद्घाटन

एजेंसी

ईटानगर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश में 36 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वर्चुअली उद्घाटन किया, जिसमें जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले से प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले में बालीपारा-चारदुआर-तवांग मार्ग पर बनी 500 मीटर लंबी नेचिफू सुरंग भी शामिल है।

सिंह द्वारा जा राष्ट्र को समर्पित 90 प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में नेचिफू सुरंग एक है। ग्यारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैली परियोजनाओं को सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा 2,941 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है।



इन परियोजनाओं में से 36 अरुणाचल प्रदेश में, 26 लद्दाख में, 11 जम्मू-कश्मीर में पांच मिजोरम में, तीन हिमाचल प्रदेश में, दो-दो क्रमशः सिक्किम, उत्तराखंड और नागालैंड में हैं। वहीं नागालैंड, राजस्थान तथा अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की क्रमशः एक-एक परियोजना है।

बालीपारा-चारदुआर-तवांग (बीसीटी) रोड को जोड़ने वाली नेचिफू सुरंग हर मौसम में सुरक्षित यात्रा को बढ़ावा देने में मदद करेगी तथा इससे पांच किमी दूरी कम करके सीमा कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू (पश्चिम कामेंग जिले के सेसा से बीआरओ परियोजनाओं के उद्घाटन के गवाह बने) ने कहा कि ये परियोजनाएं सेना की तैनाती, उपकरणों की आवाजाही में काफी वृद्धि करेंगी और हमारे सीमावर्ती क्षेत्रों को मजबूत करेंगी।

नेचिफू सुरंग, निर्माणाधीन सेला सुरंग के साथ, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण तवांग क्षेत्र को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। यह क्षेत्र में तैनात सशस्त्र बलों और तवांग आने वाले पर्यटकों के लिए फायदेमंद होगा। गौरतलब है कि सिंह ने अक्टूबर 2020 में नेचिफू सुरंग की आधारशिला रखी थी। बीआरओ ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इन परियोजनाओं का निर्माण अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करके रिकॉर्ड समय में पूरा किया है।

# किशन रेड्डी ने की आधिकारिक तौर पर 'तेलंगाना मुक्ति दिवस' मनाने की मांग

**हैदराबाद।** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री एवं तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने 17 सितंबर को होने वाले 'तेलंगाना मुक्ति दिवस' को आधिकारिक तौर पर मनाने की मंगलवार को मांग की।

रेड्डी ने इस दिन के ऐतिहासिक महत्व पर जोर देते हुए आज कहा कि इसे एकीकरण के बजाय तेलंगाना की आजादी के प्रतीक के रूप में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने प्रदेश पार्टी



मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए 17 सितंबर, 1948 तक की घटनाओं पर प्रकाश डाला, जब हैदराबाद 1724 से आसफ जाहिस और निजाम शासकों के शासन में था। उन्होंने तेलंगाना के लोगों के बलिदान और संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए दमनकारी निजाम शासन के खिलाफ और क्षेत्र की मुक्ति का श्रेय सरदार वल्लभभाई पटेल के साहस को दिया।

रेड्डी ने बताया कि हैदराबाद के निजाम द्वारा शासित 16 जिलों में से आठ अब तेलंगाना, पांच महाराष्ट्र और तीन कर्नाटक में हैं। उन्होंने कहा कि निजाम ब्रिटिशों के अधीन था, हथियार आयात करता था और अपने राज्य की रक्षा के लिए उनके हितों के साथ जुड़ता था।

### विषाक्त भोजन के सेवन से 90 स्कूली छात्र अस्पताल में भर्ती

निजामाबाद। तेलंगाना में निज़ामाबाद जिले के भीमगल में कस्तूरबा स्कूल के लगभग 90 छात्रों को विषाक्त भोजन के सेवन से पीड़ित होने के कारण मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार छात्रों ने सोमवार की देर रात खाना खाने के बाद पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत की। यह मामला प्रभारी विशेष अधिकारी सोभा के पास आया, जिसके बाद उन्होंने पीड़ित छात्रों को क्षेत्र के सरकारी अस्पताल भेजने की तत्काल व्यवस्था की।

# देश को बचाने के लिये इंडिया एलायंस का गठन किया: पायलट

अजमेर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की केन्द्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा है कि देश को बचाने के लिये इंडिया एलायंस का गठन किया, ऐसे में कांग्रेस की देश के प्रति ज्यादा जिम्मेदारी है।

पायलट अजमेर सर्किट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन मुलाकात करने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश कि संवैधानिक संस्थाओं को चुनौती मिल रही है। ऐसी चुनौतियों को बेनकाब करना होगा। हम सब मिलकर भारतीय जनता पार्टी को हराने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा कुछ मुद्दों के साथ चुनाव में आती है लेकिन अब जनता समझने लगी है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा तेलंगाना में भाजपा को हराकर कांग्रेस सरकार बनायेगी।

उन्होंने कहा कि चारों राज्य के सकारात्मक चुनाव परिणाम आने पर 2024 के लोकसभा चुनाव में देश में आई एन डी आई ए एलायंस की सरकार बनेगी।

### मणिमहेश यात्रा में दम घुटने से श्रद्धालु की मौत

चंबा। हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा की प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वहीं सोमवार को मणिमहेश यात्रा के दौरान गौरीकुंड में सांस की दिक्कत होने से एक श्रद्धालु की दम घुटने से मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि श्रद्धालु को काफी समय से सांस लेने में दिक्कत आ रही थी जिसके बाद गौरीकुंड में उसकी मौत हो गई। वही उसके साथ में आए अभी तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। प्रशासन की ओर से हालांकि यात्रियों से फिटनेस रिपोर्ट भी मांगा जा रहा है। जिसके बाद ही मणिमहेश जाने की अनुमति दी जा रही है। अन्य लोगों ने इसके बारे में तुरंत रेस्क्यू दल को सूचना दी रेस्क्यू दल ने व्यक्ति के शव को सिविल हॉस्पिटल भरमौर पहुंचाया जहां पर सोमवार का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। गौरतलब है कि अभी तक मणिमहेश यात्रा के दौरान दो लोगों की जान जा चुकी है। पुलिस ने मृतक व्यक्ति 53 वर्षीय पठानकोट का बताया जा रहा है फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। वही मणिमहेश में ही जा रही यात्रियों से यह आग्रह किया है की यात्रा में आने से पहले अपनी फिटनेस रिपोर्ट जरूर लाएं।

# मराठवाड़ा में इस साल आठ महीने में 685 किसानों ने की आत्महत्या

छत्रपति संभाजीनगर। कम बारिश की मार झेल रहे महाराष्ट्र में मराठवाड़ा के किसान कर्ज, कम पैदावार और अवसाद से तंग आकर अतिवादी कदम उठा रहे हैं और इस वर्ष अगस्त तक 685 किसान आत्महत्या कर चुके हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मराठवाड़ा में इस साल के पिछले आठ महीनों में 685 किसानों ने आत्महत्याएं की हैं। इक्कतीस अगस्त तक के लिए जारी आंकड़ों के अनुसार मराठवाड़ा क्षेत्र में हर रोज तीन किसान आत्महत्या कर रहे हैं। सबसे अधिक किसानों राज्य के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे के गृह जिले बीड जिले में की है। बीड जिले को



सूखाग्रस्त माना जाता है और इस जिले में पिछले आठ महीनों में 186 किसानों की आत्महत्याएं की हैं। इसके बाद उस्मानाबाद जिले में 113, नांदेड़ में 110, औरंगाबाद जिले में 95, परभणी जिले में 58 मामले दर्ज किए गए। वहीं, लातूर जिले में 51, जालना जिले में 50 और हिंगोली जिले में 22 किसानों ने आत्महत्याएं की है। इस साल की शुरू में बेमौसम भारी बारिश हुई, लेकिन मानसून के दौरान कम बारिश ने मराठवाड़ा में किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। इस साल अगस्त में लंबे समय तक सूखे के कारण इन जिलों के अधिकांश क्षेत्रों में खरीफ की फसलें बर्बाद हो गईं और मंगलवार तक जल संसाधन (नदी-नाले) भी खाली हैं, जिसके कारण चारे की समस्या पैदा हो गई है।

कर्ज कैसे चुकाएं इसकी चिंता, बैंक की ओर से लगातार परेशान करना, कर्जदाता द्वारा पैसे की मांग और आर्थिक स्थिति खराब होने पर परिवार चलाने की चिंता के कारण किसान आत्महत्या कर रहे हैं। इस साल के पिछले आठ महीनों में 865 किसानों ने आत्महत्या की है। आधिकारिक आंकड़ों में कहा गया है कि 865 आत्महत्या करने वाले किसानों में से 475 मामले अनुग्रह राशि के लिए योग्य पाए गए हैं। नियमानुसार 433 मृतकों के परिजनों को संबंधित जिला प्रशासन द्वारा अनुग्रह राशि दी जा चुकी है।इस बीच, संबंधित जिला प्रशासन द्वारा की गई आधिकारिक जांच के बाद 97 मामलों में दावे अयोग्य पाए गए और शेष 113 मामले अभी भी जांच के लिए लंबित हैं।

# हथियार तस्करी गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार, 21 पिस्तौल बरामद

एजेंसी

संगरूर। पंजाब के संगरूर जिला पुलिस ने हथियार तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए इसके पांच पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 21 पिस्तौल बरामद किए हैं।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (पटियाला रेंज) मुखविंदर सिंह छीना ने मंगलवार को यहां बताया कि थाना छाजली पुलिस ने सूचना मिलने पर महलां चौक में दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका और उनकी तालाशी लेने पर उनसे 21 पिस्तौल बरामद हुए। दोनों की पहचान लुधियाना निवासी बलजिंदर सिंह उर्फ रोक और करन



शर्मा के रूप में हुई। दोनों के खिलाफ थाना छाजली में मामला दर्ज किया गया है।

छीना ने बताया कि पूछताछ दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी लुधियाना से मध्य प्रदेश में अवैध हथियार लेने गए थे और वापस आते समय बस बदलने के लिए महलां चौक पर उतर गए , जहां पुलिस पार्टी ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान यह बात भी सामने आई कि आरोपियों से यह पिस्तौल हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के देहनां निवासी कौशल उर्फ गग्गू ने मंगवाया था और उसने ही अवैध हथियार बनाने वाले व्यक्ति से उनका सम्पर्क कराया था।

उन्होंने बताया कि गिरोह के सदस्यों से पूछताछ में इनके आने - जाने और अन्य खर्च को लेकर राजीव कौशल के इशारे पर पैसे ट्रांसफर करने वाले लुधियाना निवासी हेमंत मनहोता को भी गिरफ्तार किया गया है।

साथ ही राजीव कौशल को फिरोजपुर जेल से पेशी वारंट पर लाकर इस मामले में गिरफ्तार किया गया। राजीव कौशल से पूछताछ में यह बात सामने आई कि उसका सम्पर्क रवि बलाचौरिया और लारेंस बिश्नोई गिरोह के कुछ अपराधियों से है और इसने रवि बलाचौरिया के कहने पर ये हथियार मध्य प्रदेश से मंगवाए थे, जिन्हें आगे मोहाली, खरड़ और नवांशहर में विभिन्न अपराधियों को दिया जाना था।

कौशल ने बताया कि ये हथियार अवैध वसूली और आपसी गैंगवार में इस्तेमाल किए जाने थे। कौशल से इस काम में इस्तेमाल किया गया कि मोबाइल फोन भी फिरोजपुर जेल से बरामद किया गया है।

# हिमाचल आपदा को 'राष्ट्रीय आपदा' घोषित करे केंद्र : प्रियंका गांधी


एजेंसी

शिमला। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोगों ने आपदा का मजबूती के साथ एकजुट होकर सामना किया है और केंद्र सरकार को इसे 'राष्ट्रीय आपदा' घोषित करनी चाहिए।

वाड्रा ने मनाली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा,हिमाचल प्रदेश के लोगों ने आपदा का मजबूती के साथ एकजुट होकर सामना किया है और राज्य के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू, सभी मंत्री और कांग्रेस के विधायकों ने ग्राउंड जीरो पर रहकर लोगों की मदद की है। इससे पहले वाड्रा ने आज जिला कुल्लू में भारी बारिश के कारण आपदाग्रस्त स्थानों का दौरा किया और प्रभावितों से भेंट की। उन्होंने कुल्लू के संगम ब्रिज तथा मनाली के आलू ग्राउंड सहित विभिन्न स्थानों का बारिश से हुए नुकसान का निरीक्षण किया। लोगों ने प्रियंका गांधी को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और राज्य सरकार ने आपदा में उन्हें हर संभव मदद प्रदान की है।

## शार्ट न्यूज

### भारत विश्व गुरु बनने की राह पर अग्रसर



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स बरवाला ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक भाषण की 130वीं वर्षगांठ के स्मरण दिवस पर कहा कि स्वामी विवेकानंद का सपना था कि भारत विश्व गुरु बने। अब वो समय आ गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 के सफल आयोजन के बाद लगने लगा है कि मोदी स्वामी विवेकानंद के सपने को साकार करने में कामयाब हो रहे हैं।अपने संबोधन में शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने कहा कि अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद द्वारा दिए गए ऐतिहासिक भाषण की 130वीं वर्षगांठ पर स्वामी विवेकानंद ने अपने उदबोधन में भारतीय सभ्यता, संस्कृति, धर्म और अध्यात्म से समूचे विश्व को परिचित कराया। उनका यह ऐतिहासिक भाषण आज विश्वधरोहर बन गया है और संपूर्ण भारतवासियों को लिए यह दिन गौरवान्वित होने का है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि 130साल बाद ही सही जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद भारत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की राह पर अग्रसर हो रहा है। अब सारा विश्व हमारी बात सुन रहा है।

### रबर बनाने की फैक्ट्री में लगी आग, फायर फाइटर्स ने 30 मिनट में पाया काबू

गाजियाबाद। गाजियाबाद के साहिबाबाद इलाके में मंगलवार दोपहर रबर बनाने की फैक्ट्री में आग लग गई। आग पर करीब 30 मिनट में काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक काफी सामान जलकर राख हो चुका था। फायर फाइटर्स की सक्रियता से आसपास की फैक्ट्रियां आग की चपेट में आने से बच गईं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, मंगलवार दोपहर साढ़े तीन बजे फायर स्टेशन साहिबाबाद पर सूचना मिली कि राजेंद्रनगर गली नंबर-5 में वी9डी इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड में आग लग गई है। इस फैक्ट्री में रबर बनाने का कार्य किया जाता है। सूचना पर साहिबाबाद स्टेशन से अग्निशमन अधिकारी और दो फायर टेंडर रवाना हुए। घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग की लपटें और काला धुआं बहुत तेज था। फैक्ट्री में आग तेजी से फैल रही थी। फायर यूनिट ने शीघ्रता से होजलाइन फैलाकर फायर फाइटिंग शुरू की और करीब 30 मिनट में आग पर काबू कर लिया गया। सीएफओ ने बताया कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं है। माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के चलते ये आग लगी है।

### गाजियाबाद में दो पक्षों में पथराव, गाड़ी तोड़ी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के खोड़ा इलाके में सोमवार रात रुपयों के लेनदेन को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। खूब पथराव हुआ। पुलिस के सामने भी पत्थर बरसाए गए। एक स्कॉर्पियो के शीशे तोड़ दिए। एक-दूसरे पर बोतलें तक फेंकी गईं। पुलिस ने बामुश्किल मामला संभाला। इस मामले में एक युवक की गिरफ्तारी हुई है और कइयों को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और मौके पर शांति बनी हुई है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया, अफजल नामक व्यक्ति ने दिलावर मलिक को कुछ रुपए उधार दिए थे। इन्हीं रुपयों को लेकर कहासुनी हुई। इसी बीच दोनों तरफ से कुछ लोग जुट गए और मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान एक पक्ष ने पथराव शुरू कर दिया और दिलावर पक्ष की स्कॉर्पियो के शीशे तोड़ दिए। खोड़ा पुलिस ने तुरंत पहुंचकर अफजल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब इस बात पर जांच कर रही है कि वो मनी लॉन्ड्रिंग का मामला था या सिर्फ रुपयों का लेनदेन था। दरअसल, खोड़ा में वार्ड-31 के सभासद अफजल और दिलावर मलिक के बीच दो लाख रुपए का लेनदेन काफी दिनों से चल रहा है। पहले भी दोनों पक्षों में कहासुनी हो चुकी है। सोमवार रात करीब साढ़े 10 बजे दोनों पक्षों के लोग एक डेंटिस्ट की दुकान के पास बातचीत कर रहे थे।

### करोड़ों का कर्जा हुआ तो चलवा दी गोली


**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर स्थित मुस्तफाबाद में करोड़ों रुपये का कर्जा होने पर बिल्डर ने खुद के ही घर पर गोली चलवा ली। कर्ज देने वाले लोग रुपये वापस मांगने के लिए बिल्डर पर दबाव बना रहे थे। ऐसे में फंसाने की नियत से बिल्डर ने भाड़े के हमलावर का इंतजाम किया था। इस साजिश से पर्दा उठाते हुए उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस ने बिल्डर के भाई, भाड़े के बदमाश समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान बिल्डर के भाई आमिर अंसारी (42), बदमाश अनस (23) और आकिल उर्फ शाहिद अंसारी (38) के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल पिस्टल, कारतूस और स्कूटी बरामद की है। मामले में पुलिस को मुख्य आरोपी मोहम्मद जरीफ अंसारी सहित अन्य की तलाश है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से मामले की छानबीन कर रही है। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि 26 अगस्त की रात को गली नंबर-5, न्यू मुस्तफाबाद में गोली चलने की सूचना मिली थी। शिकायतकर्ता जरीफ अंसारी के बेटै हारून ने पुलिस को शिकायत दी। हारून ने बताया कि कि 11-30 बजे वह घर के भीतर था। इस बीच बाहर गोली चलने की आवाज सुनी। उसने एक युवक को हेलमेट लगाकर भागते हुए देखा। उन्होंने कुछ लोगों से कर्जा लिया हुआ है। उन लोगों ने ही उन पर गोली चलवा दी।

### डीयू को बदरंग करने पर छात्र नेताओं पर केस

नई दिल्ली। डीयू में छात्रसंघ चुनाव के लिए पोस्टर लगाने का सिलसिला शुरू हो गया है। बार-बार चेताने के बाद भी छात्र नेता पोस्टर लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे में मौरिस नगर थाने में एबीवीपी और एनएसयूआई नेताओं के खिलाफ दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गईं हैं। दोनों ही एफआईआर में पुलिसकर्मियों ने संज्ञान लेते हुए एबीवीपी और एनएसयूआई नेताओं के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट-2007 के तहत दर्ज किया गया है। उत्तरी जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पहली एफआईआर एएसआई सत्यप्रकाश की शिकायत पर की गई। करीब चार बजे वह सुधीर बोस मार्ग होते हुए वापस आ रहा था। इस बीच जैसे ही वह रामजस कॉलेज के नजदीक पहुंचा तो लॉ फैकल्टी के बाहर कई पोस्टर लगे देखे। एक पोस्टर एबीवीपी छात्र नेता तुषार डेढ़ा की ओर से लगे थे जिसमें छात्रों से एबीवीपी को ज्वाइन करने के लिए आह्वान किया गया था। इसी तरह दूसरी एफआईआर हवलदार बृज भूषण की शिकायत पर की गई। लॉ फैकल्टी के बाहर एनएसयूआई छात्र नेता हितेश गुलिया के नाम से पोस्टर लगे थे। इन पोस्टर में हितेश छात्रों को एनएसयूआई ज्वाइन करने के लिए कह रहा था। दोनों पुलिसकर्मियों की शिकायत पर मौरिस नगर थाने में डीयू को बदरंग करने का मामला दर्ज कर लिया गया।

### बदमाश ने सरेराह महिला के गले से लूटी चेन, अब तलाश में जुटी पुलिस

नोएडा । नोएडा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक बदमाश ने एक महिला से सरेराह सोने की चेन लूट ली। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वायरल वीडियो सेक्टर-34 का बताया जा रहा है। वहीं, इस मामले में सेक्टर-24 पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आरोपी की पहचान करने में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, सेक्टर-24 में रहने वाली एक महिला सोमवार को मुख्य मार्ग से होते हुए पैदल अपने घर जा रही थी। तभी पीछे से पैदल आए एक बदमाश ने उनसे महिला के गले से सोने की चेन लूट ली और पीछे की तरफ भाग गया। पुलिस का कहना है कि बदमाश के हुलिए से लग रहा है कि चेन छीनने वाला नशेड़ी है। फिलहास पुलिस बदमाश को पकड़ने का प्रयास कर रही है।



# मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 76वीं ट्रेन रामेश्वरम-मदुरै के लिए रवाना

नयी दिल्ली। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत मंगलवार को 780 बुजुर्गों को लेकर 76वीं ट्रेन दिल्ली से रामेश्वरम और मदुरै के लिए रवाना हुई।

इससे पहले यहाँ त्यागराज स्टेडियम में आयोजित भजन संध्या के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सभी बुजुर्गों से मुलाकात कर उनसे बात की। उन्होंने कहा देश को आजाद हुए 75 साल हो गए। अभी तक किसी भी सरकार ने इस किस्म की कभी योजना नहीं बनाई थी कि बुजुर्गों को अपने जीवन में एक बार किसी तीर्थ स्थल की यात्रा कराई जाए। देश में पहली बार दिल्ली में इस किस्म की योजना बनाई गई। यह यात्रा आठ दिन की होगी। उन्होंने कहा कि अभी तक तीर्थ यात्रा पर 75 ट्रेन जा चुकी है और आज यह 76वीं ट्रेन जा रही है। आज इस यात्रा में 780 लोग जा रहे हैं। हमने सभी तीर्थ यात्रियों के लिए आने-जाने, खाने-रहने आदि की अच्छी से अच्छी व्यवस्था करने की कोशिश की है। उन्होंने लोगों से कहा कि व्यवस्था में कमी हो तो अवगत करायें ताकि अगली बार उसको ठीक करने की कोशिश की जाय। इस अवसर पर राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि पिछले दो-तीन महीने में मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत कई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई गई है। खुशी है कि तीर्थ यात्रा पर जाने वाले बुजुर्गों में सबसे अधिक संख्या महिलाओं की है। उन्होंने कहा, एक महिला अपना पूरा जीवन अपने परिवार की देखभाल, बच्चों के पालन-पोषण में बिता देती है।

जब वह उम्र की इस पड़ाव में पहुंचती है तो ईश्वर की भक्ति में अपना समय बिताना चाहती है। ऐसे में यह योजना हमारी बुजुर्ग माताओं समेत सभी बुजुर्गों को ईश्वर की भक्ति के लिए समय बिताने का मौका देती है।




# 12 कॉमर्शियल प्रोजेक्ट 2025 तक देंगे 48 हजार को नौकरी

नोएडा। नोएडा के 12 कॉमर्शियल प्रोजेक्ट से 2025 तक 48 हजार लोगों को नौकरी मिलेगी। इन प्रोजेक्ट में 20 हजार करोड़ रुपए का निवेश तैयार किया गया है। जिनका ग्राउंड तैयार कर लिया गया है। इन 12 कंपनियों को अक्टूबर लखनऊ में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में भेजा जा रहा है। प्राधिकरण ओएसडी अरुण शर्मा ने बताया कि इन सभी को भूखंड अलॉट हो चुके है। 2025 तक इनको निर्माण पूरा करना होगा। इसमें से कुछ प्रोजेक्ट का निर्माण शुरू हो चुका है।

लखनऊ में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में नोएडा को करीब 90 हजार करोड़ रुपए का टारगेट दिया गया था। जिसमें से करीब 85 हजार करोड़ रुपए का ग्राउंड प्राधिकरण तैयार कर चुका है। यहां ग्राउंड का मतलब कंपनी के सभी कागजी कार्यवाही पूरी करते हुए उनको प्लाट आवंटित करना और निर्माण कार्य शुरू होना। इस क्रम में प्राधिकरण के कॉमर्शियल विभाग ने करीब 20 हजार 303 करोड़ का ग्राउंड तैयार किया। इसमें कुल 12 कंपनियां आई है। ये कंपनियां नोएडा में आलीशान होटल, 1 सुपर मार्ट, 1 इंडस्ट्रियल टाउन शिप, 3 कॉमर्शियल कंप्लैक्स, रेजिडेंशियल ऑफिस, रेंटल ऑफिस और रिटेल शॉप के अलावा 4 रियल स्टेट के प्रोजेक्ट है।

ग्राउंड ब्रेकिंग में सबसे बड़ा निवेश दो कंपनियां कर रही है। इसमें एक एम3एम है। ये कंपनी नोएडा में 7500 करोड़ का निवेश कर रही है। ये कंपनी नोएडा में रेजिडेंशियल ऑफिस, रिटेल सर्विस देगी। इस निवेश से करीब 14 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा इंजका कंपनी 4300 करोड़ का निवेश कर रही है।

# एसएमए पीड़ित बच्चे को लगा 17.5 करोड़ का इंजेक्शन

## घर पहुंचकर सीएम अरविंद केजरीवाल ने जाना हाल

दिल्ली। बेहद दुर्लभ किस्म की बीमारी एसएमए (स्पाइनल मस्कुलर एट्राफी) से पीड़ित डेढ़ साल के कनव को 17.5 करोड़ का इंजेक्शन लग गया है। कनव को जन्म से ही एसएमए नामक गंभीर बीमारी है। मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कनव का हाल जानने के लिए उसके घर पहुंचे और उसके परिजनों से भी बातचीत की। उन्होंने एक्स (ट्विटर) पर इस मुलाकात से जुड़ा वीडियो भी साझा किया है।

बच्चे का हाल लेने के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक्स (ट्विटर) पर वीडियो साझा करते हुए लिखा, कनव को जन्म से ही यह गंभीर बीमारी है। देश में अब तक ऐसे कुल नौ मामले ही हैं। इस बच्चे को 17.5 करोड़ का इंजेक्शन लगना था जो अमेरिका से आना था। इस छोटे बच्चे को एक नई जिंदगी देने के लिए हमारे सांसद संजीव अरोड़ा और संजय सिंह के प्रयासों और जनता के सहयोग से वो इंजेक्शन लग गया है, और बच्चा अभी स्वस्थ है।

धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। जितने भी सेलेब्रिटीज, नेताओं और मीडिया संस्थानों ने इस नेक काम में परिवार की मदद की है उन सभी का बहुत-बहुत शुक्रिया। ईश्वर इस बच्चे को हमेशा स्वस्थ और खुशहाल रखें।



# पिछले कुछ सालों से केजरीवाल और उनकी सरकार प्रदूषण से नहीं बल्कि दिवाली से लड़ रही है : कपिल मिश्रा

## हर साल दिवाली के आसपास पटाखों पर बैन लगाकर केजरीवाल सरकार दिल्ली के व्यापारियों पर इकॉनोमिक चोट करती है

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से दिल्ली सरकार द्वारा पटाखों के बैन को तुष्टिकरण की राजनीति करार देते हुए कहा कि पिछले कुछ सालों से अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार प्रदूषण से नहीं बल्कि दिवाली के उत्साह से लड़ रही है और जैसे ही दिवाली नजदीक आता है वैसे ही पटाखों पर बैन कर देती है जबकि आई.आई.टी. दिल्ली की रिपोर्ट के अनुसार पटाखों से सिर्फ 2 फीसदी प्रदूषण फैलता है। इसलिए सबसे पहले अरविंद केजरीवाल 98 फीसदी प्रदूषण से निपटने के लिए उठाए गए कदम का ब्यौरा दिल्ली की जनता को दिखाए। संवाददाता सम्मेलन का संचालन प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने किया।



कपिल मिश्रा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर को भी दरकिनार किया है और दिवाली पर पटाखों पर बैन लगाकर अपनी नियत एक बार फिर से साफ कर दी है।

भाजपा ग्रीन पटाखों को चलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय को लागू करने की मांग करती है। उन्होंने कहा कि पंजाब चुनाव से पहले पराली से प्रदूषण रोकने की मैजिक सोल्यूशन की बात करने वाले केजरीवाल ने आखिर अब तक क्या किया। पराली घोल पर 60 करोड़ रुपये के विज्ञापन का भी अब तक कोई फायदा नहीं हुआ।

कपिल मिश्रा ने कहा पंजाब में आज आम आदमी पार्टी की सरकार है और आज भी दिल्ली वाले प्रदूषण से घुंट रहे हैं। ऑड-ईवन, डस्ट फ्री सड़के, एयर प्यूरीफायर सहित 16 प्वाइंट्स जो सुप्रीम कोर्ट के एफिडेविड में दिए गए उनका पालन आज तक नहीं किया गया।

प्रदूषण से लड़ने के लिए भाजपा दिल्ली सरकार के साथ है लेकिन प्रदूषण की आड़ में केजरीवाल सरकार किसी एक धर्म पर्व को टारगेट करें यह बर्दास्त नहीं है।

उन्होंने कहा कि अचानक लाया गया प्रतिबंध दिल्ली के पटाखा व्यापारियों के साथ धोखा है और एक इकोनॉमिक चोट है। अगर यह ऐलान कुछ महीने पहले कर दिया जाता तो शायद व्यापारी इसके लिए तैयार होते लेकिन आज उनके साथ भी धोखा किया गया है।

प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि दिल्ली सरकार के पास हर साल कमर्शियल वाहनों के माध्यम से लगभग 500 से 600 करोड़ रुपये पर्यायवरण सेस के रुप में आता है, लेकिन उन पैसो का दिल्ली सरकार ने क्या किया, इसकी आज तक कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि उन पैसों से अगर दिल्ली सरकार हरियाणा और पंजाब के किसानों को मुआवज़ा दे देती तो सम्भवत: वे पराली ना जलाए और प्रदूषण को बहुत हद तक कम किया जा सकता है।

# युवा शिक्षाविद डॉ. राहुल शर्मा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि

## भारत वर्चुअल यूनिवर्सिटी फ़ॉर पीस एंड एजुकेशन ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** भारत वर्चुअल यूनिवर्सिटी फ़ॉर पीस एंड एजुकेशन ने हाल इंडियन सोसाइटी ऑफ इंटरनेशनल लॉ ऑडिटोरियम में एक विशेष दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। समारोह में शिक्षा, समाजसेवा, चिकित्सा सहित विभिन्न श्रेणियों में सराहनीय और प्रशंसनीय कार्य करने वाली अनेक हस्तियों को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर %होली ग्रुप ऑफ स्कूल्ज एंड कॉलेज% के डायरेक्टर एवं युवा शिक्षाविद डॉ. राहुल शर्मा को भी डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह में एयरपोर्ट अडवाइजरी कमेटी (मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन, भारत सरकार) के सदस्य डॉ. राहुल कुमार त्रिपाठी, होली ग्रुप ऑफ स्कूल्स एंड कॉलेज के चेयरमैन एवं वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ. राकेश शर्मा समेत अनेक शख्सियतें मौजूद रहीं। अपने सुपुत्र डॉ. राहुल शर्मा को मिली इस मानद उपाधि से गदगद डॉ. राकेश शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि हर माता-पिता को अपने बच्चों की निरंतर सफलता देखकर गर्व और प्रसन्नता होती है। उनके शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए अनेकों सराहनीय कार्यों की बदौलत ही आज मेरे सुपुत्र को डॉक्टरेट की यह मानद उपाधि मिली है और अब वे डॉ. राहुल शर्मा बन गए हैं।

वहीं डॉ. राहुल शर्मा ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मेरे पूजनीय माता-पिता और बड़े-बुजुर्गों के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से मुझे आज इस मानद उपाधि से नवाजा गया। मैं वचन देता हूं कि समाज के प्रति अपने समर्पण भाव को आगे भी इसी तरह जारी रखूंगा और शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में अपना योगदान देता रहूंगा।



### नोएडा में 17वें फ्लोर से कूदी महिला

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-119 स्थित आम्र पाली प्लेटिनम सोसाइटी में रहने वाली एक महिला ने फ्लैट की बालकनी से कूदकर आत्महत्या कर ली। महिला की पहचान रीना उम्र करीब 41 साल हुई है। घटना के समय परिवार के सभी लोग घर में मौजूद थे। डीसीपी प्रथम हरीश चंदर ने बताया कि मानसिक रूप से स्वस्थ्य नहीं थी। काफी समय से उसका इलाज चल रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों से मामले में पूछताछ की जा रही है। डीसीपी ने बताया कि सेक्टर-119 के एफ-टावर के 17वीं मंजिल पर महिला परिवार के साथ रहती थी। महिला के चार बच्चे है। सभी लोग एक साथ उसी फ्लैट में रहते है। पुलिस ने बताया कि सभी लोग रात में खाना खाकर सो गए। सुबह करीब छह बजे महिला बालकनी में आई। इसके बाद वहां से छलांग लगा दी। महिला कॉमन एरिया में गिरी। आवाज सुनकर वहां सैर सपाटा कर रहे लोग मौके पर पहुंचे।

# महिला पुलिस कर्मियों ने की बलवा मॉक ड्रिल

**नोएडा।** नोएडा में पुलिस कर्मियों को दंगा रोकने व बलवा मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया। इस दौरान ऐसी स्थित पैदा की गई कि मानों दंगा हो रहा है। वहां कैसे घेराबंदी की जाए। उसे कैसे रोका जाए। आदि का अभ्यास कराया गया। ये अभ्यास नोएडा के पुलिस लाइन में डीसीपी महिला सुरक्षा व एडीसीपी प्रीति यादव के नेतृत्व मे किया गया। इस दौरान अलग-अलग टुकड़ियां को दिशा निर्देशों के अनुसार ट्रेंड किया गया । कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से भीड़ और दंगा नियंत्रण की रिहर्सल समय-समय पर कराई जाती है। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में डीसीपी महिला सुरक्षा, एडीसीपी लाइन प्रीति यादव के नेतृत्व में पुलिस लाइन मॉक ड्रिल की गई। इसमें कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने व किसी भी प्रकार की परिस्थितियों का सामना करने के उद्देश्य से सभी थानों व पुलिस लाइन की महिला पुलिस बल द्वारा बलवा व दंगा निरोधक का अभ्यास किया गया। इस दौरान उपकरणों से दंगाइयों को रोकना, आमजन को दंगे के दौरान रेस्क्यू करना, टीयर स्मोक गैस का उपयोग कर भीड़ को तितर बितर करना, पानी की बौछार करना, दंगे के दौरान घायल पुलिसकर्मी या आम जनता के लोगों तक मदद पहुंचाने एवं उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाकर प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने, आदि का अभ्यास किया गया और साथ ही उन्हें हर तरह की परिस्थिति का सामना करने के लिए प्रेरित किया गया।

# वायु गुणवत्ता में होगा और बेहतर सुधार : गोपाल राय

नयी दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को कहा कि प्रदूषण को कम करके वायु गुणवत्ता में और सुधार लाने के लिए 13 हॉटस्पॉट के लिए अलग-अलग कार्ययोजना बनाई जाएंगी।

गोपाल राय की अध्यक्षता में आज यहाँ पर्यावरण को बेहतर बनाने और विंटर एक्शन प्लान के लिए एंवायरमेंटल एक्सपर्ट मीट का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदूषण को कम करने और वायु गुणवत्ता में सुधार को लेकर 13 हॉटस्पॉट के लिए अलग-अलग कार्य योजना बनाई जाएगी। इस एंवायरमेंटल एक्सपर्ट मीट में विंटर एक्शन प्लान के मुख्य बिन्दु पर चर्चा की गई। एनवायरमेंटल एक्सपर्ट मीट में आई.आई.टी. कानपुर के विशेषज्ञों ने कृत्रिम बारिश पर एक प्रजेंटेशन भी प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों और संस्थाओ के अधिकारी और प्रतिनिधियों द्वारा सुझावों पर आगे का विंटर एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा। इस मीट का मुख्य उद्देश्य यह है कि एक्सपर्ट द्वारा दिए गए सुझाव से विंटर एक्शन प्लान को और प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री के साथ मीटिंग हुई, जिसमें बहुत से उद्योगपति भी शामिल थे। उसमें यह सुझाव आया था कि दिल्ली के अंदर जो सिवियर दिन होते हैं, उनमें कृत्रिम बारिश कराई जाए। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि प्रदूषण को कम करने और वायु गुणवत्ता में सुधार को लेकर 13 हॉटस्पॉट के लिए अलग-अलग कार्य योजना बनाई जाएगी। विशेषज्ञों ने भी राय दी है कि इन सभी हॉट स्पाटों पर अलग-अलग एक्शन प्लान बनाकर वहां के प्रदूषण को कम किया जाए, जिससे दिल्ली में प्रदूषण को और कम किया जा सके।



# किसानों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के गेट पर जड़ा ताला

## 118 वें दिन किसानों ने किया जमकर धरना-प्रदर्शन, तोड़े बैरिकेड्स, पुलिस से हुई झड़प

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर पिछले 118 दिनों से धरना दे रहे किसानों ने मंगलवार को जमकर प्रदर्शन किया। किसानों ने प्राधिकरण के दोनों गेटों पर ताला जड़ दिया। इस दौरान पुलिस और किसानों के बीच जमकर झड़प भी हुई। उग्र किसानों ने प्राधिकरण के गेट पर लगाए गए बैरिकेड्स गिरा दिए। वहीं, प्राधिकरण और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्राधिकरण के दोनों मेन गेट पर किसानों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रही। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों को नहीं माना जाएगा, वे अपना धरना-प्रदर्शन खत्म नहीं करेंगे। प्रदर्शन में सपा विधायक अतुल प्रधान भी शामिल रहे।

### 50 गांव के किसान पहुंचे, कई हुए चोटिल

जानकारी मुताबिक, धरना-प्रदर्शन करने 50 गांवों के किसान पहुंचे थे। इस दौरान बैरिकेड्स गिराते समय कई किसान चोटिल हुए हैं। वहीं, मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने पूरे धरना-प्रदर्शन की वीडियोग्राफी की है। धरना-प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों और किसानों के बीच झड़प भी देखने को मिली। वहीं एक किसान बैरिकेड्स लांघने के बाद बेहोश होकर गिर पड़ा।

### मांग पूरी नहीं हुई, तो होगा उग्र आंदोलन

किसानों से हुई झड़प में कुछ पुलिसकर्मियों के घायल होने की भी सूचना है। मामले पर किसान नेता बृजेश भाटी ने कहा कि आज घेरा डालो-डेरा डालो कार्यक्रम के तहत प्राधिकरण का घेराव किया गया है। इसके साथ ही तालाबंदी की गई है। किसानों की मांगों को नहीं माना गया तो यह आंदोलन और उग्र होगा। किसानों के साथ दिखावा किया जा रहा है। उन्हें छला जा रहा है।

वही इस प्रदर्शन में शामिल हुए समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान ने कहा, नोएडा में जगह-जगह पर किसानों के धरना प्रदर्शन चल रहे हैं लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है। सरकार किसानों की बात को सुनना ही नहीं चाहती है। किसान अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं और हम किसानों के साथ हैं। जब तक किसानों की मांग पूरी नहीं हो जाती, उनका यह प्रदर्शन चलता रहेगा। हम किसानों को पूरा साथ देंगे।

### इससे पहले 122 दिन चला था धरना

इन मांगों को लेकर प्राधिकरण के प्रशासनिक खंड के कार्यालय पर करीब 122 दिन धरना चला था। ये धरना 2021 में किया गया था। सांसद और विधायक के हस्ताक्षेप के बाद धरना समाप्त किया गया। इस दौरान किसानों ने भूख हड़ताल के साथ ताला बंदी तक की थी। अब दोबारा से किसान प्रदर्शन कर रहे है। गौरतलब है कि किसानों की प्राधिकरण के अधिकारियों के बीच कई दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन वह सब विफल रही है।



# संपादकीय



## खालिस्तानी चरमपंथ पर चिंता

खालिस्तानी संगठन दरअसल, कनाडा को अब आतंकवाद की नर्सरी में तब्दील करते और उसे अपने मुख्यालय की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। अनेक खालिस्तान समर्थक चरमपंथी संगठन कई देशों में अपनी गतिविधियां चला रहे हैं, लेकिन कनाडा में ये अधिक सक्रिय हैं।

प्रधानमंत्री ने खालिस्तानी चरमपंथियों की भारत विरोधी गतिविधियों का मुद्दा उठाते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को भारत की चिंताओं से अवगत कराया। उन्होंने स्पष्ट उल्लेख किया कि खालिस्तानी चरमपंथी कनाडा में अलगाववाद को बढ़ावा और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा भड़का रहे हैं। राजनयिक परिसरों में तोड़फोड़ और भारतीय समुदाय तथा उनके पूजा स्थलों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने यह बात जोर देकर कही कि दोनों देशों के संबंधों की प्रगति के लिए परस्पर सम्मान और विश्वास पर आधारित संबंध बहुत आवश्यक हैं।

भारत पहले भी कनाडा के समक्ष खालिस्तानी चरमपंथ के उभार और उससे खड़ी होने वाली चुनौतियों का मुद्दा उठाता रहा है, लेकिन इस बार प्रधानमंत्री ने जी20 की व्यस्तताओं के बीच जस्टिन ट्रूडो से इस मामले में बात की। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हाल के दिनों में कनाडा में भारतीय समुदाय, विशेषकर राजनयिकों के खिलाफ प्रदर्शन, हिंदू मंदिरों पर हमले और दिवाली जैसे त्योहारों में खलल डालने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। इस प्रकार की अधिकतर घटनाओं में खालिस्तानी चरमपंथी तत्त्वों का हाथ रहा है, वे खुलकर इन घटनाओं की जिम्मेदारी भी लेते रहे हैं। पिछले दो साल में तो वैंकुवर, टोरंटो, सरे, ब्रैंपटन, मिसीसागा जैसे शहरों में स्थित अनेक हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ या विरुपित करने की करीब दर्जन भर घटनाएं सामने आई हैं। दरअसल, इसी साल जून में सिख फार जस्टिस संगठन से जुड़े चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की अज्ञात लोगों ने गोली मार कर हत्या कर दी। भारत की इकतालीस खूंखार आतंकियों की सूची में उसका भी नाम था। इसलिए कनाडा में सक्रिय खालिस्तानी चरमपंथियों ने इस हत्या के लिए भारत सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए भारतीय उच्चायोग पर उग्र प्रदर्शन और तोड़फोड़ की थी। इसके अलावा अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब सरकार की कार्रवाई को लेकर भी कनाडा के चरमपंथी गुटों में कड़ी प्रतिक्रिया देखने को मिली। भारत और कनाडा के संबंध मित्रवत रहे हैं, लेकिन कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथी तत्त्व न केवल अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे, बल्कि वहां रह रहे भारतीयों को आए दिन धमकी देकर भयभीत कर रहे हैं। हिंदू मंदिरों पर हमले और भारत विरोधी रैली-कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। खालिस्तानी संगठन दरअसल, कनाडा को अब आतंकवाद की नर्सरी में तब्दील करते और उसे अपने मुख्यालय की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। अनेक खालिस्तान समर्थक चरमपंथी संगठन कई देशों में अपनी गतिविधियां चला रहे हैं, लेकिन कनाडा में ये अधिक सक्रिय हैं। प्रधानमंत्री ने ठीक ही कहा कि संगठित अपराध, मादक पदार्थ गिरोह और मानव तस्करी के साथ ऐसी ताकतों का गठजोड़ भारत ही नहीं, कनाडा की भी चिंता का विषय होना चाहिए। हालांकि ट्रूडो ने अपनी वही पुरानी प्रतिक्रिया दोहराई कि उनका देश शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की स्वतंत्रता की हमेशा रक्षा करेगा, हिंसा को रोकेगा और नफरत के लिए अपनी धरती का इस्तेमाल नहीं होने देगा। यही बात तो उन्होंने उस समय भी कही थी जब खालिस्तानी तत्त्वों ने भारतीय दूतावास पर प्रदर्शन कर तोड़फोड़ की थी। उसके बाद भी खालिस्तान के समर्थन में जनमत संग्रह कराया गया। स्वाभाविक ही कनाडा सरकार का यह लचीला रवैया भारतीय नेतृत्व के लिए चिंता का विषय है। लगभग चार करोड़ की आबादी वाला कनाडा स्वयं को धर्मनिरपेक्ष देश कहता है। वहां भारतीय मूल के लोगों की आबादी उसकी कुल जनसंख्या की चार फीसद है। भारतीयों की इतनी बड़ी आबादी के खिलाफ किसी भी हिंसात्मक अभियान या एजेंडे को भारत को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की सूरत

सुरक्षा परिषद में हालांकि पंद्रह सदस्य होते हैं, जिनमें से पांच स्थायी हैं और दस अस्थायी होते हैं, जिन्हें दो-दो साल के लिए चुना जाता है। मगर जब भी कोई अहम फैसला करना होता है, तो स्थायी सदस्यों की ही सहमति मान्य होती है। वे पांच देश हैं अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम। जबकि अब भारत, ब्राजील, जर्मनी, चौवन देशों का अफ्रीकी समूह आदि दुनिया के भू-राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य में ज्यादा अहमियत रखते हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की दरकार अनेक मौकों पर रेखांकित की जा चुकी है। अभी जी20 शिखर सम्मेलन के मंच से प्रधानमंत्री ने भी इसकी जरूरत पर बल दिया। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष ने कहा था कि सुरक्षा परिषद के स्वरूप में बदलाव किया जाना चाहिए, क्योंकि यह संस्था अब अपनी प्रासंगिकता लगभग खो चुकी है। यह बात उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर कही थी। पिछले साल संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी कहा था कि इस संस्था को और समावेशी बनाया जाए, ताकि वह आज की दुनिया की जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा कर सके। सुरक्षा परिषद में स्थायी और अस्थायी, दोनों तरह के सदस्यों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। इनमें अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देश भी शामिल हों। भारत कई मौकों पर यह बात दोहरा चुका है, मगर इस बार चूंकि जी20 शिखर सम्मेलन के मंच से प्रधानमंत्री ने यह बात कही तो उसका अलग मतलब है। दरअसल, दुनिया का स्वरूप काफी तेजी से बदला है, इसमें केवल कुछ देश शक्तिशाली की कतार में खड़े होकर नए विश्व की वास्तविकताओं से आंखें नहीं चुरा सकते। जी20 इसका बड़ा उदाहरण है कि विकसित कहे जाने वाले राष्ट्रों को आखिरकार विकासशील या तीसरी दुनिया कहे जाने वाले देशों को भी अपने साथ जोड़ना पड़ा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के गठन के बाद से अब तक इसके सदस्य देशों की संख्या चार गुना बढ़ चुकी है, मगर इसमें मुख्य वार्ताकार वही पांच देश हैं, जो शुरू में रखे गए थे। उन्हीं पांच देशों को स्थायी सदस्यता प्राप्त है और वे जिस मुद्दे पर जो राय बनाना चाहते हैं, जैसा फैसला करना चाहते हैं, कर लेते हैं। वे परस्पर अपने हितों में संतुलन बनाने का प्रयास करते देखे जाते हैं। अगर किसी मुद्दे से उनमें से किसी के भी स्वार्थ पर आंच आती है, तो वह अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए उस मुद्दे पर आम राय बनने से रोक देता है। इस तरह कई मौकों पर देखा गया है कि जब कोई देश किसी अन्य देश पर युद्ध थोप देता और संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के नियमों का उल्लंघन करता देखा जाता है, तब सुरक्षा परिषद चुप्पी साधे रहती है। रूस की तरफ से यूक्रेन के खिलाफ छेड़े गए युद्ध में भी यह साफ-साफ देखा गया। रूस चूंकि खुद सुरक्षा परिषद का सदस्य है, इसलिए उसके खिलाफ सुरक्षा परिषद की कड़ाई की कोई अपेक्षा नहीं की जा सकती। सुरक्षा परिषद में हालांकि पंद्रह सदस्य होते हैं, जिनमें से पांच स्थायी हैं और दस अस्थायी होते हैं, जिन्हें दो-दो साल के लिए चुना जाता है। मगर जब भी कोई अहम फैसला करना होता है, तो स्थायी सदस्यों की ही सहमति मान्य होती है। वे पांच देश हैं अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम। जबकि अब भारत, ब्राजील, जर्मनी, चौवन देशों का अफ्रीकी समूह आदि दुनिया के भू-राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य में ज्यादा अहमियत रखते हैं। इन्हें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता न दिए जाने से वैश्विक मामलों में लिए जाने वाले निर्णयों में स्पष्ट असंतुलन नजर आता है। इसीलिए अब दुनिया के तमाम देश संयुक्त राष्ट्र की संस्थाओं में बदलाव की मांग उठाते देखे जाते हैं। मगर मुश्किल यह है कि इसके स्थायी सदस्य ऐसे किसी बदलाव को लेकर उदासीन ही देखे जाते हैं। इसमें सुधार की सूरत तभी बनेगी, जब इसके स्थायी सदस्य वैश्विक हितों को लेकर सचमुच संजीदा होंगे।

## अब अदालतें भी चिन्तित हैं माता-पिता की उपेक्षाओं पर



- ललित गर्ग -

नये बन रहे समाज एवं पारिवारिक संरचना में माता-पिता का जीवन एक त्रासदी एवं समस्याओं का पहाड़ बनता जा रहा है, समाज में बच्चों के द्वारा बुजुर्ग माता-पिता की उपेक्षाओं एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता इतनी अधिक बढ़ गयी है कि अदालतों को दखल देना पड़ रहा है। माता-पिता भोजन-पानी, दवाई, जरूरत की चीजों से महरूम ही नहीं हो रहे हैं बल्कि उनके सम्मान की स्थितियां भी नगण्य होती जा रही है। वृद्ध माता-पिता की यह दुर्दशा एक विकराल समस्या के रूप में उभर रही है। सुविधावाद, भौतिकता एवं धन के बढ़ते वर्चस्व के बीच माता-पिता अपने ही बच्चों की प्रताड़ना के शिकार है। ऐसी बढ़ती समस्याओं पर नियंत्रण के लिये अदालतों को न सिर्फ दखल देना पड़ रहा है बल्कि बच्चों को पाबंद करना पड़ रहा है कि वे अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करें और उनको सम्मान दें। मद्रास उच्च न्यायालय का ऐसा ही एक फैसला आज के समाज में खून के रिश्तों पर सवाल खड़ा करने वाला है। न्यायालय ने अपने फैसले में साफ किया है कि बुजुर्ग अभिभावकों की इच्छा पूरी करना बच्चों का दायित्व है। न्यायालय का यह फैसला सिर्फ किसी बच्चे और अभिभावकों के बीच संपत्ति विवाद तक सीमित नहीं है। इसे व्यापक अर्थों में देखने और समझने की जरूरत है। संवेदनशील मानसिकता के निर्माण से समाज का माहौल बदल सकता है। अदालत चाहती है कि वृद्ध माता-पिता को उदासीनता एवं उपेक्षा से मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित किया जाये ताकि एक आदर्श परिवार की संरचना को जीवंत किया जा सके एवं वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा को अदालत ने उजागर कर समाज को जागृत करने का सराहनीय काम किया है।

ऐसा युग जहां रिश्तों की जगह धन हावी होता जा रहा है। इसी कारण वृद्धों को लेकर गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, ये समस्याएं अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण खड़ी हुई हैं। चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके, इसी बात पर अदालत ने अपने फैसले में बल दिया है। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्ध माता-पिता के जीवन को दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। सवाल यह है कि जो माता-पिता कष्ट सहकर भी अपने बच्चों को अच्छी जिंदगी देने की भरपूर कोशिश करते हैं, उन्हीं मां-बाप के बुजुर्ग होने पर बच्चे उनकी देखभाल से जी क्यों चुराने लगते हैं? बच्चों की नजर मां-बाप की संपत्ति तक ही सीमित होकर क्यों रह जाती है? ऐसी बात नहीं है कि सभी बच्चे अपने मां-बाप की उपेक्षा कर रहे हैं, लेकिन आसपास नजरें घुमाने पर ऐसे मामले हर कहीं नजर आ जाते हैं।



जाहिर है ऐसे मामले बढ़ रहे हैं।

वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सृसंस्कृत परिवार परम्परा पर काला दाग बनता जा रहा है। अदालत की यह संवेदनशील सोच है जिससे बच्चों एवं माता-पिता के बीच बढ़ते फासलों को दूर किया जा सकता है, अदालत चाहती है कि ऐसा परिवेश निर्मित हो जिसमें परिवार के वृद्ध हमें कभी बोझ के रूप में दिखाई न दें, हमें यह कभी नहीं सोचना पड़े कि इनकी उपस्थिति हमारी स्वतंत्रता को बांधित करती है। उन्हें पारिवारिक धारा में बांधकर रखा जाये। लेकिन हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्ध माता-पिता की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्ध माता-पिता को मुक्ति दिलानी होगी। सुधार की संभावना हर समय है। हम पारिवारिक जीवन में वृद्ध माता-पिता को सम्मान दें, इसके लिये सही दिशा में चले, सही सोचें, सही करें। वृद्ध माता-पिता से जुड़े मामलों का बोझ अदालतों में बढ़ना एक गंभीर समस्या है, इसके लिये आज विचारक्रांति ही नहीं, बल्कि व्यक्तिक्रांति एवं परिवार-क्रांति की जरूरत है।

हमारा भारत तो बुजुर्गों को भगवान के रूप में मानता है। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण हैं कि माता-पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में वृद्ध माता-पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। इस समस्या की शुरुआत तब होती है, जब युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों को उपेक्षा की निगाह से देखने लगती है और उन्हें बुढ़ापे और अकेलेपन से लड़ने के लिए असहाय छोड़ देती है। आज वृद्धों को अकेलापन, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा, तिरस्कार, कटुक्तियां, घर से निकाले जाने का भय या एक छत की तलाश में इधर-उधर भटकने का गम हरदम सालता रहता। इन्हीं स्थितियों से जुड़े मामले न्याय पाने के लिये अदालत की शरण लेते हैं।

माता-पिता की उपेक्षा करने वाले बच्चे यह क्यों नहीं समझते कि उम्र के जिस दौर से उनके माता-पिता गुजर रहे हैं, कल उसका सामना उन्हें भी करना पड़ेगा। विचारणीय सवाल यह है कि क्या न्यायालय का काम बच्चों को मां-बाप की सेवा करने की नसीहत देने का होना चाहिए? जब पानी सिर से ऊपर गुजरने लगता है, तब न्यायालयों को ऐसे मामलों में कड़े निर्णय लेने पड़ते हैं और तीखी टिप्पणी करनी पड़ती है। भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' की सोच रखने वाला देश है। ऐसी सोच जिसमें पूरा विश्व एक परिवार है। ऐसे विलक्षण विचार को जन्म देने वाले देश में यदि बच्चे अपने मां-बाप की देखभाल से बचने लगें और उनका अपमान तक करने लगें, तो चिंता होना स्वाभाविक है। एकल परिवारों की वजह से भी यह समस्या बढ़ी है। स्वच्छंद जीवन एवं सुविधावाद ने भी इस समस्या को गहराया है, तभी वृद्ध माता-पिता इतने कुंठित एवं उपेक्षित होते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज-निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है, उन्हें वृद्धों को लेकर भी चिन्तन करते हुए वृद्ध-कल्याण योजनाओं को लागू करना चाहिए, ताकि वृद्धों की प्रतिभा, कौशल एवं अनुभवों का नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में समुचित उपयोग हो सके एवं आजादी के अमृतकाल को वास्तविक रूप में अमृतमय बना सके। अपने को समाज एवं परिवार में एक तरह से निष्प्रयोज्य समझे जाने के कारण वृद्ध माता-पिता सर्वाधिक दु:खी रहता है। वृद्ध माता-पिता को इस दु:ख और संत्रास से छुटकारा दिलाने के लिये सरकार के द्वारा ठोस प्रयास किये जाने की बहुत आवश्यकता है।

संवेदनशून्य समाज में इन दिनों कई ऐसी घटनाएं भी प्रकाश में आई हैं, जब संपत्ति मोह में वृद्ध माता-पिता की हत्या तक कर दी गई। ऐसे में स्वार्थ का यह नंगा खेल स्वयं अपनों से होता देखकर वृद्ध माता-पिता को किन मानसिक आघातों से गुजरना पड़ता होगा, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता। वृद्धावस्था में माता-पिता मानसिक व्यथा के साथ सिर्फ सहानुभूति की आशा जोहती रह जाती है। बड़े शहरों में ही नहीं अब तो छोटे ग्रामों में भी परिवार से उपेक्षित होने पर बूढ़े-बुजुर्गों को 'ओल्ड होम्स' की शरण लेनी पड़ती है। बड़ी संख्या में 'ओल्ड होम्स' का होना विकास का नहीं, अभिशाप का प्रतीक है। यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है।

## देश में बाल कुपोषण विकराल समस्या

बच्चे देश के भविष्य होते है यदि देश का भविष्य ही कुपोषित रहेगा, कमजोर रहेगा तो सशक्त राष्ट्र की कल्पना करना बेमानी होगाद्य देश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक हैद्य सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 35 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार है और इनमें 50त्न बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैंद्य देश में भले ही जोर शोर से बाल दिवस हर साल मनाया जाता है और उसी पर करोड़ों खर्च कर दिया जाता हैद्य देश में एक महिला तथा बाल विकास मंत्रालय अलग खोल के रखा गया है, पर बच्चों के कुपोषण पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका है। ऐसी क्या वजह है की नौनिहालों के पोषण के लिए केंद्र या राज्य सरकार के पास इतने संसाधन होने के बावजूद धन मुहैया नहीं हो पाता हैद्य मलेरिया, टीबी और ना जाने अन्य कितनी बीमारियों पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अरबों रुपए खर्च कर दिए हैं, पर जो भारत की मुख्य रीढ़ की हड्डी है यानी कि आने वाले कल के नागरिक वर्तमान के बच्चे यदि कुपोषित हैं तो यह अत्यंत चिंतनीय सोचनीय तथा विचारणीय पहलू हैद्य सरकारी एजेंसियों द्वारा एक आर,टी,आई के जवाब में बताया गया कि 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों संकलित आंकड़ों के मुताबिक 34 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्यप्रदेश हैद्य विगत दिनों करोना संक्रमण के कारण भी बच्चे कुपोषित हुए हैं और आने वाले कल के दिन में भी और बच्चों के कुपोषण कथा मृत्यु की आशंका बढ़ गई हैद्य सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 18 लाख बच्चे बहुत ज्यादा कुपोषित है एवं शेष 16लाख बच्चे अल्प कुपोषित हैं। जब अरबों रुपए अन्य बीमारियों के संक्रमण में लगाए जा सकते हैं तो एक अभियान के तहत बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए भी मैराथन प्रयास किए जाने चाहिए । जिससे बच्चे तो कम से कम कुपोषित ना हो वैसे भारत कुपोषण के मामले में वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से भी पीछे है उसका नंबर 101वां है, ऐसे हालात में महिला तथा बाल विकास को महिलाओं तथा बच्चों के लिए ही एक विशेष अभियान चलाकर उन्हें कुपोषित होने से बचाना होगाद्य पोषण ट्रैकर के हवाले से बताया गया कि सिर्फ महाराष्ट्र में ही कुपोषित बच्चों की संख्या छह लाख दर्ज की गई है जिनमें 1,57 लाख बच्चे अल्प कुपोषित तथा 4,58 लाख बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। दूसरे नंबर पर बिहार प्रदेश आता है जहां 5लाख कुपोषित बच्चे और तीसरे नंबर पर गुजरात प्रदेश होता है जहां 3: 30 लाख बच्चे कुपोषित हैं। महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्य प्रदेश बहुत सक्षम और देश के बड़े राज्य हैं, यहां पर स्वास्थ्य विभाग पर अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं, फिर ऐसी क्या वजह है कि बच्चों के कुपोषण की दर इतनी ज्यादा तथा चिंताजनक हो गई है।

कुपोषित बच्चे भी बड़े होते हैं तो वह कई बीमारियों को लेकर धीरे-धीरे बढ़ते हैं और इससे उनकी लंबाई तथा स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है देश के 34 प्रतिशत कुपोषित बच्चों का कद औसत कद से बहुत कम हो जाता है।

## पंखुड़ियां सा तेरे सामनें बिखर जायेंगे !

पंखुड़ियां सा तेरे सामनें बिखर जायेंगे !
गजरे सा तेरे गेसुओं में संवर जाएंगे।

जरा अपनी सांसों को रखिए महफूज,
खुशबू सा तेरी सांसो मे ठहर जायेंगे!

महसूस करने की कोशिश तो कीजिए!
यादों सा तेरे दिल मे उतर जायेंगे!!

जेहन में रहकर भी, क्यों इतनी दूरियां,
नजदीक आइये,थोड़ा हम भी निखर जाएंगे।

जरा नजरें इनायत तो करिए हुजूर,
दूर होकर भी बेहद नजदीक नजर आएंगे!!

इंतजार की अब इन्तहाँ हो गई शायद,
थोड़ा हम भी तेरी जुल्फों में ठहर जाएंगे।



संजीव ठाकुर
रायपुर

## विश्व में सर्वाधिक तीसरे नंबर की बोले जाने वाली भाषा है हिंदी



-सुरेश सिंह बैस शाश्वत

राष्ट्र कोई भौगोलिक इकाई ही मात्र नहीं है, उससे अधिक कुछ और है। हमारी धर्म, भाषा, वेशभूषा, परंपरा रीतिरिवाज आदि के द्वारा बाहर से अलग दिखाई देने वाला राष्ट्र भीतर से एक ऐसे अंतर धारा से जुड़ा होता है, जो उसके प्राणों को सींच कर उसे सोशलिस्ट बनाता है। अगर ऐसा नहीं होता तो पंजाब के नानक, कश्मीर के ललधर, महाराष्ट्र के एकनाथ, उत्तरप्रदेश के कबीर, असम के शंकरदेव गुजरात के नरसी मेहता, सिंध के एवल, बंगाल के चौतन्य, दक्षिण के कटाचा वेंकटैया तिवरल्लुर सहित अनेक लोगों की साहित्य की भाव भूमि एक नही होती। जिस प्रकार राष्ट्र भौगोलिक ईकाई से कुछ अधिक है, ठीक उसी प्रकार भाषा अभिव्यक्ति के माध्यम से भी कुछ अधिक है। इसमें पूरे राष्ट्र का जीवन उसकी संस्कृति और सभ्यता संपादित होती है। सीखी हुई दूसरी भाषा की धारणा शक्ति चाहे जितनी समृद्ध हो, वह उतनी नहीं होती कि वह किसी राष्ट्र के जीवन के सभी अंतर्संबंधों को अपने संपूर्ण वैशिष्ट्य के साथ व्यक्त कर सके। अत: राष्ट्र अपने चरित्रगत वैशिष्ट्य को जिस भाषा के माध्यम से अधिक स्पष्ट रूप से उद्घाटित करता है और अधिक से अधिक जन समाज तक पहुंचाता है दरअसल वही राष्ट्रभाषा होती हैं। इस कसौटी पर हिंदी हमारे देश के लिये एकदम खरी उतरती है। अत: निर्विवाद तौर पर हिंदी भाषा देश की राष्ट्रभाषा है। वह इसलिये क्योंकि यह भारत की सामयिक संस्कृति की वाहक है। हर क्षेत्र, प्रांत, तथा हर वर्ग के लोगों ने इसे सजाया संवारा है. हर भाषा के शब्दों को आत्मसात करने की क्षमता ने इसे व्यापक धरातल प्रदान किया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब राजभाषा का प्रश्न सामने आया तो देश के बहुत बड़े भूभाग में बोली जाने वाली और लगभग पूरे देश में समझी जाने वाली देशवासियों के बीच आदान प्रदान की सहज सुलभ भाषा हिंदी को स्वभावतरू प्रधान राजभाषा का दर्जा दिया गया, और प्रतिष्ठित किया गया. और तब भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के द्वारा यह परिभाषित किया गया कि भारतीय संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी। भारत के संविधान में भाषा संबंधी जो उपबंध उसके अनुसार प्रारंभ में हिंदी के साथ पंद्रह वर्षों तक अंग्रेजी का प्रयोग चलना था, और उसके बाद 1965 से राजकाज की भाषा हिंदी हो जानी थी




किंतु 1965 आते-आते इसका ऐसा संशोधन कर दिया गया कि 15 वर्षों के लिए की गई अस्थाई व्यवस्था का स्थाई इंतजाम हो गया। यह सही है कि संविधान में राजभाषा की व्यवस्था किये जाने पर शुरु शुरु में हिंदी को समृद्ध करने की दिशा में बहुत कुछ किया गया। हिंदी को प्रतिष्ठ करने तथा उसे हर विषय के भाव और भंगिमा को अभिव्यक्त करने की दृष्टि से समृद्ध भाषा बनाने के प्रयास हुए। इस दिशा में सरकार भी आगे बढ़ी और अनेक संस्थाएं भी आगे आई। ये समय राष्ट्रीयता का उत्कर्ष काल था अत: राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक भाषा, संस्कृत, साहित्य सभी की एक चेतना से उद्दीप्त करने के प्रयास हुए, किंतु धीरे-धीरे इस पर प्रादेशिकता, सरकारी सेवाओं में वर्चस्व राजनीतिक छल और वोटों के जुगाड़ के लिए राष्ट्रीय हितों से समझौतों की पर्त चढ़ती चली गई। वक्त बीतते बीतते सब कुछ बदल गया। सभी करके किये कराए पर पानी फिर गया। हम जहां खड़े थे वही के वंही खड़े रह गए। प्रशासन की शब्दावली हमारे पास है किंतु प्रशासक, हमारे कर्मचारी तंत्र उसका इस्तेमाल नही सके। एक बाहरी भाषा (अंग्रेजी) का उपयोग कर अपनी शान में बढ़ोत्तरी समझते हैं। विधि की शब्दावली हमारे पास है। कानून हिंदी में है किंतु न्यायाधीश हिंदी में फैसले नही लिखते। वैज्ञानिक शब्दावली, व्यवसाय की शब्दावली के पोथे के पोथे हमने रच डाले हैं, किंतु उनका प्रयोग करने वाला कोई नही है। यह तो वही हुआ ना हम बिना नदी में कूदे तैरना जान जांये। देखा जाए तो भाषा को लेकर सबसे बडा छल कानूनों के मामले में किया जाता है। अनेक हिंदी भाषी राज्यों में कानूनों की भाषा हिंदी है और उसका अंग्रेजी अनुवाद राष्ट्रपति के प्राधिकार से प्रकाशित किया जाता है, लेकिन क्या ऐसा होता है? जी नहीं, आज भी स्थिति वही है। किसी न किसी पुराने कानूनों को आधार बनाकर कानून का प्रारूपण अंग्रेजी में होता है, फिर उसका हिंदी अनुवाद किया जाता है और फिर ठप्पा मूल अधिनियम का लगा दिया जाता है।

मूल अंग्रेजी का जो कानून लिपिबद्ध रहता है वह अंग्रेजी प्राधिकृत अनुवाद हो जाता है। कानूनों के अनुवाद की बैशाखी ढोते ढोते 76 वर्ष गुजर गए लेकिन हिंदी प्रारूपण के क्षेत्र में यहां कुछ भी नहीं हुआ और न निकट भविष्य में कुछ होता दिखाई देता है। प्राय: कहा जाता है कि कानून की भाषा सहज नहीं है किंतु अनुवाद के सहारे भाषा सहज बने कैसे? फिर न्यायालयों में व्याख्या भी। अंग्रेजी पाठ के माध्यम से ही होती है अत: उस अनुवाद की भाषा का विश्लेषण तथा व्याख्या नहीं होने से भाषा में निखार और सुनिश्चितता कैसे आवेगी? बस यथास्थिति बनी हुई है। जैसा चला आ रहा है वैसा ही चल रहा है। चलता ही रहेगा। उधर अंग्रेजी को देखिए कानून के एक-एक शब्द की व्याख्या पर पोथियां मौजूद हैं, हिंदी बिचारी के भाग्य में अभी यह सब कहां।

शिक्षा के मामले में दशा और भी बद्तर है। उच्च शिक्षा सभी जगह अंग्रेजी में हैं यद्यपि अंग्रेजों के समय प्रशासन की भाषा अंग्रेजी चलाई गई थी फिर आवश्यकता को देखते हुए हाई स्कूल तक शिक्षा का माध्यम हिंदी ही रही। होना तो यह चाहिए था कि हिंदी ऊपर उठकर महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों तक जाती। लेकिन हुआ इसका बिल्कुल उल्टा। पब्लिक स्कूलों के प्रति सम्मोहन ने कुछ ऐसा माहौल पैदा कर दिया कि अब मध्यम वर्ग का आदमी अपने बच्चों को उन स्कूलों में भर्ती के लिए पंक्तिबद्ध खड़ा है। यह पीढ़ी जब पढ़कर बाहर आएगी तब तक राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रति अनुराग का उसका रस सूख चुका होगा।

# शार्ट न्यूज

## रायबरेली में करंट लगने से महिला की मौत

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के ऊंचाहार इलाके में बारिश के मौसम में बिजली के नंगे तार की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को ऊंचाहार इलाके में घर में सफाई करने के दौरान बिजली के नंगे तार पर हाथ लगने से महिला को करंट लग गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि मृतका का नाम रितु (32) है। घर की साफ सफाई के दौरान बिजली के नंगे तार पर उसका हाथ लगने से जोर से करंट लग गया था और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी। इत्तेफाक की बात यह है कि जिस समय महिला को करंट लगा उसके परिजन घर पर नहीं थे। मृतका का पति जो कि कबाड़ी का काम करता है वह भी घर से बाहर था। जब परिवार के लोग घर आये तो उन्होंने रितु को गंभीर हालत में देखा। घबराये परिजन तत्काल उसे सीएचसी लेकर पहुचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद सुबह करीब 9 बजे पुलिस को इसकी सूचना दी गयी। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए शव अपने कब्जे में ले लिया है और मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मुरादाबाद परिक्षेत्र पुलिस ने चलाया विशेष अभियान, 436 इनामी एवं वांछित अपराधी गिरफ्तार

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद परिक्षेत्र में नौ से 11 सितंबर की देर रात तक पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत कुल 436 इनामी, वांछित, एनबीडब्ल्यू वारंटी, आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद मुनिराज जी के निर्देशन में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण एवं अंकुश लगाने हेतु नौ सितंबर से कल देर रात तक एक विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें परिक्षेत्र के जनपद मुरादाबाद में पुलिस द्वारा 12 वांछित तथा 161 एनबीडब्ल्यू वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, वहीं जनपद बिजनौर पुलिस द्वारा 14 वांछित एवं 46 एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार किए गए। जबकि जनपद अमरोहा पुलिस द्वारा एक ईनामी बदमाश समेत 10 वांछित, 99 एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार किए गए। जनपद रामपुर पुलिस द्वारा चार वांछित, 47 एनबीडब्ल्यू वारंटी तथा जनपद संभल पुलिस द्वारा कुर्की उपरांत एक वांछित समेत नौ वांछित जबकि 32 एनबीडब्ल्यू वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 25 हजार रुपए के इनामी गांव नगला कुम्भा थाना जानी जनपद मेरठ निवासी साजि़द की पुलिस द्वारा गिरफ्तारी भी उल्लेखनीय है।

## कानपुर चिड़ियाघर में बाघिन त्रुशा की मौत

**कानपुर।** कानपुर चिड़ियाघर में दर्शकों को अब बाघिन त्रुशा की दहाड़ नहीं सुनाई देगी। लंबे समय से बीमार चल रही त्रुशा (19.5 वर्ष) ने चिड़ियाघर स्थित अस्पताल परिसर में मौत हो गई। बाघिन ने चिड़ियाघर में सात साल में 14 शावकों को जन्म दिया था। देश में बाघों की जनसंख्या बढ़ाने में चिड़ियाघर का नाम त्रुशा की वजह से ही जाना जाता है। बाघिन का आज चिड़ियाघर के अधिकारियों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार किया जाएगा। 6 साल से यहां पर एक भी बाघिन शावक को जन्म नहीं दे सकी है। चिड़ियाघर के डॉक्टरों के मुताबिक बाघ की औसतन उम्र 16 से 17 साल होती है। हालांकि बाघिन त्रुशा ने तय उम्र से करीब ढाई साल अधिक जीवन जीया। दिसंबर 2022 में बाघिन की तबीयत ज्यादा खराब हो गई थी। इसके बाद डॉक्टर अस्पताल परिसर में रखकर इलाज कर रहे थे। डॉक्टर की जांच में मुंह में कैंसर निकला था। उसके जबड़े का ऊपरी हिस्सा धीरे-धीरे गल चुका था। रविवार सुबह खाना नहीं खाया था। सोमवार दोपहर को उसने दम तोड़ दिया।

## कपड़ा कारोबारी पर सेल्स टैक्स का छापा

कानपुर। मंगलवार को कानपुर स्थित कर्नलगंज में रेडीमेड कपड़ा कारोबारी राइडर गारमेंट्स पर सेल्स टैक्स ने छापेमारी की। सुरक्षा कर्मियों के साथ अचानक सेल्स टैक्स की टीम ने कारोबारी के दुकान और गोदाम में एक साथ छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक लाखों रुपए को खेल सामने आ सकता है। सेल्स टैक्स टीम ने छापेमारी करते ही सभी के मोबाइल जब्त करा लिए। टीम ने माल के साथ ही बिल और अन्य फाइलों को भी खंगालना शुरू किया। बिल के मुताबिक माल की अधिकता मिली है। हालांकि अभी बीते 1 घंटे से जांच जारी है। सुरक्षा कर्मियों ने किसी भी कर्मचारी के बाहर निकलने पर रोक लगा दी है। दिवाली त्योहार के पहले कपड़ा कारोबारी पर हुई छापेमारी से अन्य कपड़ा कारोबारियों में भी हड़कंप मच गया। ज्यादातर कारोबारी अंडरग्राउंड हो गए हैं। हालांकि त्योहारों को देखते हुए कपड़ा कारोबारियों ने बड़ी मात्रा में करोड़ों रुपए का माल मंगाया है और दूसरे जिलों को भेज भी रहे हैं।

## कौशांबी में प्रेम प्रसंग में युवक ने खाया जहर

**कौशांबी।** कौशांबी के सैनी थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। घर में उसे तड़पता देख परिजन उसे लेकर नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उसे प्राथमिक जांच में ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर लगते ही परिवार में मातम पसर गया है। बताया जा रहा है युवक का कई महीनों से गांव की किसी युवती से प्रेम संबंध चल रहा था। सैनी के चक बख्तियार गांव में मोहित विश्वकर्मा अपने परिवार सहित रहते हैं। वह पेशे से खेतिहर मजदूर हैं। बेटे लल्लू विश्वकर्मा को उन्होंने पढ़ाया लिखाया लेकिन परिवार की आर्थिक खर्चों के चलते वह उच्च शिक्षा नहीं पा सका। लल्लू भी पिता के साथ मेहनत मजदूरी कर परिवार में अपनी भागीदारी करने लगा। मंगलवार की सुबह लल्लू ने घर में गांव की लड़की से शादी का प्रपोजल रखा। जिस पर माता पिता ने गांव की लड़की को बहू बनाने से साफ इंकार कर दिया। इस बात को लेकर बेटा झगड़ा कर अपने कमरे में चला गया। दोपहर को लल्लू की मां उसे खाने की थाली देने पहुंची तो वह बेड के नीचे गिरा तड़प रहा था। चीखकर लल्लू की मां ने परिजनों को एकत्रित किया। परिजन लल्लू को बचाने के लिए नजदीकी अस्पताल सीएचसी कड़ा लेकर पहुंचे।

## बुलंदशहर में विवाहिता ने किया सुसाइड

बुलंदशहर। बुलंदशहर की सिकंदराबाद कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला सद्दीकनगर में शुक्रवार को विवाहिता द्वारा अपनी आबरू बचाने के लिए आत्महत्या की गई थी। जिसका खुलासा विवाहिता के भाई द्वारा तीन ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने पर हुआ। वहीं मृतका ने मरने से पहले वीडियो बनाया था और वह सोशल मीडिया पर अब वायरल हो रहा है। गुलावठी के मोहल्ला रामनगर निवासी सरताज अली ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी बहन की शादी 12 वर्ष पूर्व सिकंदराबाद नगर के मोहल्ला सद्दीकनगर निवासी युवक से की थी। उसकी बहन का जेठ उस पर गंदी नजर रखता था। इस बात को लेकर कई बार विवाद हुआ। लेकिन वह अपनी हरकत से बाज नहीं आया। जेठ, जेठानी और उसका पुत्र बहन को बहुत परेशान करते थे। उसे गंदे काम में जाने के लिए बोलते थे। जो उसकी बहन ने मंजूर नहीं किया। जिसके चलते तीनों ने उसे शारीरिक और मानसिक यातनाएं देनी शुरू कर दी। जिसके चलते उसकी बहन ने अपनी आबरू बचाने और ससुराल वालों की प्रताड़नाओं से परेशान होकर आत्महत्या कर ली।

## टेंपो और ई-रिक्शा की आमने-सामने टक्कर

संभल। संभल में ट्रैक्टर ट्रॉली से बचने के चक्कर में टेम्पू और ई-रिक्शा में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई, जिसमें टैम्पू में सवार महिलाओं और बच्चे सहित कुल आठ लोग घायल हुए हैं, सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर थाना पुलिस पहुंची और घायलों को इलाज के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। हादसा जनपद संभल के थाना हयातनगर क्षेत्र की उपनगरी सरायतरीन के श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर के निकट का है। मूसलाधार बारिश के बाद सड़क में जगह-जगह गड्ढे हुए हैं। ट्रैक्टर ट्राली से बचने के चक्कर में चालक ने टेम्पो को साइड करके निकालने की कोशिश की तो सामने से आ रही ई-रिक्शा से भिड़ंत हो गई। टेंपो सड़क पर पलटने से चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी कर्म सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सड़क हादसे के घायलों को इलाज के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया है। यहाँ घायलों को भर्ती करते हुए उनका इलाज शुरु कर दिया।

# सभी पात्र शिल्पकारों, कारीगरों को पीएम विश्वकर्मा योजना से जोड़ेगी योगी सरकार

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश में पांच साल पहले से संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के साथ ही अब यहां के शिल्पकारों और कारीगरों को मोदी सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना से भी आच्छादित कर उनके कारोबार को नई ऊंचाई तक पहुंचाया जाएगा।

आधिकारिक प्रवक्ता ने मंगलवार को यहां बताया कि योगी सरकार कारीगरों और शिल्पकारों का जीवन स्तर समुन्नत करने के लिए सितंबर 2018 से ही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना चला रही है। इसके तहत कारीगरों एवं शिल्पकारों को निशुल्क प्रशिक्षण देने के साथ ही सरकार उनके पेशे से संबंधित टूलकिट भी मुफ्त देती है।

साथ ही पारंपरिक पेशे को उद्यम का रूप देने के लिए 10 हजार से लेकर 10 लाख रुपये तक कि आर्थिक सहायता भी मुहैया कराई जाती है।

उन्होंने बताया कि आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों लांच होने वाली पीएम



विश्वकर्मा योजना के दायरे में 18 प्रकार के पारंपरिक कार्यों से जुड़े शिल्पकार और कारीगर आएंगे। सभी पात्र शिल्पकारों एवं कारीगरों को योजना का लाभ मिल सके इसके लिए योजना की लांचिंग से पूर्व उनके पंजीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया गया है।

गोरखपुर में जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने उपायुक्त उद्योग, उपायुक्त स्वत: रोजगार, सहायक श्रमायुक्त, जिला पंचायत राज अधिकारी, सभी विकास खंड अधिकारियों और नगरीय निकायों के सभी अधिशासी अधिकारियों को योजना लांचिंग से पूर्व पात्र कारीगरों और शिल्पकारों के पंजीकरण की जिम्मेदारी सौंपी है। ये अधिकारी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के शिल्पकारों और कारीगरों का पंजीकरण योजना की वेबसाइट पर 17 सितंबर से पहले कराना सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने बताया कि बढ़ई, लोहार, कुम्हार, सुनार, ताला, पाश साज, राजमिस्त्री, हथौड़ा एवं अन्य औजार साज, धोबी, कश्ती निर्माण करने वाले, शस्त्र साज, मछली पकड़ ;मछुवाही, जाल निर्माता, दर्जी, मूर्तिकार, डलिया, चटाई, झाड़ू बुनकर, काथी साज, मोची, चर्म साज, गुड़िया व खिलौना निर्माता ;पारंपरिक, नाईहज्जाम व ,मालाकार इसमें शामिल हैं।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना योजना से आच्छादित शिल्पकारों व कारीगरों को 15 हजार रुपये टूलकिट खरीदने के लिए मिलेंगे।

इसके साथ ही पेशे को विस्तार देने के लिए काफी कम ब्याज दर पर एक लाख रुपये का लोन मिलेगा। पहला लोन चुकता करने पर दो लाख रुपये का दूसरा लोन भी मिल सकेगा।

# लड़की ने छेड़छाड़ और मारपीट से तंग आकर की आत्महत्या, आरोपी गिरफ्तार

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के ऊंचाहार इलाके में सरेआम गुंडे की छेड़छाड़ और मारपीट से तंग आकर एक लड़की ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि ऊंचाहार के कोडरा बहादुरपुर इलाके में एक 20 वर्षीय युवती ने दबंग आरोपी शुभम यादव की छेड़छाड़ से तंग आकर घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

सोमवार सुबह करीब 10 बजे मृतका के आक्रोशित परिजनों ने उसका शव सड़क पर रख कर रोड जाम कर दिया और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग



करने लगे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एडिशनल एसपी) के अनुसार मृतका के परिजनों के प्रदर्शन के पहले ही आरोपी की गिरफ्तारी की जा चुकी थी और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा चुका है।

मृतका को जाननेवालों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी शुभम यादव, मृतका के पड़ोस में ही रहता था। आरोपी अक्सर मृतका से छेड़छाड़ करता था, लेकिन मृतका उससे बच कर निकल जाती थी। कल आरोपी ने मृतका के खेत से आते समय अकेले देख कर उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। जिसका मृतका ने विरोध किया इससे गुस्से में आकर आरोपी शुभम यादव ने गाली गलौज करते हुए चप्पलों से उसकी मारपीट शुरू कर दी। जिससे बच कर मृतका किसी तरह से वहां से निकल आयी। इस घटना से क्षुब्ध होकर मृतका ने घर लौट कर दुछत्ती से दुप्पटे के द्वारा फांसी लगाकर कल की देर शाम आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतका का शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## भदोही में अनियंत्रित कार दुकान में घुसी, कई लोग घायल

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो दुकान में घुसी गयी। घटना में कम से कम छह लोग घायल हुए। पुलिस सूत्र ने बताया कि थानाक्षेत्र के मतेथू चौराहे के पास आज तड़के एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुकान में घुस गई है। घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। घटना में कम से कम छह लोग मामूली रूप से घायल हुए। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। वाहन चालक दुर्घटना के बाद मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि कार ज्ञानपुर से दुर्गागंज की तरफ जा रही थी। मतेथू चौराहे के पास पहुंचते ही कार बेकाबू होकर सड़क किनारे एक दुकान में घुस गई।

# पुलिस ने बुलंदशहर में किए तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**बुलन्दशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले की बीवी नगर थाना पुलिस ने मंगलवार को तीन शातिर चोर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के आभूषण, नकदी, गाडी, मोबाइल फोन और अवैध असलाह बरामद किया। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि थाना बीबीनगर क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से पुलिस लगातार अलर्ट थी इसी क्रम में आज सुबह एक सूचना के आधार पर ग्राम बाहपुर में निर्माणाधीन हाईवे के पास से पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के आभूषण, तीन लाख 13 हजार रुपये नकद, एक कैंटर गाडी, मोबाइल फोन, अवैध असलहा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकरण करा जेल भेज दिया है पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम सुनील उर्फ कालिया, गौरव कुमार और अंकित कुमार के रूप में हुई है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के चोर हैं तथा सुनील पर 10, गौरव पर छह तथा अंकित पर चार मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्तों द्वारा पूछताछ पर बताया कि उनके द्वारा चोरी के कुछ आभूषणों को बेच दिया गया है तथा अभियुक्त अंकित द्वारा चोरी के पैसों से खरीदा गया कैंटर अभियुक्त सुनील द्वारा एक मोबाइल फोन खरीद लिया गया तथा बाकी बचे रुपये और आभूषण अभियुक्तों के कब्जे से बरामद किये गये हैं।

# पूर्व डीजीपी के खिलाफ मारपीट, धमकी देने का मामला दर्ज

एजेंसी

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के तरहठी गांव में जमीनी विवाद सुलझाने गये राजस्व विभाग की टीम एवं चकबंदी अधिकारियों के सामने पुलिस की मौजूदगी में जमकर बवाल हो गया। ग्राम प्रधान समेत कई ग्रामीणों ने पूर्व पुलिस उप महानिदेशक (डीजीपी) जगमोहन यादव और उनके परिवार पर जमीन कब्जा करने का आरोप तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पूरे मामले का वीडियों सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने इस मामले में सोमवार की रात पूर्व डीजीपी के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल में जुट गई हैं। पुलिस के अनुसार जमीनी विवाद को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाला पूर्व डीजीपी जगमोहन का परिवार कल देर रात एक बार फिर विवादों में घिर गया। ग्रामीणों की शिकायत पर आज राजस्व विभाग और चकबंदी अधिकारी पुलिस टीम के साथ गांव के पंचायत भवन पहुंचकर शिकायत की जांच कर रही थी।

आरोप है कि ग्रामीण अपनी अपनी शिकायत दर्ज करा रहे थे उसी समय पूर्व डीजीपी जगमोहन यादव भी मौके पर पहुंच गए।

इसी बीच ग्राम प्रधान चन्द्रेश कुमार गुप्ता से कहासुनी शुरू हो गई जिसके चलते हंगामा होने लगा। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करके मामला शांत कराया।

# कौशांबी में लूट के बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

## 2 बदमाश पुलिस की गोली से घायल, 2 सर्च अभियान में पकड़े गए

कौशांबी। कौशांबी के चरवा व स्पेशल आप्रेशन ग्रुप पुलिस ने ज्वाइंट आप्रेशन मे लूट कांड के 4 बदमाश गिरफ्तार हुए है। 2 बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हुई है, जबकि 2 सर्च अभियान में पकड़े गए हैं। पकड़े गए बदमाशो मे एक मध्यप्रदेश से आकर लूट की घटना को अंजाम देता था। पुलिस का दावा है कि बदमाशों ने उन पर 3 गोलियां चलाई। जो उनकी बुलेट प्रूफ जैकेट मे फस गई और एक जैकेट को छूती हुई निकल गई।

एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने बताया, पुलिस को चरवा थाना इलाके के गुंगवा की बाग में बड़ी सफलता मिली। चरवा मे 8 सितंबर को लूट की वारदात सामने आई थी। जिसमे पुलिस टीम ने पहली बार जनपद मे चलाए गए



आप्रेशन त्रिनेत्र के जरिए लगे कैमरे की मदद से लूट के बदमाशों को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चिन्हित किया। इस दौरान चरवा थाना क्षेत्र की सीमा व जनपद की सीमा में लगे सीसीटीवी कैमरे की फूटेज तलाश की गई।

### मुठभेड़ में दो बदमाश घायल

मंगलवार की भोर चरवा व एसओजी पुलिस को मुखबिर ने लूट के बदमाशों के गूंगवा की बाग में लूट के समान के बटवारे के लिए एकत्रित होने की जानकारी मिली।

सुबह करीब 4 बजे पुलिस बदमाशो को पकड़ने कोशिश कर रही थी तभी पुलिस टीम पर बदमाशो ने फायर शुरू कर दिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने बदमाशो पर जवाबी गोलियां चलाईं। पुलिस की गोली से 2 बदमाश विजय सोनी (22) पुत्र नारायण सोनी निवासी रीवा मध्य प्रदेश को दाहिने हाथ और आशीष निषाद (21) पुत्र स्व नन्हे निषाद निवासी तेलियरगंज प्रयागराज को दाहिने पैर में पुलिस की गोली लगी। जिन्हे इलाज के लिए मंझनपुर के संयुक्त जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इसके अलावा 2 बदमाश पुलिस के सर्च अभियान में सूरज पासी पुत्र स्व चन्द्रपाल पासी निवासी समस पुर थाना चरवा व राहुल पासी पुत्र नरेश पासी निवासी गोमलवा थाना पूरामुफ्ती पकड़े गए है।

बदमाशो के कब्जे से लूट कांड के सोने चादी के जेवर, बदमाशो का मोबाइल, तमंचा कारतूस, 11 पुराने मोबाइल, जेवर तौल मशीन, पीड़ित का काला बैंग, उसमे रखे दस्तावेज एवम 2410 रुपए नगद बरामद हुए है।

एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने बताया, मुठभेड़ में घायल बदमाश विजय और आशीष शातिर बदमाश है।

# गार्ड की हत्या करके कैश वैन से लूटे 40 लाख

## एक्सिस बैंक के बाहर फायरिंग करके कैश बॉक्स लूटा, 2 लोगों को भी मारी गोली

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर में एक्सिस बैंक के बाहर लूट की बड़ी वारदात हुई है। यहां बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े गार्ड की गोली मारकर हत्या कर दी। फिर कैश वैन का बक्सा लेकर फरार हो गए। जिसमें 40 लाख रुपए थे। बदमाशों की फायरिंग में 2 लोग भी घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ ही एसपी अभिनंदन दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। वारदात कटरा कोतवाली क्षेत्र के बदली कटरा की है।

### बैंक के बाहर ही रेकी कर रहे थे चारों बदमाश

हत्या और लूटपाट की पूरी वारदात दोपहर करीब 12: 45 बजे की है। बैंक के सामने लगा सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

जिसमें 4 बदमाश हेलमेट लगाए नजर आ रहे हैं। बदमाशों ने वारदात को उस वक्त अंजाम दिया, जब एक्सिस बैंक की गाड़ी बैंक में कैश डिपॉजिट करने आई थी। वैन के पास एक बदमाश पहले से ही टहल रहा था। बाकी 3 बदमाश बैंक से थोड़ी दूरी पर रेकी कर रहे थे। सभी बदमाशों ने ब्लैक कलर का हेलमेट पहन रखा है।

वीडियो में दिख रहा है कि जैसे ही गार्ड ने कैश का बक्सा निकालने के लिए वैन का गेट खोला, तभी एक बदमाश पीछे से आता है और गार्ड को सटाकर गोली मार देता है।

गोली लगने के बाद गार्ड जमीन पर गिर जाता है, तभी गाड़ी के पास खड़ा दूसरा बदमाश वैन के गेट की तरफ भागता है। इसी बीच पीछे से एक और बदमाश आता है और बड़े आराम से बक्सा लेकर भाग जाता है। इसके बाद चारों बदमाश फायरिंग कर 2 बाइकों से भागने लगते हैं।

बदमाशों ने जाते-जाते वैन के कर्मचारी अखिलेश और एक राहगीर विंध्याचल निवासी बहादुर को भी गोली मार दी।

### गार्ड ने अस्पताल में तोड़ा दम, घायलों का चल रहा इलाज

वारदात के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में घायलों को मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गार्ड जय सिंह (45) निवासी मलाधरपुर चील्ह की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि 2 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बदमाशों की धरपकड़ के लिए शहर में नाकाबंदी कर दी गई है।

# 100 सबसे पिछड़े नगरीय निकायों में लागू होगी आकांक्षी नगर योजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को 20 हजार से एक लाख जनसंख्या वाले सबसे पिछड़े 100 नगरीय निकायों में आकांक्षी नगर योजना को लागू किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज यहां संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि योजना के अंतर्गत इन नगरीय निकायों में वर्तमान में चल रही सरकारी योजनाओं के साथ ही केंद्र व राज्य सरकार, सांसद व विधायक निधि समेत अन्य संस्थाओं से सहयोग प्राप्त कर कन्वर्जन के माध्यम से परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा।

उन्होने बताया कि योजना के तहत 762 नगरीय निकायों में से 100 आकांक्षी नगरीय निकायों का चयन नीति आयोग द्वारा 16 पैरामीटर्स के आधार पर किया जाएगा।

इनमें यह योजना 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगी, लेकिन इसकी मॉनीटरिंग डैशबोर्ड के माध्यम से 31 मार्च 2028 तक चलेगी। इस योजना के जरिए संसाधनों का आदर्श प्रयोग और आर्थिक विकास के अवसरों को बढ़ाकर पलायन रोकने में मदद मिलेगी।

# मंत्री के रिश्तेदार को नहीं मिली एम्बुलेंस, मौत

**सहारनपुर।** यूपी सरकार में PWD राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के मौसा को मेडिकल कॉलेज में न तो स्ट्रेचर, न बेड और ना ही मौत के बाद एम्बुलेंस मिली। मंत्री का भाई अपने पिता के शव को गोद में लेकर ही मेडिकल कॉलेज से निकल गया।

बताया कि डॉक्टर ने अभद्रता और गाली-गलौज की। पहले तो एक घंटे तक मरीज को भर्ती नहीं किया। मंत्री ने फोन किया। इसके बाद भी कोई सुनने वाला नहीं था। फिर दोबारा फोन पर हड़काया गया तो, भर्ती कर दिया। लेकिन, तब तक मरीज की मौत हो गई। वहीं, राजकीय मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य संगीता अनेजा ने रिपोर्टर का फोन नहीं उठाया।

थाना बड़गांव के महेशपुर गांव में मंत्री बृजेश सिंह के मौसा घनश्याम (82) की तबीयत बिगड़ गई। बेटे कुलदीप ने बताया, मंगलवार की सुबह पिता घनश्यान को पहले देवबंद के अस्पताल में गए। वहां बेड नहीं मिला, जिसके बाद सहारनपुर में एक निजी अस्पताल में लेकर आ गए। यहां भी बेड नहीं मिला।

उसके बाद पिलखनी में राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। इमरजेंसी में पहुंचकर स्ट्रेचर मांगा। किसी ने स्ट्रेचर नहीं दिया। किसी तरह पिता को गोद में उठाकर एक बेंच पर लेटाया। डॉक्टर मरीज को भर्ती करने के लिए तैयार नहीं थे। करीब डेढ़ घंटे तक मरीज को भर्ती करने की जद्दोजहद करते रहे। किसी ने भर्ती नहीं किया। कुलदीप ने बताया, बाद में अपने भाई मंत्री बृजेश सिंह को फोन किया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य को फोन किया।

## देवरिया प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने सीडीओ को दी भावुक विदाई

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिला मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर आदर्श प्राथमिक विद्यालय रूच्चापार के बच्चों ने मंगलवार को निवर्तमान मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार की बहुत ही भावुक अन्दाज में विदाई दी। गौरतलब है कि आदर्श प्राथमिक विद्यालय रुच्चापार को सीडीओ कुमार ने गोद लिया था और उन्होंने जन सहयोग के माध्यम से इस विद्यालय को स्मार्ट एवं आधुनिक विद्यालय में बदल दिया था। जिसकी वजह से क्षेत्र के कई अभिभावकों ने प्राइवेट स्कूलों से अपने बच्चों का नाम कटाकर इस विद्यालय में दाखिला दिलाया था। निवर्तमान सीडीओ का भारतीय प्रशासनिक सेवा संवर्ग में प्रमोशन होने के बाद उनका तबादला यहाँ से अन्यत्र हो गया है और कल वह अपने गोद लिये इस विद्यालय में बच्चों से मिलने पहुंचे थे।

# महिलाओं के कपड़े पहनकर चोरी करने वाले गिरफ्तार

## दो चोरों ने व्यापारी के घर में घुसकर की थी चोरी, चोरी के माल को छिपाने को एक आरोपी को दिया

सहारनपुर। सहारनपुर में आरएसएस पदाधिकारी के घर पर हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी ने चोरी के सामान को छुपाने में मदद की थी। चोरी की घटना 29 अगस्त की थी। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। पकड़े गए आरोपियों में एक हिस्ट्रीशीटर है। मामला थाना सिटी कोतवाली का है।

### महिला के कपड़े पहनकर घुसे थे घर में

पुलिस लाइन सभागार में एसएसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया, थाना सिटी कोतवाली के शक्तिनगर में 29 अगस्त की सुबह करीब साढ़े तीन बजे एक आरएसएस पदाधिकारी विराट शर्मा के घर से चोरी हुई थी। दो शातिर चोर नदीम उर्फ साहिल और खुर्रम पठान छत के रास्ते घर में घुसे थे। चोरी ने घर की महिलाओं के छत पर रखे कपड़ों को पहना और उसके बाद घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। सीसीटीवी कैमरे में महिलाओं के कपड़ों में चोर कैद हो गए थे।

जिसके बाद पुलिस ने मामले की छानबीन की। तीसरे आरोपी सुशील ने चोरी के सामान को छुपाने में मदद की थी। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार किया है।

### सीसीटीवी में कैद हुए थे चोरी

पुलिस के अनुसार, आरएसएस विराट शर्मा सीसीटीवी कैमरों के व्यापारी है। चोर जब उनके घर में घुसे तो उन्हें पता था कि व्यापारी का सीसीटीवी का काम है। इसलिए उनके घर में सीसीटीवी कैमरे हो सकते हैं। चोरों ने छत पर फैल रहे पत्नी और बेटी के कपड़े पहने और मुंह चुन्नी से ढक लिया। उसके बाद घर में दाखिल हुए। लेकिन एक चोरी सीसीटीवी में कैद हो गया था। लेकिन उसके मुंह पर चुन्नी ढकी थी।

## शार्ट न्यूज

### बिडइन हॉस्पिटैलिटी ने अपने पोर्टफोलियो में 2,500 नए होटल जोड़े



होटल आरक्षण सॉफ्टवेयर के अग्रणी प्रदाता, बिडइन हॉस्पिटैलिटी को अपने पोर्टफोलियो में महत्वपूर्ण विस्तार की घोषणा की। व्यवसाय ने हाल ही में अपने ऐप में आश्चर्यजनक रूप से 2,500 और होटल जोड़े हैं, जिससे दुनिया भर के पर्यटकों को और भी अधिक विकल्प और विकल्प मिल गए हैं। बिडइन हॉस्पिटैलिटी का लक्ष्य हमेशा उपयोगकर्ताओं को एक सरल और आरामदायक होटल बुकिंग प्रक्रिया प्रदान करना रहा है। इन 2,500 होटलों के जुड़ने से, पर्यटक अब ठहरने के और भी अधिक विविध विकल्पों में से चुन सकते हैं, पाँच सितारा रिसॉर्ट्स से लेकर किफायती सराय तक, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर तरह के यात्रियों के लिए कुछ न कुछ है। बिडइन हॉस्पिटैलिटी की संस्थापक रूपसी सिंह ने कहा, हम अपने उपयोगकर्ताओं को चुनने के लिए होटल विकल्पों का और भी बड़ा चयन देकर खुश हैं। यह वृद्धि हमारे उद्देश्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो हमेशा यात्रा को सुविधाजनक बनाना रहा है और हर किसी के लिए आनंददायक है।

### यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड का आईपीओ 15 सितंबर को खुलेगा

नयी दिल्ली । कार्पोरेट ट्रेवल सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड का पूंजी बाजार से करीब 750 करोड़ रुपये जुटाने के उद्देश्य से लाये जा रहे प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 15 सितंबर को खुलेगा। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ध्रुव श्रिंगी ने आज वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुये कहा कि 20 सितंबर को बंद होने वाले इस आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 135 रुपये से लेकर 142 रुपये तय किया गया है। निवेशक न्यूनतम 105 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं और इसके आगे भी इसी गुणांक में शेयर जारी होगा। उन्होंने कहा कि आईपीओ से 602 करोड़ रुपये और ओएफएस के तहत 12183099 शेयर बाजार किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इस नयी पूंजी का उपयोग रणनीतिक निवेश और ग्राहक बनाने पर निवेश किया जायेगा। इसके साथ ही टेक्नॉलाजी और अन्य पहलों पर निवेश किया जायेगा।

### कृषि में डेटा-संचालित नवाचार प्रोत्साहन के लिए संयुक्तराष्ट्र ऐजेंसी, नाबार्ड की पहल

नयी दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) तथा राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने भारत में छोटे किसानों के सहायतार्थ कृषि और खाद्य प्रणालियों में डेटा-संचालित नवोन्मेष को प्रोत्साहित करने के लिए एक समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। नाबार्ड की ओर मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस समझौते के तहत, दोनों संगठन ओपन-सोर्स डेटा साझा करके छोटे किसानों के जीवन और आजीविका में सुधार करने के लिए काम करेंगे ताकि उत्पाद के विकास, प्रौद्योगिकी के अंतरण और कृषि नीतियों के निर्माण में सहायता प्रदान की जा सके। समझौते पर नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक संजीव रोहिला और यूएनडीपी की उप स्थानीय प्रतिनिधि इसाबेल त्शान ने हस्ताक्षर किए। नाबार्ड डीआईसीआरए प्लेटफॉर्म कोसंचालित करेगा और इसका रख रखाव करेगा तथा यूएनडीपी के तकनीकी सहायता के साथ नीति निर्माण, अनुसंधान और विकास गतिविधियों के लिए अपने प्रमुख भू-स्थानिक डेटासेट का उपयोग करेगा। इस अवसर पर नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी के.वी. ने कहा, यह दोनों संगठनों के लिए डेटा का उपयोग करके किसानों के विशाल ग्रामीण भारतीय समुदाय के लिए सार्वजनिक डिजिटल आधारभूत संरचना के रूप में प्रस्तुत करने के कई अवसरों को पैदा करता है।

### डीजल वाहनों पर 10 प्रतिशत जीएसटी का प्रस्ताव नहीं : नितिन गडकरी

नयी दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज कहा कि डीजल वाहनों पर दस प्रतिशत अतिरिक्त जीएसटी लगाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। गडकरी ने इन खबरों का खंडन करते हुए एक्स कर कहा डीजल वाहनों की बिक्री पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त जीएसटी का सुझाव देने वाली मीडिया रिपोर्टों को लेकर स्पष्टीकरण की तत्काल आवश्यकता है और इस संदर्भ में यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। उन्होंने आगे कहा देश में 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को नेट जीरो करने के लक्ष्य और डीजल जैसे खतरनाक ईंधन के कारण होने वाले वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के साथ ही वाहन बिक्री में तेजी लाने की हमारी प्रतिबद्धता है और इसके लक्ष्य को हासिल करने के लिए सक्रिय रूप से स्वच्छ और हरित वैकल्पिक ईंधन अपनानाने की जरूरत है और यह ईंधन आयात के विकल्प, कम लागत, स्वदेशी और प्रदूषण मुक्त होना चाहिए। इससे पहले गडकरी ने सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) की 63वीं वार्षिक बैठक में आज सुबह कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज शाम में उनके आवास पर मिलने आने वाली है जिसमें वह डीजल वाहनों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त जीएसटी लगाये जाने का प्रस्ताव करेंगे। हालांकि मीडिया में इस खबर के आने के बाद गडकरी ने माइक्र साइट एक्स पर स्पष्टीकरण दिया।

### कैटरीना बनी एतिहाद एयरवेज की पुन: ब्रांड एंबेसडर

आबू धाबी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की एयरलाइन एतिहाद एयरवेज ने बॉलीबुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह साझेदारी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि एतिहाद भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रही है। इसलिए भारत की लोकप्रिय अभिनेत्री के साथ फिर से जुड़ा है। अपनी वैश्विक अपील और खूबसूरती के लिए मशहूर कैटरीना एतिहाद के साथ फिर से जुड़कर उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता को स्थापित करेगी। एयरलाइन के साथ उनके जुड़ाव का खुलासा एतिहाद और कैटरीना के सोशल चैनलों पर दिखाए जाने वाले वीडियो की एक श्रृंखला के माध्यम से किया जाएगा। कैटरीना कैफ ने इस पर कहा मैं एतिहाद एयरवेज के साथ वापस आकर रोमांचित हूं, जो विश्व स्तरीय यात्रा अनुभवों का पर्याय है। उत्कृष्टता के प्रति एयरलाइन की प्रतिबद्धता और लोगों को एक साथ लाने के प्रति उसका समर्पण मेरे अपने मूल्यों से मेल खाता है। मैं उस टीम का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं जिसका लक्ष्य विचारशील संबंध और यादगार अनुभव बनाना है। मैं एतिहाद का प्रतिनिधित्व करने और उनकी यात्रा का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। एतिहाद एयरवेज में ब्रांड, मार्केटिंग और प्रायोजन की उपाध्यक्ष अमीना ताहेर ने कहा हम अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में एतिहाद एयरवेज परिवार में कैटरीना का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं।

### सेंसेक्स और निफ्टी में घटबढ़

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर लिवाली होने से सेंसेक्स में तेजी जबकि बिकवाली के दबाव में निफ्टी गिरकर सपाट बंद हुआ। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 94.05 अंक चढ़कर 67221.13 अंक पर पहुंच गया जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 3.15 अंक फिसलकर 19993.20 अंक पर सपाट रहा। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में हुई बिकवाली से बाजार पर दबाव रहा। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 2.96 प्रतिशत की गिरावट लेकर 32,084.93 अंक और स्मॉलकैप 4.02 प्रतिशत लुढ़ककर 36,982.74 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3805 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2934 में बिकवाली जबकि 745 में लिवाली हुई वहीं 126 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियां गिरावट जबकि शेष 20 तेजी पर रही। बीएसई में आईटी, बैंकिंग और टेक की 0.79 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर शेष 17 समूहों में तेजी रही। इस दौरान यूटिलिटीज 3.74, पावर 3.66, दूरसंचार 3.63, सर्विसेज 3.38, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.83 और धातु समूह के शेयर 2.58 प्रतिशत लुढ़क गए।

# नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड में बसेगा नया औद्योगिक शहर

## योगी कैबिनेट ने लिया ऐतिहासिक निर्णय, झांसी-ग्वालियर मार्ग पर बनाई जाएगी इंडस्ट्रियल टाउनशिप

लखनऊ। बुंदेलखंड के सतत विकास के साथ-साथ वन ट्रिलियन इकॉनमी की अर्थव्यवस्था बनने के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए योगी सरकार ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। लोकभवन में सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में सरकार ने नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड में नया औद्योगिक शहर बसाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस निर्णय से बुंदेलखंड के जिलों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकेगा और इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही यहां रोजगार की असीमित सुविधाओं का सृजन संभव हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में इससे पूर्व 1976 में औद्योगिक शहर नोएडा के गठन का निर्णय लिया गया था और अब 47 वर्षों के बाद एक नए शहर की स्थापना का निर्णय लिया गया है।

कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने पारित हुए प्रस्तावों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण व नए औद्योगिक क्षेत्र प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत झांसी में बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) द्वारा नोएडा की तर्ज पर एक नए इंडस्ट्रियल टाउनशिप को विकसित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। परियोजना के पहले चरण में झांसी के 33 राजस्व ग्रामों की 35 हजार एकड़ जमीन को अधिग्रहीत कर औद्योगिक शहर की स्थापना की जाएगी। इस जमीन की कीमत 6312 करोड़ रुपए है।

### अतिरिक्त 5 हजार करोड़ रुपए का किया गया प्राविधान

सुरेश खन्ना ने बताया कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में सरकार की ओर से 5 हजार करोड़ की व्यवस्था की गई थी और इस वर्ष



(2023-24) में मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण व नए औद्योगिक क्षेत्र प्रोत्साहन योजना मद के तहत ऋण के रूप में 5000 करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है। जो जमीन अधिग्रहीत की जाएगी, उसमें 8 हजार एकड़ जमीन ग्राम समाज की है।

### प्रमुख शहरों से होगी बेहतरीन कनेक्टिविटी

वित्त मंत्री ने बताया कि यह योगी सरकार का बहुत बड़ा कदम है। इस ऐतिहासिक निर्णय से बुंदेलखंड के बहुआयामी विकास को तेज गति मिलेगी। झांसी के आसपास का एरिया बड़े पैमाने पर विकसित हो जाएगा। इसके माध्यम से कुल 14 हजार हेक्टेयर जमीन पर औद्योगिक शहर विकसित करने की योजना है। यह औद्योगिक शहर झांसी-ग्वालियर मार्ग पर प्रस्तावित है जो राष्ट्रीय राजमार्ग के माध्यम से देश के प्रमुख शहरों से भी जुड़ा होगी। यही नहीं, यह राष्ट्रीय राजमार्ग 27 से जालौन जनपद से गुजरने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जुड़कर प्रदेश के अन्य शहरों से अच्छी तरह जुड़ेगी।

### क्षेत्र के विकास के साथ ही मिलेंगे रोजगार के अवसर

उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अंतर्गत टाउनशिप समेत औद्योगिक स्थापना के लिए आवश्यक सभी आवश्यक सुविधाओं का यहां समावेश होगा। इसके गठन से क्षेत्र का सर्वागीण विकास होगा तथा बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा। जन सामान्य को क्षेत्रीय विकास के साथ ही रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, जिसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। यह कदम प्रदेश के विकास में भी बहुत बड़ा योगदान देगा। सरकार ने जो वन ट्रिलियन इकॉनमी बनने का संकल्प लिया है, वो इसके माध्यम से पूरा हो सकेगा।

### सहारनपुर, अयोध्या और फिरोजाबाद में भी चलेंगी एसी इलेक्ट्रिक बसें

कैबिनेट में सहारनपुर, अयोध्या और फिरोजाबाद में एसी इलेक्ट्रिक बसों से संचालन से संबंधित प्रस्ताव को भी ग्रीन सिग्नल मिल गया। इन शहरों में इलेक्ट्रिक बसों से संचालन, प्रबंधन एवं अनुरक्षण के लिए कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत संबंधित मंडल के आयुक्त की अध्यक्षता में नए एसपीवी के गठन का निर्णय लिया गया है। एसपीवी को नगरों में बसें चलाने के लिए मार्ग निर्धारित करने का अधिकार होगा। साथ ही मार्गों पर किराए के निर्धारण के साथ ही यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में विचार विमर्श करने का भी अधिकार होगा। उल्लेखनीय है कि अभी प्रदेश के 14 शहरों में कुल 740 एसी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन 13 एसपीवी क माध्यम से कराया जा रहा है।

# ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से पहले उत्तराखंड सरकार लाई सेवा क्षेत्र नीति

देहरादून। उत्तराखंड में आगामी दिसंबर माह में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से पहले मंत्रिमंडल ने 'सेवा क्षेत्र नीति 2023' घोषित कर दी।

मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस पर विमर्श के बाद स्वीकृति दे दी गई।




कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए मुख्य सचिव डा एसएस संधु ने बताया कि पर्यटन विभाग के अंतर्गत केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम के मास्टर प्लान के वास्तुविद सेवाओं के कार्य मैसर्स आईएनआई डिजाइन स्टूडियो प्रा लि द्वारा किए जाने के दृष्टिगत, धाम में विभिन्न स्थानों पर स्थापित की जाने वाली विभिन्न विशेष प्रकृति की कलाकृतियों एवं मूर्तियों के कंसेप्चुअल डिजाइन, डिटेल्ड डिजाइन डीपीआर, पोस्ट इंप्लीमेंटेशन के लिए भी इसी कंपनी से 6.5 प्रतिशत की दर से एकल स्रोत के माध्यम से कन्सलटेन्सी सेवायें लिये जाने का निर्णय लिया गया है।

डा संधु ने बताया कि इसके अतिरिक्त, औली को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित किये जाने हेतु स्कीइंग डेस्टिनेशन प्लान एवं उसके क्रियान्वयन हेतु औली विकास प्राधिकरण का गठन किये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि किसी क्षेत्र में पर्यटन और पर्यटन व्यवस्था सम्बन्धित सेवाओं में सुधार किये जाने हेतु समय-समय पर उत्तराखण्ड विशेष क्षेत्र अधिनियम के तहत राज्य सरकार द्वारा विशेष पर्यटन विकास क्षेत्र घोषित किया जाता है। क्योंकि उत्तराखण्ड में औली सबसे लोकप्रिय स्कीइंग गंतव्य स्थल है। उन्होंने बताया कि इसलिए औली को स्कीइंग गंतव्य के रूप में विकसित किये जाने हेतु योजना एवं उसके क्रियान्वयन हेतु औली विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है।

मुख्य सचिव ने बताया कि औद्योगिक विकास विभाग के अंतर्गत, उत्तराखंड सेवा क्षेत्र नीति-2023 के संबंध में भी कुछ निर्णय लिये गये है। इसके तहत, उत्तराखंड सरकार द्वारा स्वास्थ्य देखभाल, वेलनेस एवं पारम्परिक चिकित्सा, शिक्षा, फिल्म और मीडिया, खेल, आई.टी.ई.एस., डाटा सेंटर, कौशल विकास के क्षेत्रों में सेवा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड सेवा क्षेत्र नीति-2023 लायी गई है। उक्त नीति के प्रख्यापन से राज्य की अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि नीति के अंतर्गत सेवा अर्थव्यवस्था (पर्यटन को छोड़कर) 2030 तक 27 अरब अमरीकी डालर तक बढ़ेगी। जो राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में कम से कम 40 प्रतिशत का योगदान देगी।

डा संधु ने बताया कि उत्तराखंड 2030 से पहले सेवा क्षेत्रों में 60,000 करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित करेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2027 से पहले 45,000 करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत सेवा क्षेत्र में 20 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा तथा सेवा क्षेत्रों में 10 लाख श्रमिकों का कौशल विकास होगा। सेवा क्षेत्र में निवेशकों को भूमि एवं पूंजीगत सब्सिडी का प्रावधान किया गया है।

डा. संधु ने बताया कि कैबिनेट ने सचिवालय प्रशासन विभाग के तहत, उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड के आदेश दिनांक 31.03.2023 के क्रम में अपर निजी सचिव परीक्षा-2017 में समतुल्य शैक्षिक अर्हता होने के दृष्टिगत 04 अभ्यर्थियों के चयन की सहमति लोक सेवा आयोग को प्रेषित किये जाने के संबंध में निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा विभाग के अंतर्गत, राज्य में पम्प स्टोरेज परियोजनाओं की ड्राफ्ट नीति पर भी मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है। डा. संधु ने बताया कि ऊधमसिंहनगर में, जो गैस आधारित प्लांट हैं, उनमें बाहरी देशों से आने वाली लिक्विफाइड गैस पर कोई वैट नहीं है जबकि सी.एन.जी गैस पर वैट 20 प्रतिशत है। इससे गैस आधारित प्लांट के संचालन में कठिनाई होने के कारण इस वैट को भी शून्य किये जाने का निर्णय कैबिनेट द्वारा लिया गया है। इससे गैस आधारित प्लांट संचालित हो सकेंगे और प्रदेश में बिजली आपूर्ति की कमी को दूर किया जा सकेगा।

# झींगा किसान सम्मेलन-2023 का उद्घाटन गुरुवार को गुजरात में

नयी दिल्ली। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला 14 सितंबर को गुजरात में नवसारी में झींगा किसान सम्मेलन-2023 के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। यह सम्मेलन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)-सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ ब्रैकिशवॉटर एक्वाकल्चर (सीआईबीए) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की मंगलवार को एक विज्ञपति के मुताबिक इस सम्मेलन के दौरान सीआईबीए और राष्ट्रीय मछली मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) तथा सीआईबीए और गुजरात के मत्स्य पालक उत्पादक संगठन (एफएफपीओ) के बीच समझौता ज्ञापनों हस्ताक्षर किए जाएंगे।

अपने तरह के इस दूसरे सम्मेलन में गुजरात के कृषि, पशुपालन, गाय प्रजनन, मत्स्य पालन और ग्रामीण विकास मंत्री राघवजी भाई हंसराजभाई पटेल, नवसारी के सांसद, सी.आर. पाटिल और गुजरात विधान सभा के सदस्य आर.सी. पटेल भी उपस्थित रहेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस दौरान सीआईबीए और एनएफडीबी तथा सीआईबीए और गुजरात के मछली किसान उत्पादक संगठन एफएफपीओ के बीच क्रमश: एनएफडीबी द्वारा प्रस्तावित प्रीमियम सब्सिडी के साथ जलीय कृषि के लिए फसल बीमा लागू करने और एफएफटीओ के लिए तकनीकी सहायता के बारे में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उम्मीद है कि इस अवसर पर एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड का झींगा फसल बीमा उत्पाद भी जारी किया जा सकता है। तकनीकी सत्र में वर्तमान झींगा निर्यात परिदृश्य और तत्काल संभावनाओं, माइक्रोस्पोरिडियन एंटरोसाइटोज़ून हेपेटोपेनेई के विशेष संदर्भ के साथ रोग की रोकथाम और प्रबंधन, झींगा पालन के लिए फसल बीमा, आनुवंशिक रूप से बेहतर सफेद झींगा विकास और मडक्रैब तथा एशियाई सीबास मछली के साथ खारे पानी के जलीय कृषि के विविधीकरण की योजनाओं पर चर्चा की योजना बनाई गई है।

# मास्टरकार्ड का प्राइसलेस डॉटकॉम भारत में लांच

नयी दिल्ली। पर्यटन मंत्रालय के समर्थन तथा मार्गदर्शन से मास्टरकार्ड और इन्वेस्ट इंडिया ने आज भारत में अनुभवात्मक यात्रा को फिर से परिभाषित करने और विदेशी एवं घरेलू यात्रियों को गहन सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करने के लिए एक उन्नत प्राइसलेसडॉटकॉम वेबसाइट शुरू करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य भारत की समृद्ध अर्थव्यवस्था के प्रमुख विकास वाहक के रूप में पर्यटन को बढ़ावा देना है। शुभारंभ के मौके पर पर्यटन मंत्रालय की महानिदेशक मनीषा सक्सेना, मास्टरकार्ड में मुख्य विपणन और संचार अधिकारी तथा हेल्थकेयर अध्यक्ष राजा राजमन्नार, गौतम अग्रवाल, प्रभाग अध्यक्ष, मास्टरकार्ड दक्षिण एशिया के डिविजन अध्यक्ष गौतम अग्रवाल और इन्वेस्ट इंडिया की सीईओ निवृति राय उपस्थित थीं। भारत में इस वेबसाइट की शुरूआत मास्टरकार्ड के वैश्विक मंच का विस्तार है, जो 40 से अधिक देशों में मास्टरकार्ड धारकों के लिए उत्साह अंको की विस्तृत श्रेणी में 2,000 से अधिक सुविधा से परिपूर्ण अनुभव प्रदान करता है। राजामन्नार ने कहा, पर्यटन मंत्रालय और इन्वेस्ट इंडिया से मिलने वाला समर्थन प्राइसलेसडॉटकॉम को आज के यात्रियों के लिए विकसित करने में महत्वपूर्ण रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत के समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति को आज के अत्याधुनिक यात्रा प्रवृत्तियों की दृष्टि से देखा जाता है, जिससे भारत की अपार सुंदरता को समझने के साथ-साथ भारतीय और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को उनकी रुचियों का पता लगाने में मदद मिलती है।


# भारत-सऊदी अरब निवेश फोरम में दोनों देशों में कार्यालय बनाने का निर्णय

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत-सऊदी अरब निवेश फोरम की बैठक में दोनों पक्षों के बीच पारस्परिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक-दूसरे के यहां विशेष कार्यालय स्थापित करने पर सहमति हुई है।

फोरम ने भारत-सऊदी अरब स्टार्टअप / नवाचार सेतु पहल भी शुरू करने घोषणा की है और द्विपक्षीय निवेश बढ़ाने के लिए 45 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

सऊदी अरब के वली अहद (युवराज) एवं प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुल अज़ीज़ अल सऊद की भारत के दौरान सोमवार को अलग से इस फोरम की बैठक में इन पहलों की घोषणा की गयी । युवराज मोहम्मद बिन सलमान की जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं की बैठक तथा भारत के साथ द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी परिषद की बैठक के दौरान



भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग तथा सऊदी निवेश मंत्रालय द्वारा यहां भारत-सऊदी अरब निवेश फोरम 2023 ('फोरम') का आयोजन किया गया।

इस फोरम में भारत और सऊदी अरब की 500 से अधिक कंपनियों की भागीदारी रही। यह भारत और सऊदी अरब के बीच पहली औपचारिक निवेश संगोष्ठी है।

यह भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 100 अरब डॉलर का निवेश करने के बारे में सऊदी अरब के युवराज एवं प्रधानमंत्री द्वारा पूर्व में की गई घोषणा पर कार्रवाई के संबंध में आयोजित की गई ।

भारत-सऊदी निवेश फोरम 2023 के मंत्रिस्तरीय सत्र की सह-अध्यक्षता केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्री पीयूष गोयल और सऊदी अरब के निवेश मंत्री महामहिम खालिद ए अल फलीह ने की।

इससे पूर्व दिन में, दोनों पक्षों के बीच जी2बी और बी2बी प्रारूप में 45 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर (एमओयू) हस्ताक्षर किए गए। इन समझौता ज्ञापनों से दोनों देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव और अधिक घनिष्ठ होने की उम्मीद है जिससे निवेश प्रवाह में भी तेजी आने की संभावना है।

फोरम की बैठक में दोनों देशों की कंपनियों के प्रतिनिधियों की संयुक्त सभा को संबोधित करते हुए, दोनों मंत्रियों ने परस्पर स्टार्ट-अप, डिजिटल बुनियादी ढांचा विकास, दोनों देशों के व्यापार और निवेशक परिवेश तंत्र के बीच घनिष्ठ सहयोग बढ़ाने सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के तरीकों और साधनों के बारे में चर्चा की।

उन्होंने दोनों देशों की निवेश प्रोत्साहन एजेंसियों के बीच सहयोग तथा निवेश प्रोत्साहन कार्यालयों और सरकारी निवेश कोषों तथा संयुक्त परियोजनाओं की संभावनाओं के माध्यम से भारत में प्रत्यक्ष निवेश के बारे में चर्चा के लिए सऊदी की राजकीय निवेश निधि को प्रोत्साहित करने के बारे में भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

वाणिज्य मंत्रलाय की मंगलवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार दोनों मंत्रियों ने खाद्य प्रसंस्करण, लॉजिस्टिक्स एवं बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य देखभाल, ऊर्जा विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा, कौशल विकास, अंतरिक्ष, आईसीटी और विशेष रूप से डिजिटल क्षेत्र में स्टार्ट-अप जैसे क्षेत्रों में संभावित निवेश सहयोग की रूपरेखा के बारे में भी विचार-विमर्श किया।

# अमेरिकी सेब, अखरोट बादाम पर अन्य देशों के बराबर शुल्क लागू रहेगा

नयी दिल्ली। अमेरिका के कृषि उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क हटाए जाने की आलोचनाओं के बीच सरकार ने मंगलवार स्पष्ट किया भारत में अमेरिकी सेब, अखरोट तथा बादाम पर अन्य देशों के समान ही शुल्क लागू होगा, इन पर केवल अतिरिक्त शुल्क हटाया है।

वाणिज्य विभाग की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह निर्णय भारत को ऐसी वस्तुओं का निर्यात करने वाले देशों के बीच 'भेदभाव मुक्त प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए 'किया गया है।

कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने दरों में संशोधन की आलोचना करते हुए आज ही एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था मोदीजी अमेरिका के किसानों को उपहार दे रहें हैं और अपने देश के किसानों पर चाबुक चला रहे हैं।



वाणिज्य विभाग ने एक विज्ञप्ति में कहा है , अमेरिकी सेब और अखरोट पर क्रमश 50 प्रतिशत और 100 प्रतिशत एमएफएन ( मोस्ट फेवर्ड नेशन या भेद-भाव रहित) दर पर शुल्क लागू रहेगा , क्योंकि इन पर केवल अतिरिक्त 20 प्रतिशत का शुल्क ही हटाया गया है।

विज्ञप्ति में बताया गया है कि अमेरिकी बादामों पर 100 रुपये प्रति किलोग्राम की एमएफएन दर लागू होगी , लेकिन अब 20 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से लागू अतिरिक्त शुल्क ही हटाया गया है। वाणिज्य विभाग ने कहा है, इन फैसलों से घरेलू उत्पादकों पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा।

गौरतलब है कि अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन में भारत में पोल्ट्री उत्पाद के आयात पर उसके साथ भेदभाव की नीति का मुकदमा दायर कर रखा था। इसको खत्म करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच एक समझौता हुआ है , जिसके तहत दोनों देशों ने एक-दूसरे की वस्तुओं के आयात को अपने यहां कुछ आसान किया है ।

वाणिज्य विभाग ने कहा है कि भारतीय बाजार में अमेरिका के सेब अन्य देशों के साथ समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा करेंगे । विभाग ने कहा है कि भारत के कुछ तरह के इस्पात और एल्युमीनियम उत्पादों को लेकर अमेरिका के साथ डब्ल्यूटीओ में विवाद भी खत्म होगा और इन उत्पादों के लिए वहां का बाजार फिर बहाल हो जाएगा।

केन्द्रीय वाणिज्य विभाग ने कहा है कि अमेरिका और भारत के बीच आपसी सहमति के समाधानों के माध्यम से विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के छह लंबित विवादों को हल करने के निर्णय के साथ, भारत ने अधिसूचना संख्या 53/2023 के माध्यम से सेब, अखरोट और बादाम सहित आठ अमेरिकी मूल के उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क वापस ले लिया है। सेब और अखरोट , प्रत्येक पर एमएफएन की दरों के अतिरिक्त 20 प्रतिशत और बादाम पर 20 रुपये प्रति किलोग्राम का शुल्क 2019 में लगाया गया था। बयान में कहा गया है कि भारत ने अमेरिका के कुछ राज्यों की बाजार संरक्षण नीतियों के विरोध में ये कदम उठाए थे।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की 2023 सीबी 300 एफ

नयी दिल्ली। दोपहिया बनाने वाली कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने ओबीडी-2 ए कम्प्लायन्ट 2023 सीबी300एफ का लॉन्च करने की घोषणा की है जिसकी दिल्ली में एक्सशोरूम कीमत 1.70 लाख रुपये है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इंटरनेशनल बिग-बाईक डिज़ाइन से प्रेरित स्पोर्टी परफोर्मेन्स और बेजोड़ व्यक्तित्व का शानदार संयोजन सीबी 300 एफ सही मायनों में स्ट्रीट फाइटर है।

उपभोक्ता अब अपने नज़दीकी बिगविंग डीलरशिप पर 2023 होंडा सीबी300एफ के लिए बुकिंग कर सकते हैं। उसने कहा कि लॉन्च के बाद से होंडा सीबी300एफ ज़बरदस्त हैड टर्नर रही है। सही मायनों में स्ट्रीट फाइटर के जोश तथा परफोर्मेन्स, बहुमुखी प्रतिभा एवं आधुनिकता के बेहतरीन तालमेल से युक्त सीबी300एफ ने अपने बेजोड़ स्टाइल, आराम और ताकत के साथ नेक्स्ट-जैन राइडरों की महत्वाकांक्षाओं को पूरा किया है। नया 2023 मॉडल ओबीडी-2 ए इंजन एवं अन्य आधुनिक तकनीकों के साथ और भी अडवान्स्ड है जो सड़क पर शानदार परफोर्मेन्स और ज़बरदस्त फुर्ती के साथ राइडर के अनुभव को और भी बेहतर बना देगी। पंची परफोर्मेन्स के लिए इसमें 293 सीसी, ऑयल-कूल्ड, 4 स्ट्रोक, सिंगल-सिलिंडर बीएस4 ओबीडी 2 ए कम्प्लायन्ट पीजीएम एफआई इंजन है, जो 18 के डब्ल्यू की पावर है।

नई दिल्ली
बुधवार 13 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### डेनियल एबेन्यो, अल्माज आयान लेंगी वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में हिस्सा

नयी दिल्ली। केन्या के 10,000 मीटर विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता डेनियल एबेन्यो और रियो ओलंपिक चैंपियन इथियोपिया के अल्माज़ अयाना 15 अक्टूबर को यहां वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन में हिस्सा लेंगे। दो लाख 68 हजार अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली विश्व एथलेटिक्स एलीट लेबल रोड रेस में दुनिया के सबसे तेज़ धावकों में से एक हिस्सा बनेंगे। अयाना ने 2016 ओलंपिक में 10,000 मीटर चैंपियन रहने के साथ साथ 2015 में 5,000 मीटर और 2017 में 10,000 मीटर में लगातार दो विश्व खिताब जीते। उन्होने वार्षिक खेल के 13वें संस्करण में जीत हासिल करने के लिए दिल्ली की सड़कों पर एक बेहतरीन दौड़ लगाई जिसकी शुरूआत 2005 में हुई थी। इथियोपियाई धावक ने इस साल की शुरुआत में लिस्बन में व्यक्तिगत प्रतियोगित में 1: 05: 30 का सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर जीत हासिल की और उसके बाद लंदन मैराथन में सातवें स्थान पर रही, अब उसकी नजर 2020 से साथी यालेमज़र्फ येहुआलाव के 1ः04ः46 के दिल्ली कोर्स रिकॉर्ड पर है। अयाना ने एक विज्ञप्ति में कहा, मैं वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में दौड़ने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यहीं पर मैंने 2017 में दुनिया की सबसे तेज हाफ मैराथन में दौड़ लगाई थी। बच्चे को जन्म देने और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों में से एक बनने के बाद मैं दिल्ली की सड़कों पर वापस आने और पहले से बेहतर समय निकालने के लिए बेहद उत्सुक हूं।

### हॉकी की प्रगति में सुरजीत हॉकी सोसायटी का अहम योगदान : चाहल

जालंधर। सुरजीत हॉकी सोसायटी ने मंगलवार को जालंधर के पुलिस आयुक्त कुलदीप चाहल को संरक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक( ग्रामीण) मुखविंदर सिंह भुल्लर को सोसायटी का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सोसायटी के कार्यकारी अध्यक्ष लखविंदर पाल सिंह खैरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम प्रताप, महासचिव सुरिंदर सिंह भापा, सचिव रणबीर सिंह टुट, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हरिंदर सिंह गिल, अरविंदर सिंह कुलार बिंदर (सोफी गांव) ने सोसायटी के संविधान के अनुसार कुलदीप चाहल और मुखविंदर सिंह भुल्लर को इस पद का नियुक्ति पत्र सौंपा ।इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कुलदीप चाहल ने कहा कि सुरजीत हॉकी सोसाइटी के सभी सदस्यों ने पिछले 40 वर्षों में अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया है, उन्होंने भारत के पूर्व कप्तान हॉकी टीम और ओलंपियन सुरजीत सिंह का नाम भी अमर कर दिया है। इस बीच, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), जालंधर मुखविंदर सिंह भुल्लर ने कहा कि सुरजीत हॉकी सोसायटी का हॉकी की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है और अब जालंधर देश के प्रसिद्ध सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए भी जाना जाता है।

### कश्मीर की रूबिया महिला आईपीएल में गुजरात जायंट्स के लिए खेलेंगी

श्रीनगर। दक्षिणी कश्मीर की 29 वर्षीय ऑलराउंडर महिला क्रिकेटर एवं रूबिया सैयद को आगामी महिला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए गुजरात जाइंट्स टीम ने चुना है। जम्मू कश्मीर में अनंतनाग जिले के बुदासगाम गांव निवासी रुबिया क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चुनी जाने वाली दूसरी कश्मीरी महिला है। इससे पहले दाएं हाथ की बल्लेबाज जसिया अख्तर कश्मीर की पहली महिला क्रिकेटर थीं, जिन्होंने आईपीएल टीम के लिए भी खेला था। राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल होने की आकांक्षी रूबिया ने कहा, मैं आईपीएल से बुलावे के लिए बहुत खुश हूं, मैं गुजरात जायंट्स में शामिल होने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं खुद को भारत की एकादश में देखना चाहती हूं ताकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलकर अपनी क्षमता दिखा सकूं और देश और अपने राज्य जम्मू-कश्मीर का नाम रोशन कर सकूं। उन्होंने कहा , एक मुकाम हासिल करने के लिए हर किसी को कड़ी मेहनत और संघर्ष करना पड़ता है। मेरे शिक्षकों ने मुझे यहाँ तक पहुँचने में कड़ी मेहनत की है। उन्होंने बताया कि जब स्कूल में राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित हो रहे थे तो उनके शिक्षकों ने उनका मार्गदर्शन किया और बाद में कोचों ने उन्हें खेल के तकनीकी और अन्य पहलुओं के बारे में सिखाया।

### अमेरिका में 9/11 हमले के 22 साल बाद भी हजारों पीड़ित की पहचान नहीं

न्यूयॉर्क। अमेरिका में 9/11 हमले के 22 साल गुजर जाने के बाद भी 1000 से अधिक पीड़ितों की अभी पहचान नहीं की जा सकी है। सोमवार को अमेरिका में 9/11 हमले की 22वीं बरसी मनाई गयी। न्यूयॉर्क के लोअर मैनहट्टन स्थित स्मारक और संग्रहालय में स्मृति समारोह आयोजित किया गया, जहां 2001 के हमलों में मारे गए 2,977 लोगों को श्रद्धाजंलि दी गयी। मेयर कार्यालय की ओर से जारी बयान के बरसी से कुछ दिन पहले दो पीड़ितों - एक पुरुष और एक महिला की पहचान की गयी है। सितंबर 2021 के बाद से ये वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पीड़ितों की पहली नयी पहचान थे , हालांकि 1,104 मृतकों में से 40 प्रतिशत की अभी भी पहचान नहीं की जा सकी है। ग्रेटर न्यूयॉर्क के यूनिफ़ॉर्मड फ़ायरफाइटर्स एसोसिएशन ने सोमवार को फेसबुक पोस्ट में लिखा जब उस भयानक दिन पर टावर गिरे, तो हमने न्यूयॉर्क शहर के 343 अग्निशामकों को खो दिया।

### ट्रम्प ने राष्ट्रपति चुनाव में तोड़फोड़ मामले में न्यायाधीश को हटाने की मांग की

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में तोड़फोड़ मामले में संघीय न्यायाधीश को हटाने की मांग की है। ट्रम्प के वकीलों ने सोमवार को अमेरिकी जिला न्यायाधीश तान्या छुटकन की टिप्पणियों पर तर्क दिया। टिप्पणियां पिछली 06 जनवरी को दो प्रतिवादियों को सजा सुनाते समय की गई थी। न्यायाधीश छुटकन ने संकेत दिया कि उनका मानना है कि ट्रम्प पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए और कैद किया जाना चाहिए। पूर्व राष्ट्रपति के वकीलों ने अदालत में दायर याचिका में कहा कि न्यायाधीश छुटकन ने अन्य मामलों के संबंध में सुझाव दिया है कि श्री ट्रम्प पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए और उन्हें जेल में डाल दिया जाना चाहिए। मामला शुरू होने से पहले और उचित प्रक्रिया के बिना दिए गए ऐसे बयान स्वाभाविक रूप से अयोग्य ठहराने वाले हैं। ट्रम्प पर अमेरिकी विशेष वकील जैक स्मिथ द्वारा 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को विकृत करने के कथित प्रयास को लेकर चार आरोप लगाए गए हैं। वह आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति हैं।

### बंगलादेश , फ्रांस ने दो समझौतों पर किये हस्ताक्षर

ढाका। बंगलादेश और फ्रांस ने बुनियादी ढांचे और उपग्रह सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए। यूनाइटेड न्यूज ऑफ बंगलादेश (यूएनबी) की रिपोर्ट के अनुसार ढाका में बंगलादेशी प्रधान मंत्री शेख हसीना और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉं की उपस्थिति में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए। इस कार्यक्रम में बंगलादेश के आर्थिक संबंध प्रभाग और फ्रांस विकास एजेंसी के बीच शहरी प्रशासन तथा बुनियादी ढांचे कार्यक्रम में सुधार पर एक क्रेडिट सुविधा समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा बंगबंधु-2 अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट सिस्टम से संबंधित बंगलादेश सैटेलाइट कंपनी लिमिटेड और फ्रांस के एयरबस डिफेंस एंड स्पेस एसएएस के बीच सहयोग के आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इससे पहले, सुश्री हसीना और मैक्रॉं ने दोनों देशों के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों को तलाशने के लिए बातचीत की। बंगलादेश का दौरा करने वाले पहले फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रोन नयी दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद भारत से रविवार शाम ढाका पहुंचे।

## इस साल बेंगलुरू भी करेगा सुब्रतो कप की मेजबानी

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 62वां संस्करण 19 सितंबर से 23 अक्टूबर के बीच दिल्ली और गुरुग्राम के अलावा बेंगलुरु में भी खेला जायेगा।




एयर मार्शल आर.के. आनंद वीएसएम एंव सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसायटी (एसएमएसईएस) के वाइस चेयरमैन ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा 62वां सुब्रतो कप वास्तव में ऐतिहासिक होगा क्योंकि यह पहली बार भारत के दक्षिण, बेंगलुरु में खेला जाएगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की पहुंच देश के अधिक से अधिक कोनों तक फैलाने की हमारी लंबे समय से इच्छा रही है और इस साल बेंगलुरु में मुख्य सब जूनियर बॉयज टूर्नामेंट की मेजबानी उस दिशा में पहला कदम है।

यह पहली बार होगा, राष्ट्रीय टूर्नामेंट राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के बाहर खेला जाएगा। जहां अंडर-17 जूनियर लड़कों और लड़कियों के टूर्नामेंट दिल्ली/एनसीआर में आयोजित किए जाएंगे, वहीं अंडर-14 सब-जूनियर लड़कों की प्रतियोगिता बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी।

सुब्रतो कप का लाइव प्रसारण स्पोर्ट्सकास्ट इंडिया यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। प्रसार भारती और एआईएफएफ यूट्यूब चैनलों पर भी हाइलाइट्स देखी जा सकती है।

उन्होने बताया कि अंबेडकर स्टेडियम के अलावा, तेजस फुटबॉल ग्राउंड (दिल्ली), सुब्रतो फुटबॉल ग्राउंड (दिल्ली) और जी.डी.गोयनका स्कूल (गुरुग्राम) मैदान दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र में आयोजन स्थल होंगे। बेंगलुरु में मैच एएससी सेंटर एयर फ़ोर्स स्कूल, जलाहल्ली और एयर फ़ोर्स स्कूल, येहलंका में खेले जाएंगे।

प्रतियोगिता में देश के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) से तीन टूर्नामेंटों में कुल 109 टीमें भाग लेंगी। बांग्लादेश और नेपाल की टीमें भी विदेशी भागीदारी लेकर आएंगी। कुल 180 से अधिक फुटबॉल मैच खेले जाने हैं। नागालैंड के दीमापुर का पिलग्रिम हायर सेकेंडरी स्कूल जूनियर बॉयज़ टूर्नामेंट का मौजूदा चैंपियन है, 61वां संस्करण की जूनियर गर्ल्स श्रेणी झारखंड के गुमला के सेंट पैट्रिक स्कूल ने जीता था। दूसरी ओर पिछले संस्करण की सब जूनियर बॉयज़ श्रेणी का खिताब मणिपुर में इंफाल के हेइरोक हायर सेकेंडरी स्कूल ने अपने नाम किया था ।

### श्रीलंका के खिलाफ मैच में भी बाहर रहे अय्यर

कोलंबो। पीठ दर्द की समस्या से जूझ रहे भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को श्रीलंका के खिलाफ भी एशिया कप मैच से बाहर रखा गया है। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने एक्स पर कहा, श्रेयस अय्यर बेहतर महसूस कर रहे हैं लेकिन अभी भी पीठ की दर्द से पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं। उन्हें बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने आराम की सलाह दी है और वह कल श्रीलंका के खिलाफ मैच से बाहर रहे। एशिया कप सुपर फोर चरण में रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले अय्यर को पीठ में दर्द की समस्या हुई थी। कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस के समय उनकी गैरमौजूदगी की पुष्टि करते हुये कहा था कि श्रेयस अय्यर पीठ दर्द की समस्या से परेशान हैं, इसलिए केएल राहुल उनकी जगह खेलेंगे। अय्यर की जगह पाकिस्तान के खिलाफ अंतिम एकादश में जगह बनाने वाले केएल राहुल ने सोमवार को अपने करियर का छठा शतक बनाया था। विराट कोहली और केएल राहुल के बीच साझेदारी की बदौलत भारत ने सोमवार को अपने पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 228 रन से जीत दर्ज की थी।

## महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का पहला मुकाबला थाईलैंड से

**रांची।** रांची में 27 अक्टूबर से शुरू होने वाली झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में भारतीय टीम अपने पहले मैच में थाईलैंड से लोहा लेगी।

एशियाई हॉकी महासंघ और हॉकी इंडिया ने मंगलवार को एशियाई चैंपियंस ट्राफी के कार्यक्रम की घोषणा की।

टूर्नामेंट की शुरुआत मलेशिया और जापान के पहले गेम के साथ होगी, जबकि मेजबान भारत झारखंड के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में थाईलैंड से भिड़ेंगा। प्रतियोगिता में कोरिया, मलेशिया, थाईलैंड, जापान, चीन और भारत के बीच ट्रॉफी जीतने की प्रतिस्पर्धा होगी। छह टीमों का टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से शुरू होकर पांच नवंबर को समाप्त होगा।

सभी टीमें वन पूल का हिस्सा हैं और शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जहां तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी और दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें एक-दूसरे से खेलेंगी। डिफेंडिंग चैंपियन जापान को टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे शानदार टीम कोरिया से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिसने 2010, 2011 और 2016 में टूर्नामेंट के छह में से तीन संस्करण जीते हैं। भारत बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक कांस्य और एफआईएच हॉकी महिला राष्ट्र कप स्पेन 2022 में खिताबी जीत के बाद अच्छी फॉर्म में है।

मेजबान टीम ने 2016 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती है और 2018 में उपविजेता रही थी। वे 27 अक्टूबर को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे और दो नवंबर को ग्रुप चरण के आखिरी मैच में कोरिया से भिड़ेंगे।

एशियाई हॉकी महासंघ के अध्यक्ष, दातो फुमियो ओगुरा ने कहा यह एशियाई हॉकी समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, और हम प्रतिष्ठित महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में शीर्ष स्तर की हॉकी प्रतियोगिता देखने का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।

## ऐक्शन में बदलाव से आयी गेंदबाजी में धार : कुलदीप

कोलंबो। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप सुपर फोर मुकाबले में भारत की जीत में अहम योगदान देने वाले चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने कहा कि गेंदबाज़ी ऐक्शन में तकनीकी बदलाव और आक्रामक लय ने उनकी गेंदबाजी में सुधार किया है। बाएं हाथ का यह कलाईयों का स्पिनर इस साल भारत के लिए सबसे अधिक 27 वनडे विकेट ले चुका है। पाकिस्तान के ख़िलाफ़ हुए एशिया कप के सुपर-4 मैच में कुलदीप ने पांच विकेट चटकाये थे। कुलदीप ने कहा, मेरी सर्जरी को हुए 1.5 साल हो गए हैं। अब मेरा रन-अप सीधा हो गया है और मैं गेंदबाज़ी लय में अधिक आक्रामक नज़र आता हूं। पहले गेंद फेंकते वक़्त मेरा दाहिना हाथ गिर जाता था, लेकिन अब नियंत्रण में और बल्लेबाज़ के सामने रहता है। इसके बावजूद मैं अपनी स्पिन और ड्रिफ़्ट नहीं खोता हूं और मेरी गति भी अब बढ़ी है। इन सब चीज़ों के एक साथ होने से मुझे काफ़ी मदद मिली है। अगर कोई लेग स्पिनर गुड लेंथ पर गेंदबाज़ी करता है तो उसके विकेट लेने के मौक़े बढ़ जाते हैं।

## विराट के साथ खेलने से सहज महसूस करता हूं : राहुल

कोलंबो। करीब छह महीने के अंतराल के बाद एक दिवसीय क्रिकेट में शतकीय पारी के साथ वापसी करने वाले केएल राहुल ने कहा कि क्रीज पर मौजूद महान बल्लेबाज विराट कोहली की हौसलाफजाई से उनके आत्मविश्वास में इजाफा हुआ और वह पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत में अहम योगदान दे सके।

स्टार स्पोर्ट्स के साथ एक विशेष बातचीत में केएल राहुल ने विराट को महान बल्लेबाज बताते हुये कहा उन्होंने 13 हजार रन बनाए हैं। मैं उस आदमी के बारे में कुछ नहीं कह सकता, वह बिल्कुल अद्भुत है। यह बताने के लिए शब्द कम हैं कि वह कितना महान क्रिकेटर है। मैंने हमेशा मध्यक्रम में उनके साथ खेलने में सहज महसूस किया है। ऐसा नहीं है कि वह केवल अपने लिए ही कड़ी मेहनत करता है, वह अपने साथी की दौड़ में भी बहुत मेहनत करता है। हमारे बीच अच्छा तालमेल है।




उन्होने कहा मैच के दौरान उन्होंने मुझे कुछ समय दिया। मैंने कहा था कि मुझे त्वरित सिंगल्स हासिल करने के लिए कुछ समय चाहिए क्योंकि मुझे अपने शरीर में आरामदायक और आत्मविश्वास महसूस करने की ज़रूरत है, और वह इसे समझते थे। उसके बाद हमने लय हासिल कर ली। वह वही कर रहे थे जो वह सबसे अच्छा करते हैं और इससे मुझे खेल में उतरने का कुछ समय मिल गया और मैंने अपने शॉट्स खेलना शुरू कर दिया। हम बस खुद को याद दिला रहे थे कि हमें उचित क्रिकेट शॉट्स खेलने होंगे और अपनी ताकत के अनुसार खेलना होगा।

भारत ने सोमवार को एशिया कप सुपर फोर चरण के मुकाबले में पाकिस्तान को 228 रन से हराया था। करीब छह महीने के लंबे अंतराल के बाद एक दिवसीय क्रिकेट में वापसी कर रहे केएल राहुल ने इस अहम मुकाबले में 111 रनो की नाबाद पारी खेली। उन्होने कहा जाहिर तौर पर, लंबे समय के बाद यह मेरा पहला अंतरराष्ट्रीय मैच था। इसलिए जब मैं बल्लेबाजी करने उतरा तो मुझे शुरुआती घबराहट थी।

मुझे खुद को शांत करने और अपने पैरों को हिलाने, अपना दिमाग ठीक करने में 10-15 गेंदें लगीं। फिर, मैंने एक या दो चौके लगाए, जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। लेकिन जैसे ही मैंने अपनी लय हासिल की, बारिश शुरू हो गई। प्रदीप

## इंडिया को मिडिल-ईस्ट से जोड़ने वाले कॉरिडोर पर तुर्किये नाराज

### राष्ट्रपति एर्दोगन बोले- हमारे बिना पूर्व से पश्चिम नहीं जा सकते

भारत-मिडिल ईस्ट -यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को जी20 समिट की बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। अब इस पर तुर्किये ने आपत्ति जाहिर की है। तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा है कि उनके बिना कोई कॉरिडोर नहीं बन सकता है।

उन्होंने कहा पूर्व से पश्चिम की ओर जाने वाले किसी भी ट्रैफिक को तुर्किये से होकर गुजरना ही होगा। भारत,यूएई, सऊदी अरब, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, इटली और यूरोपीय यूनियन सहित कुल 8 देशों के इस प्रोजेक्ट का फायदा इजरायल और जॉर्डन को भी मिलेगा।




#### मुंबई से शुरू होगा कॉरिडो यूरोप तक जाएगा

मुंबई से शुरू होने वाला यह नया कॉरिडोर चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का विकल्प होगा। यह कॉरिडोर 6 हजार किमी लंबा होगा। इसमें 3500 किमी समुद्र मार्ग शामिल है।

कॉरिडोर के बनने के बाद भारत से यूरोप तक सामान पहुंचाने में करीब 40 प्रतिशत समय की बचत होगी। अभी भारत से किसी भी कार्गो को शिपिंग से जर्मनी पहुंचने में 36 दिन लगते हैं, इस रूट से 14 दिन की बचत होगी। यूरोप तक सीधी पहुंच से भारत के लिए आयात-निर्यात आसान और सस्ता होगा।

#### इन सात वजहों से भारत इस प्रोजेक्ट से जुड़ा

सबसे पहले भारत और अमेरिका इंडो-पैसेफिक क्षेत्र में काम कर रहे थे, लेकिन पहली बार दोनों मिडिल ईस्ट में साझेदार बने हैं।

भारत की मध्य एशिया से जमीनी कनेक्टिविटी की सबसे बड़ी बाधा पाकिस्तान का तोड़ मिल गया है। वह 1991 से इस प्रयास को रोकने की कोशिश कर रहा था।

भारत के ईरान के साथ संबंध सुधरे हैं, लेकिन अमेरिका के प्रतिबंधों के कारण ईरान से यूरेशिया तक के रूस-ईरान कॉरिडोर की योजना प्रभावित होती जा रही है।

अरब देशों के साथ की भागीदारी बढ़ी है, यूएई और सऊदी सरकार भी भारत के साथ स्थायी कनेक्टिविटी बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

अमेरिका को उम्मीद है कि इस मेगा कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट से अरब प्रायद्वीप में राजनीतिक स्थिरता आएगी और संबंध सामान्य हो सकेंगे।

यूरोपीय यूनियन ने 2021-27 के दौरान बुनियादी ढांचे के खर्च के लिए 300 मिलियन यूरो निर्धारित किए थे। भारत भी इसका भागीदार बना।

नया कॉरिडोर चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का विकल्प है।

## लीबिया में तूफान-बाढ़ से 3 हजार की मौत

### 10 हजार लोग लापता, इनमें 123 सैनिक; हालात इतने खराब कि मदद पहुंचाना भी मुश्किल

काहिरा। लीबिया में 9 सितंबर को आए डेनियल तूफान और इसके बाद बाढ़ से अब तक 3 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 7 से 10 हजार लोग लापता हैं। सिर्फ 700 शव ऐसे हैं, जिनकी शिनाख्त हो सकी है। रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे 123 सैनिक भी लापता हैं। 12 फौजियों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है। सबसे बड़ी दिक्कत ये है कि देश में मौजूद चुनिंदा एयरपोर्ट्स इस लायक नहीं बचे हैं कि वहां कोई हैवी या कार्गो एयरक्राफ्ट लैंड कर सके। यही वजह है कि यहां मदद पहुंचाना भी मुश्किल है।



#### पूर्वी हिस्से में हालात बेकाबू

'द गार्डियन' और 'अल अरब मॉनिटर' की रिपोर्ट्स के मुताबिक लीबिया के पूर्वी हिस्से में हालात अब तक बेकाबू हैं और यही वजह है कि मरने वालों का आंकड़ा महज 24 घंटे में 700 से 3000 हो गया। लापता लोगों की तादाद भी सोमवार से मंगलवार के दरमियान 200 से सीधा 10 हजार पर पहुंच गई। यहां पोर्ट सिटी डेर्ना भी है। इसमें दो डैम थे और दोनों ही फूट चुके हैं। इसकी वजह से करीब-करीब पूरा शहर बाढ़ में घिर गया है। अकेले इसी शहर में 700 लोगों की मौत हुई है।

### बंगलादेश में तीनों सेना के 25 सेवानिवृत अधिकारी बीएनपी में शामिल

ढाका। बंगलादेश में सेना, नौसेना और वायुसेना के 25 सेवानिवृत अधिकारी बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी में शामिल हो गये। ये अधिकारी सोमवार की शाम राजधानी ढाका में बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान लंदन से इस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। बीएनपी में शामिल होने वाले अधिकारियों में 19 सेना, दो नौसेना और चार सेवानिवृत्त वायु सेना अधिकारी शामिल हैं। इस अवसर पर बीएनपी स्थायी समिति के सदस्य मिर्जा अब्बास, एयर वाइस मार्शल के उपाध्यक्ष अल्ताफ हुसैन चौधरी, फ्लाइट लेफ्टिनेंट हारुनूर रशीद और अन्य हस्तियां मौजूद रही।

### बाढ़ के बाद नौ हजार से अधिक लोग लापता

बेंगाजी। उत्तरी अफ्रीकी देश लीबिया के पूर्वी शहर डर्ना में बाढ़ के बाद नौ हजार से अधिक लोग लापता हैं। रेड क्रिसेंट आंदोलन के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पूर्वी लीबियाई सरकार के प्रधान मंत्री ओसामा हमद सोमवार को कहा था कि डर्ना में बाढ़ से मरने वालों की संख्या दो हजार से अधिक हो गई है। प्रवक्ता ने कहा, हमें अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। बाढ़ में नौ हजार से अधिक लोगों के लापता होने खबरें हैं। बड़े खोज अभियान की आवश्यकता है। वर्ष 2011 के विद्रोह के बाद से, जिसमें लंबे समय तक शासक मोअम्मर गद्दाफी को अपदस्थ कर दिया गया और बाद में उनकी हत्या कर दी गई, लीबिया में केंद्र सरकार का अभाव है और परिणामी अराजकता का मतलब देश की सड़कों और सार्वजनिक सेवाओं में निवेश में कमी और निजी भवन का न्यूनतम विनियमन भी है। देश अब पूर्व और पश्चिम में प्रतिद्वंद्वी सरकारों के बीच विभाजित हो गया है, प्रत्येक को मिलिशिया की एक श्रृंखला का समर्थन प्राप्त है।

### पाकिस्तान में 11 ड्रग तस्कर गिरफ्तार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पादक पदार्थ निरोधी बल विभिन्न अभियानों के तहत देशभर में मादक पदार्थों के 11 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। एएनएफ के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत एएनएफ के अधिकारियों ने 70 ग्राम ड्रग्स जब्त किया, जिसमें मेथामफेटामाइन से भरे कैप्सूल, चरस, अफ़ीम और हेरोइन शामिल है। इस दौरान कई वाहनों को ज़ब्त किया गया। उन्होंने बताया कि एएनएफ ने अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ मिलकर देश के पूर्वी प्रांत के कसूर जिला में छापा मारा और 11 किलोग्राम ड्रग्स के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया। एक अन्य अभियान में सियालकोट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से एएनएफ ने बहरीन से आए एक यात्री के पास से 2.5 किलोग्राम क्रिस्टल मेथामफेटामाइन बरामद किया गया। अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर और चगाई जिलों में कार्रवाई में लगभग 30 किलोग्राम हशीश और अफीम बरामद की। पश्चिमोत्तर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग छापों के दौरान 20 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया। कार्रवाई के दौरान कई आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। जांच की जा रही है।

### रूस के साइबेरिया में विमान की आपात लैंडिंग

मॉस्को। रूस के रिसॉर्ट शहर सोची से साइबेरियाई शहर ओम्स्क जा रहे एक यात्री विमान को हाइड्रोलिक सिस्टम में खराबी के कारण नोवोसिबिर्स्क क्षेत्र में आपातस्थिति में एक खेत में उतारना पड़ा। विमान में सवार सभी यात्रियों की सांसें थम गयी थीं। यूराल एयरलाइंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सर्गेई स्कर्तोव ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूसी एयर कैरियर यूराल एयरलाइंस द्वारा संचालित एयरबस ए320 विमान को एक खेत में आपात लैंडिंग करनी पड़ी। विमान में चालक दल के छह सदस्यों और 23 बच्चों सहित 167 लोग सवार थे। क्षेत्रीय स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि घटना में कम से कम पांच लोग घायल हो गए है। विमान में सवार किसी भी बच्चे को चोट नहीं आई है। स्कर्तोव संवाददाताओं से कहा. ओम्स्क के पास पहुंचने पर, लैंडिंग के दौरान, विमान पर हरा हाइड्रोलिक सिस्टम विफल हो गया। सामान्य तौर पर, विमान में तीन हाइड्रोलिक सिस्टम होते हैंः हरा, पीला और नीला। उन्होंने कहा कि विमान कमांडर ने नोवोसिबिर्स्क में एक वैकल्पिक हवाई क्षेत्र में उतरने का निर्णय लिया लेकिन बाद में महसूस किया कि ईंधन पर्याप्त नहीं होगा। उन्होंने बताया कि विमान के यात्रियों को 100,000 रूबल (1,058 डॉलर) का भुगतान किया जाएगा। ऐसी ही एक घटना रूस में चार साल पहले हुई थी। तब रूसी विमान ए-321 के पक्षियों के टकराने के बाद विमान को आपातस्थिति में मक्के के खेत में उतारना पड़ा था। अधिकारियों ने कहा कि विमान में 233 लोग सवार थे। हादसे में 23 लोग घायल हो गए थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
बुधवार 13 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### पिकअप समेत 22 बोटा खैर की लकड़ी बरामद, सात लोगो पर केस दर्ज

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



**बलरामपुर।** बनकटवा रेंज की संयुक्त टीम ने पिकअप से ले जा रहे 22 बोटा खैर की लकड़ी को बरामद किया है। टीम को देखकर अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से सभी लोग फरार हो गए। इस मामले में सात लोगो के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। एसडीओ एमबी सिंह ने मंगलवार को बताया कि चौधरीडीह मार्ग पर रात्रि गश्त के दौरान वन कर्मियों ने लकड़ी लदी एक पिकअप को पकड़ लिया। वन कर्मियों को देखते ही पिकअप पर सवार चालक व अन्य अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गए। पिकअप में 22 बोटा जंगली खैर की लकड़ी बरामद की गई है। पिकअप व लकड़ी को बनकटवा रेंज में लाकर सीज कर दिया गया है। सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

### मुर्मु ने डिंडोरी की कृषक लहरी बाई को किया सम्मानित

भोपाल। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज प्रदेश के डिंडोरी की कृषक लहरी बाई को श्रीअन्न प्रजातियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए वर्ष 2021-22 का पादप जीनोम संरक्षक किसान सम्मान प्रदान किया। लहरी बाई को कृषक अधिकार वैश्विक संगोष्ठी के अलंकरण समारोह में सम्मान स्वरूप 1,50,000 रुपये की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदाय किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली के सी. सुब्रामण्यम ऑडिटोरियम में हुआ। इसमें केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर उपस्थित थे। डिंडोरी जिले की बजाग तहसील निवासी श्रीमती लहरी बाई ने बैगा समुदाय की सहायता से कोदो, कुटकी, सांवा, काग, सिकिया, मडुआ जैसे दुर्लभ श्रीअन्न प्रजातियों का सीड बैंक विकसित किया है। दिल्ली में 12 से 15 सितंबर, 2023 तक चलने वाली वैश्विक संगोष्ठी में श्रीमती लहरी बाई ने अपने सीड बैंक की प्रदर्शनी भी लगाई है। किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने श्रीमती लहरी बाई की अभूतपूर्व उपलब्धि पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मिलेट्स संरक्षण के लिए श्रीमती लहरीबाई द्वारा अदभुत कार्य किया गया है। उनके कार्य की सराहना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी प्रसिद्ध रेडियो प्रोग्राम मन की बात में कर चुके हैं। लहरी बाई ने सम्पूर्ण मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है।

### प्रायमरी शिक्षक और चपरासी डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बैतूल। मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के एकलव्य मॉडर्न आवासीय स्कूल शाहपुर में आज प्रायमरी शिक्षक व एक चपरासी को डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। लोकायुक्त पुलिस भोपाल की टीम ने एकलव्य मॉडर्न आवासी स्कूल शाहपुर में प्रायमरी शिक्षाक इंद्रमोहन तिवारी एवं चपरासी गुल्लू सिंह को एक सप्लायर से डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। सूत्रों ने बताया कि सप्लायर आलोक कुमार सिंह निवासी भोपाल ने 8 सितंबर को लोकायुक्त में शिकायत देकर बताया था कि मां वैष्णो ट्रेडिंग एजेंसी के माध्यम से शासकीय विभागों में उपकरण और सामग्री की सप्लाई करता है। एकलव्य मॉडर्न आवासीय स्कूल शाहपुर में मेस का संचालन होता है। उसने यहां सामग्री एवं उपकरण सप्लाई किया था। भुगतान करने के एवज में यहां पदस्थ प्राथमिक शिक्षक इंद्रमोहन तिवारी 10 प्रतिशत कमीशन के मान से 4 लाख रुपए और मेस संचालन के लिए डेढ़ लाख रुपए रिश्वत की मांग कर रहा। शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त ने सत्यापन कराया और शिकायत सही मिलने पर प्राथमिक शिक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ने के लिए आज जाल बिछाया। आरोपी इंद्र मोहन तिवारी को अपने साथी चपरासी गुल्लू सिंह के माध्यम से डेढ़ लाख रुपए लेते लोकायुक्त ने पकड़ लिया।

### मुहब्बत की दुकान की बात करने वाले बेचते हैं नफरत का सामान : शिवराज

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया पर हमला बोलते हुए कहा कि मुहब्बत की दुकान की बात करने वाले लोग नफरत का सामान बेचते हैं। चौहान ने द्रमुक नेताओं के बयानों के संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा की एक्स पोस्ट को कोट करते हुए कहा कि ये गठबंधन रंगे हुए लोगों का गठबंधन है, लेकिन जैसे ही ये बोलते हैं, इनकी सच्चाई सामने आ जाती है।सच्चाई कि ये सनातन विरोधी हैं, सच्चाई कि ये चुनाव के वक्त राम नाम जपते हैं, लेकिन राम नाम से चिढ़ते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सच्चाई ये है कि ये मोहब्बत की दुकान की करते हैं और सामान नफरत का बेचते हैं। दरअसल श्री नड्डा ने अपनी एक्स पोस्ट में कहा कि विपक्षी गठबंधन की मुम्बई बैठक के दो दिन बाद उदयनिधि स्टालिन का बयान आना, फिर प्रियांक खड़गे का सनातन पर आघात और आज द्रमुक के मंत्री द्वारा ये स्वीकार करना कि विपक्षी गठबंधन का गठन ही सनातन धर्म के विरोध में किया गया था, यह सोनिया गांधी, राहुल और कांग्रेस की एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी दलों के गठबंधन से इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने को भी कहा।

### दिव्यांग और वरिष्ठजन को 19 जिलों में मिलेंगे उपकरण

भोपाल। मध्यप्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री प्रेमसिंह पटेल ने बताया कि केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 17 सितम्बर को 19 जिलों में दिव्यांगजन और वरिष्ठजनों के लिए शिविरों लगेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के 19 जिलों के 8 हजार 277 दिव्यांग और वरिष्ठजन को 9 करोड़ 53 लाख 79 हजार रूपये लागत के सहायक उपकरण मिलेंगे। इससे हितग्राहियों का जीवन आसान हो जायेगा। इन जिलों का चुनाव केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने एडिप (स्कीम ऑफ असिस्टेंस टू डिसेबल्ड पर्सन फॉर परचेज/ फिटिंग ऑफ एडस एण्ड एपलॉइनसेस) और राष्ट्रीय वयोश्री योजना में किया है। आगामी 17 सितम्बर को अशोकनगर, टीकमगढ़, शिवपुरी, इंदौर, खंडवा, उमरिया, कटनी, नर्मदापुरम, गुना, निवाडी, नीमच, डिण्डौरी, अलीराजपुर, विदिशा, मंडला, सीधी, छतरपुर, श्योपुर और भोपाल में दिव्यांग और वरिष्ठजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया जायेगा। इनमें भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सहायक उपकरणों का वितरण किया जायेगा।

### जनहानि रोकने के साथ हाथियों की सुरक्षा पर भी वन विभाग सजग


पत्थलगांव। छत्तीसगढ़ के जशपुर वन मंडल में इन दिनों हाथी और मानवद्वंद रोकने के लिए वन विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। दरअसल जशपुर वन मंडल में पड़ोसी राज्य झारखंड और ओड़िसा से आए 17 हाथियों के तीन दलों ने यहां के जंगलों में ही डेरा डाल दिया है। पड़ोसी राज्य के इन मेहमान हाथियों के साथ जशपुर वन मंडल में हाथियों की संख्या बढ़ कर अब 55 हो गयी है। पत्थलगांव, फरसाबहार, बगीचा क्षेत्र में 10 अलग अलग दलों में विचरण कर रहे इन हाथियों से जनहानि रोकने के लिए वन विभाग ने जंगल प्रवेश के ज्यादातर रास्तों पर बेरियर लगा कर लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। वहीं बिजली करंट से हाथियों की सुरक्षा के लिए भी वन विभाग ने अब पुख्ता कदम उठाए हैं। वन मंडल अधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय ने आज बताया कि जंगलों से लगे 20 गांवों को चिन्हित कर कम ऊंचाई वाली विद्युत लाइन के बिजली खंभों को बदल दिया गया है। इससे जंगल के आसपास विद्युत लाइन की चपेट में आकर हाथियों की मौतों को रोका जा सकेगा।

# '25 गायों की डेयरी की स्थापना पर 50 प्रतिशत अनुदान देगी योगी सरकार

## गायों की खरीद से लेकर उसके संरक्षण और भरण-पोषण के लिए अनुदान देगी योगी सरकार

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश में गौवंशीय पशुओं की नस्ल सुधार व दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि के लिए नन्द बाबा मिशन के तहत नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का शासनादेश जारी कर दिया है। इससे जहां प्रदेश में उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता के गौवंश में सुधार होगा, वहीं दूसरी ओर पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी। योजना के पहले चरण में योगी सरकार लाभार्थी को 25 दुधारू गायों की 35 इकाइयां स्थापित करने के लिए गायों की खरीद से लेकर उनके संरक्षण एवं भरण पोषण जैसे मदों में सब्सिडी देगी। यह सब्सिडी तीन चरणों में दी जाएगी। वहीं, शुरुआती चरण में यह योजना प्रदेश के दस मंडल मुख्यालयों के शहरों क्रमशः अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, झांसी, मेरठ, आगरा और बरेली में संचालित की जाएगी।

दुग्ध आयुक्त और मिशन निदेशक शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि



प्रदेश दुग्ध उत्पादन में देश में पहले स्थान पर है जबकि प्रदेश में प्रति पशु दुग्ध उत्पादकता कम है। इसकी मुख्य वजह प्रदेश में उच्च गुणवत्तायुक्त दुधारू पशुओं की कमी होना है। इसी कमी को पूरा करने एवं उन्नत नस्ल के अधिक से अधिक दुधारू गौवंश की इकाइयों की स्थापना के लिए नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का शुभारंभ किया गया है।

योजना के तहत दुधारू गायों में साहीवाल, गिर, थारपारकर एवं गंगातीरी प्रजाति की गायों को ही शामिल किया गया है। योगी सरकार ने योजना के तहत 25 दुधारू गायों की एक इकाई स्थापित करने में 62, 50,000 रुपये के खर्च का आंकलन किया है। ऐसे में, योगी सरकार लाभार्थी को कुल व्यय पर 50 प्रतिशत अनुदान यानी अधिकतम 31,25,000 रुपये देगी। योगी सरकार इस योजना का लाभ तीन चरणों में देगी। पहले चरण में इकाई के निर्माण पर परियोजना लागत का 25 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। वहीं दूसरे चरण में 25 दुधारू गायों की खरीद, उनके 3 वर्ष के बीमा और यातायात पर परियोजना लागत का 12.5 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। जबकि तीसरे चरण में परियोजना लागत की शेष 12.5 प्रतिशत राशि का अनुदान दिया जाएगा।

### अधिक आवेदन आने पर ई-लॉटरी से लाभार्थी का किया जाएगा चयन

योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी के पास कम से कम 3 वर्षों का गौपालन का अनुभव होना चाहिये। वहीं, गौवंशों की ईयर टैगिंग होना अनिवार्य है। इसके साथ ही इकाई की स्थापना के लिए 0.5 एकड़ भूमि होना आवश्यक है। साथ ही, लाभार्थी के पास लगभग 1.5 एकड़ भूमि हरित चारा के लिए होना चाहिये। यह जमीन उसकी खुद की (पैतृक) हो सकती है या फिर उसने उसे 7 वर्षों के लिए लीज पर लिया हो। इस योजना का लाभ पूर्व में संचालित कामधेनु, मिनी कामधेनु एवं माइक्रो कामधेनु योजना के लाभार्थी नहीं उठा सकेंगे। लाभार्थी का चयन ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन के माध्यम से किया जाएगा। वहीं, आवेदन की संख्या अधिक होने पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा ई-लॉटरी के जरिये चयन किया जाएगा।

## मोदी का वादा अडानी से ,किसानों और गरीबों से नहीं : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वादा देश के किसानों, गरीबों और आम आदमी से नहीं बल्कि अमेरिका तथा अडानी से है और उसे वह पूरा कर रहे हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार को पहले अपने देश के आम लोगों का हित सोचना चाहिए और उसके बाद ही उसे दूसरे देश के हितों को साधने का काम करना चाहिए। सरकार को अपने सेब उत्पादों को फायदा पहुंचाने का काम करना चाहिए जबकि वह अमेरिका तथा अपने चहेते पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है।

उन्होंने मोदी के वक्तव्य का उल्लेख करते हुए कहा, मैंने कमिटमेंट कर दी तो मैं खुद की भी नहीं सुनता- मोदी जी ने ऐसा कमिटमेंट अडानी और अमरिका से किया है। जब मोदी जी प्रधानमंत्री नहीं थे तो कहते थे- सेब पर 100 प्रतिशत इंपोर्ट ड्यूटी लगा देंगे। लेकिन... अब खबरें हैं कि मोदी जी ने अमेरिक को कमिटमेंट किया है कि अमेरिका के सेब पर 15 प्रतिशत इंपोर्ट ड्यूटी कर दी गई है, जो कभी 70 प्रतिशत थी। इसका सीधा नुकसान



आपदा पीड़ित हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर के सेव उत्पादक किसानों को होना है।''

श्रीनेत ने कहा, मेजबान हो तो नरेंद्र मोदी जैसा। अमेरिका के राष्ट्रपति हिंदुस्तान आते हैं और अपने देश के किसानों के लिए उपहार लेकर चले जाते हैं। अमेरिका के सेब पर 15 प्रतिशत इंपोर्ट ड्यूटी कर दी जाती है। मोदी जी, अमेरिका के किसानों को उपहार दे रहे हैं और अपने देश के किसानों पर चाबुक चला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि किसानों ने अडानी के खिलाफ प्रदर्शन किया, तो ये बात मोदी तक पहुंच गई। प्रधानमंत्री ने कहा- 'अगर मेरे मित्र के खिलाफ आवाज उठाई, तो तुम्हें मैं सबक सिखाऊंगा।' अडानी और अमेरिका से कमिटमेंट पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री ने अपने किसानों पर चाबुक चलाने का काम कर दिया।

## नाविकों एवं गोताखोरों को जिलाधिकारी ने बांटी सेफ्टी किट

### आपदा के दौरान मसीहा बनकर काम करेंगे नाविक एवं गोताखोर



**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

बलरामपुर। आपदा जैसी विपरीत परिस्थितियों में मसीहा बनकर सामने आने वाले 31 नाविकों और 10 गोताखोरों को सेफ्टी किट वितरित की गई। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने स्वयं अपने हाथों से कलेक्ट्रेट में नाविकों एवं गोताखोरों को सेफ्टी किट प्रदान किया गया।

मंगलवार को नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण नीति के अंतर्गत जनपद के गोताखोरों एवं नाविकों को सेफ्टी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी अरविन्द सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में संपन्न हुआ जिसमें 41 सेफ्टी किटों का वितरण किया गया। इस अवसर जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने कहा मुख्यमंत्री के निर्देशन में नाव दुर्घटनाओं एवं जनहानियों में कमी लाने के उद्देश्य से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से चिन्हित नाविकों एवं गोताखोरों को सेफ्टी किट का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि नाविकों को किट में लाइफ जैकेट, पतवार, लाइफ बॉय, रस्सी, टॉर्च, फर्स्ट एड किट एवं बांस शामिल है। इसी प्रकार गोताखोरों को लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय, रस्सी, टॉर्च एवं फर्स्ट एड किट दी गई है। जिलाधिकारी ने नाविकों को सचेत करते हुए कहा कि नाव चलाते समय लाइफ जैकेट और लाइफ बॉय जैसे सुरक्षा के संसाधन अवश्य साथ में रखें। क्षतिग्रस्त नावों का प्रयोग न करें। सुरक्षा के दृष्टिगत निर्देशों का पालन अवश्य करें। नाव पर क्षमता से अधिक व्यक्तियों को न बैठाएं। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में दूसरों की भी बचाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए स्वयं को सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि बलरामपुर जनपद वर्षा एवं बाढ़ के दृष्टिगत संवेदनशील है, इसलिए हमें पूरी तैयारी व मजबूती के साथ बाढ़ से निपटने की तैयारी रखनी है। कहा कि बाढ़ आदि से निपटने में यह सेफ्टी किट महत्वपूर्ण है।

### दिग्विजय व कमलनाथ को ईडी से डर क्यों है

बड़वानी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने पूछा है कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व दिग्विजय सिंह को ईडी या अन्य संवैधानिक संस्थाओं से डर क्यों है। शर्मा ने बड़वानी जिले के निवाली में पत्रकारों से चर्चा में दिग्विजय सिंह के ईडी व अन्य संवैधानिक संस्थाओं को लेकर टिप्पणी पर पूछा कि उन्हें तथा कमलनाथ को इनसे डर क्यों है। उन्होंने कहा ईडी और सीबीआई जैसी संवैधानिक संस्थाएं अपना काम करती है लेकिन दिग्विजय सिंह और कमलनाथ जैसों को हमेशा यही दिखाई देता है, क्योंकि इन्होंने जिंदगी में चोरी ही की है। उन्होंने आगे कहा ईडी और सीबीआई का छापा किसी पर पड़ता है तो आपके पेट में क्यों दर्द होता है और आप डरते क्यों हैं, क्योंकि आपके मन में चोर है। उन्होंने कहा, आपने चोरी की है इसलिए आपको ईडी का डर पहले से ही दिखाई देने लगता है। उन्होंने कहा कि भाजपा संवैधानिक व्यवस्थाओं पर विश्वास करती है जबकि कांग्रेस इसका दुरुपयोग करती थी। उन्होंने कहा, 15 महीने की सरकार में 15000 करोड़ के घोटाले हुए, कमलनाथ के निजी सचिव के पास 281 करोड़ रुपए पकड़े गए, अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला और दिग्विजय सिंह का इंदौर का ट्रेजर आइलैंड घोटाला भी सामने आया, तो डर तो लगेगा ही।

## नगर-नगर, शहर-शहर घर आंगन तक निकली अमृत वाटिका की कलश यात्रा

**सोनभद्र ।** जनपद के शिवद्वार मंडल में राज्यसभा सांसद रामसकल ने आज आगाज किया अमृत वाटिका के लिए देश की माटी संकलित करने के समुद्देश्य से कलश यात्रा का जिसमें शिवद्वार मण्डल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में चली द्विदिवसीय कलश यात्रा। शिवद्वार धाम से शुरू यात्रा बर्दिया , देवगढ़ , हिनौती , चिंगोरी , पड़वनिया , लिलवाही एवं अन्य सटे तथा मध्यप्रदेश के सीमावर्ती ग्रामों तक विचरण - चक्रमण करती रही भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न गांवों में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत।

इसका उद्देश्य उन स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान किया। हर घर आँगन निकाल कर एकत्रित की जा रही है मिट्टी, जो अमृत वाटिका राजपथ पर शहीदों के सम्मान में प्रसृत होगी।

सोनभद्र - सोनञ्चल में 8 सितम्बर से शुरू यात्रा में तन्मयता से शिरकत कर चुके हैं सदर विधायक भूपेश चौबे, जिलाध्यक्ष अजित चौबे , दुद्धी विधायक रामदुलारे गौड़ भाजपा पदाधिकारियों , कार्यकर्ताओं के साथ समूचे सोनञ्चल में तो जिलामुख्यालय पर नगरपालिका परिषद अध्यक्ष व पूर्व



विधायक रूबी प्रसाद ने रॉबर्ट्सगंज सभागार में सभासदों को शपथ दिलाते आरम्भ किया था कलश यात्रा । घोरावल विधायक डॉ0 अनिल कुमार मौर्य द्वारा स्थानीय नगर - शहर में परिभ्रमण हो चुका है बैण्ड बाजे की धुन पर थिरकते उद्घोष करते कार्यकर्ताओं के साथ बाशिंदों की जमात में घोरावल मण्डल में तो इसके उपरांत दो दिन शिवद्वार मण्डल में चला सविधि आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में हर घर मिट्टी अभियान के तहत ।

गांव स्तर, ब्लाक स्तर, जिला स्तर पर व प्रदेश स्तर पर हर गली-चौराहों के घरों से एकत्र करते केंद्र स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाना और औपनिवेशिक मानसिकता का निशान हटाना ही भारत को गौरवशाली बनाना है।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद रामशकल एवं जिला महामंत्री अमरनाथ सिंह पटेल की अगुवाई में शिवद्वार मंडल मीडिया प्रभारी सुनील त्रिपाठी , महामंत्री श्रवण सिंह, मंडल उपाध्यक्ष संजय पाठक, शक्ति केंद्र संयोजक हिनौती उदीत, युवा समाजसेवी प्रवीण त्रिपाठी, रमाशंकर, बूथ अध्यक्ष हिनौती मनोज चौबे, मण्डल अध्यक्ष सुनील चौबे , अंजनी पटेल , दयालु , शिवकुमार कोल , अभिमन्यु गिरि , गोपाल सिंह , लहुरमन पाठक एवं ठाकुर प्रसाद सरीखे अग्रगण्य जनों के साथ बड़ी संख्या में गाँव - गाँव मे मौजूद रहे और पूर्ण सहभागिता निभाई मिट्टी एकत्रीकरण में ।

## विकास प्राथमिकता वाली योजनाओं की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

### निर्धारित समयावधि में कार्य पारदर्शिता व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से हों पूर्ण : जिलाधिकारी

सोनभद्र । जनपद कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासन की विकास प्राथमिकता वाली योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की जिलाधिकारी चंद्रविजय सिंह ने । इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहाकि विभिन्न विभागों की योजनाओं, परियोजनाओं की आनलाईन इंटीग्रेटेड माध्यम से सी0 एम0 डैशबोर्ड पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जायेगी । डीएम ने कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में महत्वपूर्ण योजनाओं, परियोजनाओं, सेवाओं की समीक्षा प्रत्येक माह सी0 एम0 डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर की जायेगी । विकास



कार्यों हेतु नोडल अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं कानून व्यवस्था हेतु अपर पुलिस अधीक्षक एवं राजस्व सम्बन्धी प्रोजेक्टों की समीक्षा हेतु अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नोडल अधिकारी होंगें। इस कथन के साथ ही डीएम ने अग्रेतर बताया कि सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से समीक्षा करवाने हेतु जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तकनीकी नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगें।

जिलाधिकारी ने जिले के विभिन्न विभागों की सी0 एम0 डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से बारी-बारी से बिन्दुवार समीक्षा की । बैठक में जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के सड़कों के निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की तो निर्माण कार्य की प्रगति शिथिल पाई गई जिसमें तेजी लाने के निर्देश दिए अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को । समीक्षा के दौर के दौरान जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति जानी तो प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति मन्थर मिली जिस पर जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक (डूडा) को तेजी लाने के निर्देश दिये ।

## कांग्रेस बाबा साहब के संविधान की आलोचना कर रहे हैं : अनुराग

बड़वानी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर में कहा है कि कांग्रेस व सहयोगी दल सनातन को मिटाने की बात कर दरअसल बाबा साहब के संविधान की आलोचना कर रहे हैं।

आज बड़वानी जिले के निवाली में जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान सभा को संबोधित करते हुए ठाकुर में कहा कि कांग्रेस राम के अस्तित्व पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर उसे काल्पनिक बताती है और उसके सहयोगी दल सनातन को जड़ से मिटाने की बात कर हिंदुओं पर प्रश्न चिन्ह खड़े करते हैं। उन्होंने कहा कि वह दरअसल ऐसा करके बाबा साहब के संविधान की आलोचना कर रहे हैं क्योंकि संविधान में किसी भी धर्म की आलोचना नहीं करने की सीख दी गयी है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पूर्व में भी बाबा साहब को अपमानित कर पार्टी से निकालने और हराने का काम किया है।

उन्होंने सवाल किया कि इन मुद्दों पर सोनिया गांधी और राहुल गांधी चुप कैसे हैं। उन्होंने आगे कहा कि दरअसल कांग्रेस व सहयोगियों के लिए इस तरह के बयान देकर चुनाव में वोट पाना जरूरी है, जबकि भाजपा के लिए सनातन धर्म की रक्षा आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विभिन्न धार्मिक स्थलों का निर्माण हुआ और राम अयोध्या में राम मंदिर इसका अगला चरण है।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश से लगे राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ 2



लाख अपराध हुए जिसमें 34 हजार दुष्कर्म के मामले हैं, लेकिन सोनिया गांधी या राहुल गांधी वहां नहीं पहुंचे। इसके विरुद्ध मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली लक्ष्मी और लाडली बहन योजनाओं जैसी योजना आरंभ कर उनका सम्मान बढ़ाया। उन्होंने जनता को कहा कि यदि इस तरफ राहुल गांधी आते हैं तो उनसे मध्य प्रदेश में कर्ज माफी और बेरोजगारी भत्ते के बारे में जरूर सवाल किए जाएं।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के सम्मान को उच्चतम स्तर तक बढ़ाने वाला नेता बताया और कहा कि जी 20 में दिल्ली रेजोल्यूशन को अपनाया गया, और यह आज तक का सबसे सफल आयोजन रहा।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने 2003 के पूर्व की सड़क पानी व बिजली की स्थिति उल्लेखित करते हुए कहा कि आज इसके विपरीत मध्य प्रदेश विकसित राज्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी सरकार ने पहली बार जनजातीय मंत्रालय आरंभ कराया और नरेंद्र मोदी ने आदिवासी वीर योद्धाओं और नायको की सम्मान की परंपरा की शुरुआत की।

## मोदी बीना रिफाइनरी में इथिलीन क्रैकर परियोजना का शिलान्यास करेंगे

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 सितम्बर को बीना रिफाइनरी में इथिलीन क्रैकर परियोजना का शिलान्यास करेंगे।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह अत्याधुनिक फ़ीड क्रैकर इकाई 1200 के.टी.पी.ए पॉली इथिलीन और पॉली प्रोपलीन का उत्पादन करेगी, जो प्लास्टिक, कपड़ा, पैकेजिंग और फार्मा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में काम आता है। वर्ष 2028 तक इस इकाई का व्यावसायिक उत्पादन प्रारंभ हो जायेगा।

यह परियोजना पर्यावरण के अनुकूल है। इस इकाई में पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव डालने के उद्देश्य से उन्नत एवं मॉडर्न तकनीकों का उपयोग किया जायेगा।

यह इकाई देश की आयात निर्भरता को कम करके भारत के आत्मनिर्भर भारत दृष्टिकोण को जीवंत करेगी। इसके साथ ही, यह मेगा परियोजना 40,000 से अधिक रोजगार का निर्माण करेगी और पेट्रोलियम क्षेत्र में डाउनस्ट्रीम उद्योगों के विकास को प्रेरित करेगी।

यह योजना बीना के पास बुंदेलखंड क्षेत्र में एक मेगा पेट्रोकेमिकल पार्क के विकास की संभावनाओं को भी जन्म देगी।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री श्री मोदी प्रदेश की 10 नयी औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। इसके अंतर्गत लगभग 1.02 लाख करोड़ का नया निवेश आएगा और 2.37 लाख नए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

नर्मदापुरम जिले में 227.54 एकड़ में विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण औद्योगिक क्षेत्र। यह पार्क 3,300 करोड़ के निवेश को आकर्षित करेगा और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 6,600 व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर मिलेंगे।

### दंतेवाड़ा से निकला भाजपा का परिवर्तन रथ

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में विजय के संकल्प के साथ आज बस्तर के दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी की आराधना और विशाल आम सभा के बाद भाजपा की परिवर्तन यात्रा के रथ को छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के प्रभारी ओम माथुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व में दंतेवाड़ा से आरंभ हुई परिवर्तन यात्रा में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार झूठ की सरकार है। बस्तर को विकास की यात्रा में फिर से शामिल करना है। 5 साल से बस्तर का विकास ठप है।

CMYK CMYK CMYK CMYK